दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — रायपुर ऑरेंज जोन में : हफ्ते में 5 दिन...
4 अभिव्यक्ति — संकट को अवसर मे बदलने की रणनीति...
9 मनोरंजन/खेल — सीरत कपूर ने फिटनेस मंत्र शेयर किया...
11 व्यापार — लगातार तीसरे सप्ताह लुढ़का शेयर...

www.navpradesh.com
रायपुर, सोमवार 25 मई 2020, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-104 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सही बात है। जब मुसीबत आती है तो चारों तरफ से आती है। भारत पर भी चौतरफा मुसीबत आई है। कोरोना के खिलाफ जंग लड़ने के साथ ही उसे अब अपने दोनों पड़ौसी देशों पाकिस्तान और चीन के साथ भी जंग जैसे हालातों का सामना करना पड़ रहा है। चीन की शह पर नेपाल भी आंख दिखा रहा है। यह वक्त है पूरे देश को एकजुट होने का लेकिन इस स्थिति में भी राजनीतिक पार्टियां ओछी राजनीति करने से बाज नहीं आ रही है। आपदा काल में भी राहत पर सियासत करने वाले धंधेबाजों ने शायद शर्म बेच खाई है।

मजदूरों-आदिवासियों की जेब में गए पैसे से बढ़ेगा शहरी व्यवसाय : सीएम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश के किसानों, मजदूरों और वनवासियों की जेब में पैसा आने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूती होगी बल्कि इससे ग्रामीण और शहरी व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी। पिछले साल हमने देखा है कि किसानों की कर्ज माफी और 2500 क्विंटल में धान खरीदी से देशव्यापी मंदी के बावजूद छत्तीसगढ़ इससे अछूता रहा यह इस साल भी होगा।

- **कहा- प्रदेश के किसानों के साथ न्याय हो, इसके लिए शुरू हुई योजना**
- **लॉकडाउन में किसानों, मजदूरों, वनवासियों के लिए रोजगार की माकूल व्यवस्था**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को यहां आकाशवाणी से प्रसारित विशेष भेंटवार्ता में कोरोना संकट के ■ शेष पृष्ठ 8 पर



कोरोना के साथ जीने की आदत डालनी होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हमें कोरोना के साथ जीने की आदत डालनी पड़ेगी। भीड़-भाड़ वाली जगह में जाने से बचे। मास्क अनिवार्य रूप से लगाए और अपने हाथों को धोते रहे। इन सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने से ही हम सभी इस संक्रमण पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

धीरे-धीरे बढ़ रही औद्योगिक प्रतिष्ठानों की क्षमता

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठान प्रारंभ हो चुके हैं। अभी ये पूरी क्षमता के साथ वह काम नहीं कर रहे हैं लेकिन जैसे-जैसे समय धीरे-धीरे बीतता जा रहा है वैसे वैसे उनकी क्षमता बढ़ती जा रही है। जो व्यवसाय शहरी मजदूरों को रोजगार देते हैं हमारी कोशिश है कि वो जल्दी से जल्दी खुले। बघेल ने बताया कि प्रवासी मजदूरों को लाने के लिए हमने 43 स्पेशल ट्रेन चलाने की सहमति दी है। विभिन्न प्रदेशों आने वाले मजदूरों के 16 हजार 499 क्वॉरेंटाइन सेंटर बनाए हैं जिसमें लोगों के रहने, भोजन और स्वास्थ्य जांच आदि की व्यवस्था की गई है।

अच्छी खबर

भारत को समय पर मिलेंगे राफेल : फ्रांस

नई दिल्ली ए.। भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनिन ने कहा कि भारत को 36 राफेल लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में कोई देरी नहीं होगी और जिस समय सीमा को तय किया गया था उसका सख्ती से पालन किया जाएगा। माना जा रहा था कि कोरोना वायरस महामारी की वजह से राफेल की आपूर्ति में देरी हो सकती है। भारत ने फ्रांस के साथ सितंबर 2016 में 36 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए एक अंतर सरकारी समझौता करीब 58,000 करोड़ रुपये की लागत से किया था। लेनिन ने बताया राफेल विमानों के कॉन्ट्रैक्ट का अब तक बिल्कुल सही तरीके से सम्मान किया गया है और वास्तव में अनुबंध के मुताबिक अप्रैल के अंत में फ्रांस में भारतीय वायु सेना को एक नया विमान सौंपा भी गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 अक्टूबर को फ्रांस में एक हवाई अड्डे पर पहला राफेल जेट विमान प्राप्त किया था। राजदूत ने कहा, हम भारतीय वायुसेना की पहले चार विमानों को यथाशीघ्र फ्रांस से भारत ले जाने की व्यवस्था करने में मदद कर रहे हैं।

कोरोना संकट के बीच झेलनी पड़ सकती है दोहरी मार

जमकर तप सकता है नवतपा छत्तीसगढ़ में लू की शुरुआत

तीन दिन तक बनी रह सकती है लू की स्थिति : मौसम विभाग

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नवतपा सोमवार 25 मई से शुरू हो रहा है। नवतपा को लेकर माना जाता है कि इस अवधि में जमकर गर्मी पड़ती है। इस साल भी यही होने जा रहा है। राज्य के कुछ संभागों में नवतपा शुरू होने से पहले ही यानी रविवार को लू की स्थिति बन गई है और मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन दिन तक लू प्रदेश में लू चल सकती है। ऐसे में लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव की जद्दोजहद के बीच अब लू से बचने के भी उपाय करने होंगे। रायपुर मौसम केंद्र के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक, अगले तीन दिन तक प्रदेश के रायपुर, दुर्ग व बिलासपुर संभाग के कुछ-कुछ स्थानों पर लू चल सकती है। उन्होंने बताया कि रविवार को शनिवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री क्रास कर 44.5 डिग्री ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दोहरी मार इसलिए

हर वर्ष गर्मी के सीजन में लोग दोपहर को बाहर निकलने पर राहत पाने के लिए नींबू शिकंजी, आम पना, लस्सी आदि पीते थे। आम लोगों को ये पेय पदार्थ सड़क किनारे आसानी से उपलब्ध हो जाया करते थे। रेहड़ी वालों के पास से इन्हें खरीदने पर पैसा भी ज्यादा नहीं लगता था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। एमआईसी सदस्य कल्लू सतनाम सिंह पनाग ने नवप्रदेश से बातचीत में कहा कि उनकी जानकारी में रेहड़ी वाले सिर्फ फल व सब्जी ही बेच सकते हैं, जिन्हें अत्यावश्यक सेवा में शामिल किया गया है। रेहड़ी वालों को अन्य खाद्य या पेय पदार्थ बेचने की अनुमति फिलहाल नहीं है। जिला प्रशासन के सूत्रों की भी मानें तो ऐसे रेहड़ी वालों को पेय व खाद्य पदार्थ बेचने देने की अनुमति फिलहाल नहीं है।

एक कारण यह भी

कोरोना संक्रमण से बचाव के मद्देनजर लॉकडाउन के बीच बाजारों को दिन में ही कुछ घंटे के लिए खोले जाने की अनुमति है, ऐसे में यदि खरीदारी करनी है तो लोगों को दिन में ही घर से बाहर निकलना होगा। शाम को बाजार बंद हो जाने से खरीदारी नहीं कर सकते।

राजस्थान के चूरू में 47 पहुंचा पारा

चूरू/ए.। *राजस्थान के चूरू में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आगामी सात दिन गर्मी के सितम से प्रदेशवासियों को पहले से कहीं ज्यादा सताएगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान में आगामी दिनों में तापमान 46 से लेकर 48 डिग्री के बीच रहने वाला है। लिहाजा लोगों के लिए घर से निकलना बेहद मुश्किल हो जाएगा। आगामी दिनों में पारा 48 डिग्री से काफी ऊपर जाने की संभावनाएं भी जताई जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अब भीषण लू के थपेड़े को भी झेलना पड़ेगा।*

रेहड़ी पटरी वालों के विषय में कलेक्टर साहब से बात करके ही कुछ बता पाऊंगा।

एजाज ढेबर, मेयर, रायपुर *(नवप्रदेश के इस सवाल पर कि क्या गर्मी से राहत संबंधी पेय बेचने वाले रेहड़ी वालों को दुकान लगाने की अनुमति है? और यदि नहीं है तो क्या अनुमति दी जाएगी?)*

बोधघाट परियोजना को केंद्र की सैद्धांतिक सहमति

- **सीएम भूपेश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की थी चर्चा**

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजनाओं में से एक बोधघाट बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय जल आयोग ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। 40 वर्षों से लंबित इस परियोजना को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे लगातार प्रयासरत थे। इसी का परिणाम है कि बोधघाट परियोजना के प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट को भारत सरकार के केंद्रीय जल आयोग ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। अब इस परियोजना के सर्वेक्षण एवं विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बोधघाट परियोजना की ये हैं खूबिया

- *बोधघाट बहुद्देश्यीय सिंचाई परियोजना इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित है।*
- *यह दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड गीदम के ग्राम बारसूर से लगभग 8 किलोमीटर और जगदलपुर जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर की दूरी पर है।*
- *परियोजना की कुल लागत 22 हजार 653 करोड़ रुपए है।*
- *इससे लगभग 3 लाख 66 हजार 580 हेक्टेयर में सिंचाई होगी।*
- *लगभग 300 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जाना प्रस्तावित है।*
- *परियोजना से बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले में सिंचाई होगी।*

जल संसाधन मंत्री चौबे ने किया था आग्रह

जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने केंद्रीय मंत्री जल संसाधन मंत्री शेखावत से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रेषित प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट पर सहमति देने का आग्रह किया था। मंत्री श्री चौबे ने बताया कि बोधघाट परियोजना की प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट 2 अप्रैल 2020 को केंद्रीय जल आयोग को भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा इस परियोजना के सर्वेक्षण अनुसंधान और डीपीआर तैयार कराए जाने को लेकर भी अपने स्तर से प्रयास शुरू कर दिया गया था ,ताकि भारत सरकार से मंजूरी मिलते ही इस काम को अविलंब आगे बढ़ाया जा सके।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	138,041	4,014
अमेरिका	1,673,549	98,831
ब्रिटेन	259,559	36,793
इटली	229,858	32,785
स्पेन	282370	28678
फ्रांस	182469	28332
ब्राजील	352,523	22,288
बेल्जियम	57,092	9,280
जर्मनी	180,061	8,371
ईरान	135,701	7,417
मैक्सिको	65,856	7,179
कनाडा	84,081	6,380
नीदरलैंड	45,236	5,822
टर्की	155,686	4,308
स्वीडन	33,459	3,998
रूस	344,481	3,541

कश्मीर में लश्कर के ठिकाने का भंडाफोड़, 4 आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर/नवप्रदेश। वार्ता। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बडगाम जिले में लश्कर-ए-तैयबा के ठिकाने का भंडाफोड़ कर चार आतंकवादियों को हथियारों और विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर 53वीं राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने बडगाम के बीरवाह में छापे मारे। इसी दौरान लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मदद पहुंचाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम बसीम गनी, फारुक अहमद डार, मोहम्मद यासीन और अजहरुद्दीन मीर बताये गये हैं। इसके पास से हथियार, विस्फोट और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक ये चारो आरोपी इलाके में सक्रिय लश्कर आतंवादियों को मदद करने के साथ ही ठिकाने उपलब्ध कराते रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक चारों आरोपियों को मिलाकर पिछले एक पखवाड़े के भीतर 14 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है तथा आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती है।

महाराष्ट्र के आश्रम में साधु का मर्डर, आरोपी गिरफ्तार

मुंबई ए.। महाराष्ट्र के नांदेड़ में लिंगायत समाज के साधु की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। साधु का नाम रुद्र पशुपति महाराज बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि लिंगायत समाज के ही एक शख्स साईनाथ राम ने साधु की हत्या की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साधु के अलावा पास के ही इलाके में एक और शख्स की

हत्या की गई है, जिसे पुलिस आरोपी साईनाथ का साथी मान रही है। जानकारी के मुताबिक, रात 12 बजे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शव को ठिकाने लगाने की कोशिश नाकाम

साधु की हत्या करने के बाद आरोपी साईनाथ ने उनके शव को ठिकाने लगाने की भी कोशिश की थी। उसने साधु के शव को उनकी ही कार में रखकर ले जाने की कोशिश की लेकिन कार गेट में ही फंस गई। इससे मठ के छत पर मौजूद आश्रम के दो सेवादार जाग गए। उन्होंने भागकर आरोपी को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भागने में कामयाब रहा। इसी बीच रविवार सुबह जिला परिषद स्कूल के पास एक और डेड बॉडी मिली। दूसरे मृतक का नाम भगवान राम शिंदे है।

36 नए मिले, राज्य में अब 185 मरीज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रविवार को कोरोना के 36 नए मरीज मिले। इसके साथ ही राज्य में एक्टिव पॉजिटिव केस की संख्या बढ़कर बढ़कर 184 हो गई है। जबकि कुल आंकड़ा बढ़कर 252 हो गया है। इनमें से 67 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। रविवार को सबसे अधिक 19 मरीज बिलासपुर से मिले। जबकि बलरामपुर से 6, सरगुजा से 1, कोरिया से 2, गरियाबंद से 1, बलौदाबाजार से 4, रायगढ़ से 1, मुंगेली से 1 तथा बेमेतरा से 1 मरीज मिले हैं। बता दें कि शनिवार तक की स्थिति में कोरोना के कुल 152 एक्टिव पॉजिटिव केस थे। वहीं रविवार को 36 नए पॉजिटिव केस आने के साथ ही तीन मरीजों को स्वस्थ होने के चलते डिस्चार्ज कर दिया गया। लिहाजा अब कुल एक्टिव पॉजिटिव की संख्या 188 न होकर 185 रह गई है।

कोरोना को लेकर मोदी-शाह की जोड़ी पर कैसे करें भरोसा : कांग्रेस

- **कांग्रेस प्रवक्ता सिंघवी ने गुजरात हाईकोर्ट की टिप्पणियों का भी किया जिक्र**

नई दिल्ली/(वार्ता)। कांग्रेसने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह प्रदेश गुजरात और गृहमंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र अहमदाबाद में कोरोना की स्थिति सबसे बदतर है और यदि इस महामारी के खिलाफ लड़ाई छेड़ने वाले इन दोनों प्रभावशाली लोगों के गृह क्षेत्र की यह स्थिति है तो जनता उन पर कैसे भरोसा करेगी कि वे देश को इस महासंकट से निजात दिला सकते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने रविवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी देश को इस महामारी से बचाने के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निःशब्द करते हैं कोर्ट के ये शब्द : सिंघवी

सिंघवी ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने शनिवार को गुजरात सरकार के अहमदाबाद में कोरोना की स्थिति को लेकर जो शब्द कहें हैं वे निःशब्द करते हैं और उन्हें सुनकर लगता है कि सच में गुजरात में जंगलराज चल रहा है। सिंघवी ने कहा कि न्यायालय ने अपने 143 पेज के आदेश में कहा है कि गुजरात का अहमदाबाद शहर कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित है जहां वेंटीलेटर, आईसीयू और पीपीई की गंभीर रूप से कमी है। प्रवक्ता ने कहा कि न्यायालय ने अहमदाबाद के सिविल अस्पताल को लेकर ज्यादा ही तीखी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

पशु प्रेम — **भिलाई की सेक्टर 1 निवासी डॉक्टर कुत्ते- मवेशियों को न केवल भोजन कराती है, बल्कि घायल होने पर उन्हें दवा भी देती हैं**

डॉ.अंजलि सिंह की एक आवाज पर खींचे चले आते हैं जानवर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। कभी कभी किसी के साथ रोज की दिनचर्या के दौरान ऐसे वाकये पेश आ जाते हैं, जो भावुकता के साथ नजरों से होकर दिल की गहराइयों में उतर जाते हैं। ऐसे ही वाकये ने भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 1 की डॉ.अंजलि सिंह के अंतर्मन में बेजुबान जानवरों के प्रति प्यार, अपनापन और स्नेह जगाने का काम किया है। आज स्थिति ऐसी है कि, डॉ.अंजलि की एक आवाज पर मवेशी और कुत्ते दौड़े चले आते है।

दंत चिकित्सा की फायनल ईयर की छात्रा डॉ.अंजलि सिंह के साथ सड़कों पर इधर-उधर विचरण करने वाले बेजुबानों की दोस्ती देखते बनती है। डॉ.अंजलि मवेशी व कुत्तों को न केवल भोजन कराती है बल्कि दुर्घटना आदि में उनके घायल होने या बीमारी की स्थिति में इलाज के साथ जरूरी दवाइयों भी खिलाती है। डॉ.अंजलि ने इसके लिए एनीमल सेवयर्स भिलाई के नाम से एक स्वयंसेवी संगठन भी बनाकर अपनी तरह की सोच रखने वालों को जोड़ा है।

धीरे-धीरे जुड़ते गए समान विचारधारा वाले लोग

डॉ.अंजलि सिंह बताती है कि, सेक्टर 1 निवास से राजनांदगाँव स्थित मेडिकल कॉलेज आते जाते सड़क पर दुर्घटना के चलते बेजुबान जानवरों की मौतों से उन्हें बेहद पीड़ा होती थी। जानवर बेजुबान होते हैं और उनको बोलना नही आता, लेनिक जीने का हक उन्हें भी सभी की तरह है। आये दिन सड़क हादसे और अन्य कारणों से जानवरों की मौतों को रोकने का एक तरह से उन्होंने संकल्प लिया। शुरुआत में वह अकेली ही घर के आसपास मंडराने वाले मवेशी और कुत्तों को भोजन पानी उपलब्ध कराने लगी। फिर धीरे-धीरे जानवरों के प्रति प्रेम रखने वाले समान विचारधारा के लोग जुड़ते चले गये तो फिर संस्था गठित कर अपने अभियान को तेज कर दिया।

जानवरों के रुठने पर मनाने के लिए बुलाया जाता है डॉ. अंजलि को

डॉ.अंजलि बताती है कि, किसी के घर का पालतु कुत्ता खाना नहीं खाता था बात नहीं मानता है तो उन्हें बुलाया जाता है। बड़ा सुकून मिलता है तब मवेशी या कुत्ते को प्रेम की भाषा में समझाओ तो वे किसी इंसान की तरह बात मान जाते हैं। उन्होंने आम लोगों से भी बेजुबान जानवरों को भोजन पानी के साथ अपनापन देने का आग्रह किया है।

देश में कोरोना से 1.32 लाख के करीब संक्रमित, 54 हजार से अधिक स्वस्थ

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में पिछले तीन दिन में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण के लगभग 20 हजार मामले सामने आने से कुल संक्रमितों की संख्या 1,31,868 पर पहुंच गयी है हालांकि राहत की बात यह है कि देश में इस दौरान 2608 लोगों के संक्रमण से निजात पाने से 54 हजार से अधिक लोग स्वस्थ हो गये हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के अब तक के सर्वाधिक 6767 नये मामले सामने आये जिससे कुल संक्रमितों की संख्या 1,31,868 पर पहुंच गयी। देश में कुल सक्रिय मामले 73560 हैं। इससे एक दिन पहले यानी शनिवार को 6654 और शुक्रवार को 6088 नये मामले सामने आये थे।

देश में कोविड-19 संक्रमण से पिछले 24 घंटों में 147 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 3,867 हो गयी। शनिवार की तुलना में रविवार को मृतकों की संख्या 10 बढ़ गयी है। शनिवार के आंकड़ों के मुताबिक एक दिन में कोविड-19 से 137 लोगों की मौत हुई थी। संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच पिछले 24 घंटों में इस महामारी से 2657 लोग मुक्त हुए हैं जिससे स्वस्थ हुए लोगों की कुल संख्या 54,441 हो गयी है।

देश में कोरोना से सबसे अधिक महाराष्ट्र प्रभावित हुआ है और कुल संक्रमण के मामलों में एक तिहाई से अधिक हिस्सा यहीं का है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में 2608 नये मामले सामने आये हैं , जिसके बाद यहां कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 47190 हो गयी है तथा कुल 1577 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 13404 लोग इसके संक्रमण से ठीक भी हुए हैं।

कोरोना वायरस से प्रभावित होने के मामले में तमिलनाडु दूसरे नंबर पर है। राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 15 हजार का आंकड़ा पार कर गयी है। तमिलनाडु में अब तक 15,512 लोग इससे संक्रमित हुए हैं तथा 103 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 7491 लोगों को उपचार के बाद विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी मिल चुकी है।

कोरोना वायरस के संक्रमण के मामलों में गुजरात तीसरे नंबर पर है। यहां कुल संक्रमितों की संख्या 13664 हो गई है तथा इसके संक्रमण से 829 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 6169 लोग इस बीमारी से उबरे भी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की भी स्थिति इस जानलेवा विषाणु के कारण काफी चिंताजनक बनी हुई है। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 591 नये मामले सामने आये हैं और इस महामारी से रिकार्ड 23 लोगों की मौत की रिपोर्ट है। यहां अब तक 12,910 लोग संक्रमित हुए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 231 पर पहुंच गया है जबकि 6267 मरीजों को उपचार के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है। इससे एक दिन पहले राजधानी में कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 660 नये मामले सामने आये थे।

राजस्थान में भी कोरोना तेजी से पैर पसार रहा है। यहां कोरोना संक्रमितों की संख्या 6742 हो गयी है तथा 160 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 3786 लोग पूरी तरह ठीक हुए हैं। आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या छह हजार का आंकड़ा पार कर गयी है। उत्तर प्रदेश में अब तक 6017 लोग इसकी चपेट में आए हैं तथा इसके संक्रमण से मरने वालों की संख्या 155 हो गयी है और 3406 लोग अब तक इससे ठीक हुए हैं।

पश्चिम बंगाल में 3459 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं तथा 269 लोगों की मौत हो चुकी है और अब तक 1281 लोग ठीक हुए है। तेलंगाना में अब तक कोरोना से 1813 लोग संक्रमित हुए हैं। राज्य में जहां कोरोना से 49 लोगों की जान गई है, वहीं 1065 लोग अब तक ठीक हुए हैं।

दक्षिण भारतीय राज्य आंध्र प्रदेश में 2757 और कर्नाटक में 1959 लोग संक्रमित हैं तथा इन राज्यों में इससे मरने वालों की संख्या क्रमशः 56 और 42 हो गयी है। वहीं केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1569 हो गई है और 21 लोगों की कोविड-19 से मृत्यु हुई है। पंजाब में 39, हरियाणा में 16, बिहार में 11, ओडिशा में सात, केरल, झारखंड और असम में चार-चार, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में तीन-तीन , उत्तराखंड में दो तथा मेघालय में इस महामारी से एक व्यक्ति की मौत हुई है।

दाह-संस्कार के पैसे नहीं थे तो घर में ही दफना दिया भाई का शव

भागलपुर ए.। इसे मजबूरी कहें या बेबसी! कोरोना संकट के दौरान लॉकडाउन ने रोजगार छीन लिया, कामकाज ठप पड़ा तो फूटी कौड़ी के भी मोहताज हो गए। ऐसे में भाई की मौत पर दाह संस्कार के लिए पैसे जुटाना भी मुश्किल हो गया। घर में पैसे नहीं रहने से भाई और भतीजे ने गुड्डू मंडल (30) के शव को घर में ही दफ्ना दिया। पड़ोस के लोगों को इसकी सूचना भी दे दी। घटना इशाकचक थाना क्षेत्र के विषहरी स्थान व्यायामशाला गली स्थित झोपड़पट्टी की है।मानसिक रूप से कमजोर और बीमार गुड्डू मंडल सड़क किनारे से कचरा बीनने का काम करता था। शुक्रवार की रात में उसे मिरगी का दौरा आया। पैर-हाथ दबाने और पानी डालने के बाद होश आ गया। रात में वह सो गया था लेकिन सुबह परिवार वाले जब उठे तो उसकी मौत हो गई थी। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के पास एक रुपया नहीं था। पड़ोसियों की मानें तो परिवार के सभी सदस्य मंद बुद्धि हैं। गुड्डू मंडल की 10 साल पहले शादी हुई थी लेकिन बीमारी के कारण पत्नी भाग गई। घर में कोई महिला नहीं है। शनिवार सुबह छह बजे भाई ओमप्रकाश मंडल, भतीजा नीरज व राजा ने घर में ही एक फीट लंबा गड्ढा खोदकर शव को दफ्ना दिया। इंस्पेक्टर ने कहा कि गुड्डू मंडल के शरीर पर जख्म का निशान नहीं था लेकिन मुंह से झाग निकल रहा था। सूचना पर सिटी डीएसपी राजवंशी सिंह व इंस्पेक्टर भी पहुंचे। शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीएसपी ने बताया कि परिवार के लोगों से बात की गई। भाई-भतीजा सीधे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का पता चल सकेगा। गुड्डू के दो भाई ओमप्रकाश मंडल और अजय मंडल ठेला चलाते हैं। लॉकडाउन में दो महीने घर में बैठ गया। झोपड़ी में एक खाट भी नहीं थी।

कोरोना : जर्मनी महामारी को मात देने में सबसे आगे

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना से जहां एक ओर दुनिया त्रस्त है वहीं कुछ देशों से राहत की खबरें भी हैं। जर्मनी में इस महामारी से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा, करीब 90 फीसदी हो गई है। संक्रमितों देशों में सातवें नंबर पर मौजूद जर्मनी में 1,79,768 में से 1,59,900 मरीज इलाज के बाद ठीक होकर लौट चुके हैं। वहां इस बीमारी से मरने वालों की संख्या भी काफी कम है। अब तक 8,354 लोगों की मौत हुई है और 11,514 मामले ही सक्रिय हैं। दुनिया में अभी 53,68,262 संक्रमितों में से 3,42,341 की मौत हो गई है और 22,23,895 ठीक हुए हैं।

सर्बिया: दो महीने बाद दिन में कोई मौत नहीं

सर्बिया ने भी कोरोना पर काफी काबू पा लिया है। पिछले 24 घंटे में देश में संक्रमण से किसी की मौत नहीं हुई है। कोरोना नियंत्रण केन्द्र के प्रतिनिधि प्रेडराग कोन ने शनिवार को बताया कि 23 मार्च के बाद से यह पहली बार है जब कोरोना से किसी की मौत नहीं हुई है। देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के105 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या 11,092 हो गई है। अब तक 238 लोगों की मौत हुई है।सर्बिया ने देश में लागू आपातकाल को 6 मई को हटा लिया था जिसके बाद सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई संस्थानों और कंपनियों को दोबारा खोल दिया था।

तुर्की में संक्रमित दो माह में कम

तुर्की में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 952 लोग संक्रमित हुए हैं। देश में 25 मार्च के बाद से संक्रमितों की यह संख्या सबसे कम दैनिक वृद्धि है। स्वास्थ्य मंत्री फहरेटिन कोसा ने शुक्रवार देर रात ट्विटर पर लिखा, आज 952 नए मामले आए जिससे संक्रमितों की संख्या 1,55,686 हो गई है। हमने आज 27 मरीज खो दिए है जिससे मृतकों की संख्या 4,308 हो गई है। इसी अवधि में ठीक हुए लोगों की संख्या1,17,602 हो गई है।

फ्रांस में संक्रमितों की संख्या में कमी

फ्रांस के अस्पतालों में संक्रमण से ग्रस्त मरीजों की संख्या में गिरावट के साथ ही फ्रेंच हेल्थ सर्विस पर पड़े दबाव में कमी आई है। 200 मरीजों की दैनिक गिरावट के साथ अभी 17,383 लोग अस्पतालों में हैं। 64,209 लोगों को छुट्टी दे दी गई। 1,82,219 संक्रमितों में से 28,289 की मौत हुई है। दो महीने बाद देश में धार्मिक कार्यक्रम करने और उसमें लोगों को एकत्र होने की मंदूरी दी गई है। इस बारे में जल्द ही सरकारी आदेश जारी किया जाएगा।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अखबार के फ्रंट पेज पर छापे कोरोना से मरने वाले 1 लाख अमेरिकियों के नाम

पूरी दुनिया में कोरोना वायरस से हाहाकार मचा है और करीब 3.40 लाख से अधिक लोग कोविड-19 की वजह से अपनी जान गंवा चुके हैं। इस बीच अमेरिका के प्रमुखों अखबारों में से एक न्यूयॉर्क टाइम्स ने रविवार को एक अनोखे तरीके से कोरोना वायरस की गंभीरता को का उदाहरण दिया है और एक तरह से देखा जाए तो श्रद्धांजलि दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने अखबार का पहला पन्ना पूरी तरह से कोरोना वायरस महामारी से जान गंवाने वाले अमेरिकियों को समर्पित कर दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के पहले पन्ने यानी फ्रंट पेज पर सिर्फ और सिर्फकोरोना वायरस से जान गंवाने वाले करीब एक लाख लोगों के नाम हैं। आज फ्रंट पेज पर न तो कोई खबर है, न ही किसी तरह का विज्ञापन। फ्रंट पेज पर कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के नामों की पूरी लिस्ट है।

मजदूरों का दुख देख पसीजा प्रवासी का दिल, घर जाना छोड़ बना रहा वॉलंटियर

एजेंसी,नई दिल्ली। कोरोना लॉकडाउन की वजह से प्रवासी जहां-तहां फंसे हुए हैं और अपने-अपने घरों की ओर लौटने की जद्दोजहद में लगे हैं। कोरोना लॉकडाउन 4.0 के चलते झारखंड में अपने गांव लौटने के लिए पिछले महीने यहां यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित आश्रय गृह आने के बाद एक व्यक्ति ने जब वहां लोगों की हालत देखी, तब उनकी अन्तरात्मा ने उसे वहां से जाने की इजाजत नहीं दी और उन्होंने स्वयंसेवी के तौर पर असहाय प्रवासियों की मदद करने का फैसला किया।

पिछले कई साल से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर खाने-पीने की चीजों का ठेला लगाने वाले झारखंड के देवघर जिला निवासी अजीत लोचन मिश्रा ने आश्रय गृह में स्वयंसेवी के तौर पर अपना पंजीकरण कराया। अजीत (48) ने कहा कि वह हालात बेहतर होने और आश्रय स्थल से सभी प्रवासी मजदूरों के चले जाने के बाद ही देवघर वापस जाएंगे। अजीत ने कहा, 'मेट्रो बंद है और लॉकडाउन के बाद मेरे पास कोई काम नहीं था। मैं यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित आश्रय स्थल अप्रैल के दूसरे सप्ताह में वापस अपने गांव जाने की उम्मीद के साथ आया था। जब मैंने यहां लोगों की दशा देखी, तो मेरी अन्तरात्मा ने वहां से जाने की इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा, 'इसके बाद, मैंने यहीं रुकने और स्वयंसेवी के तौर पर काम करने का फैसला किया। मैं लोगों को भोजन बांटता हूं और लोगों को कतार में रहने और आपस में दो गज दूरी बनाए रखने को कहता हूं। यहां रहने वाले बच्चों को अगर किसी तरह की समस्या आती है तो उसे दूर करने की कोशिश करता हूं। गांव में मेरी पत्नी और दो बच्चे हैं और उन्हें इस बारे में बता चुका हूं।'शाहदरा जिले के एग्जक्यूटिव मजिस्ट्रेट और आश्रय गृह के प्रभारी आशीष मिश्रा ने कहा कि अजीत पिछले करीब 40 दिन से बतौर स्वयंसेवी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वह यहां मौजूद लोगों से बात करते हैं और अगर किसी को परिवार से जुड़ा या अन्य कोई आपात स्थिति जैसी परेशानी आती है, तो अजीत हमें सूचित करते हैं। फिर हम ऐसे लोगों को जल्द से जल्द वापस भेजने का प्रबंध करते हैं।'

...तो टल सकती थी सबसे बड़ी त्रासदी: राम चंद्र गुहा

नई दिल्ली ए.। लॉकडाउन के कारण प्रवासी मजदूरों के सामने रोजीरोटी का संकट खड़ा हो गया है और वे बड़ी संख्या में अपने घरों की ओर लौट रहे हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक देश में 4 करोड़ प्रवासी मजदूर हैं जिनमें से 75 लाख अपने घर लौट चुके हैं। इनमें से कई लोग तो पैदल, साइकिल या ट्रैक्टर से घर पहुंचे हैं। लॉकडाउन के दो महीने बीत जाने के बाद भी यह पलायन जारी है। जाने माने इतिहासकार और अर्थशास्त्री रामचंद्र गुहा का कहना है कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लॉकडाउन की घोषणा करने से पहले प्रवासी मजदूरों को घर जाने के लिए कम से कम एक हफ्ते का समय देते तो भारत में विभाजन के बाद की सबसे बड़ी मानव निर्मित त्रासदी से बचा जा सकता था। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन ने देश में लाखों गरीबों की जिंदगी दुश्वार कर दी है और देश के बाकी लोगों की भी इसके सामाजिक और मानसिक नतीजे भुगतने होंगे। 'रिडीमिंग द रिपब्लिक' और 'इंडिया आफ्टर गांधी' जैसी पुस्तकों के लेखक गुहा ने कहा, 'भले ही विभाजन जैसी त्रासदी न हो क्योंकि उस समय पलायन के साथ साम्प्रदायिक दंगे भी हुए थे। लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह देश के विभाजन के बाद सबसे बड़ी मानव निर्मित त्रासदी है।'

नॉर्थ कोरिया की परमाणु क्षमता बढ़ाने में जुटा तानाशाह, किम जोंग उन ने की हाईलेवल मीटिंग

प्योंगयांग ए.। बीते कुछ समय पहले रहस्यमयी तरीके से गायब रहने वाले नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अज्ञातवास से आते ही परमाणु क्षमता बढ़ाने की कवायदों को तेज कर दिया है। नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के नेतृत्व में केंद्रीय सैन्य आयोग बैठक हुई। इस बैठक में परमाणु युद्ध निरोध और परमाणु मारक क्षमता को बढ़ाने के लिए नई नीतियों पर चर्चा की गई। यह जानकारी देश की स्टेट मीडिया ने रविवार को दी। नॉर्थ कोरिया की स्टेट न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग की बैठक में महत्वपूर्ण सैन्य क्षमता और सशस्त्र बलों के विकास के लिए संगठनात्मक और राजनीतिक उपायों को लेकर चर्चा हुई।

केसीएनए ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'बैठक में देश की परमाणु निरोध को लेकर नई नीतियों पर बात हुई। केंद्रीय सैन्य आयोग की बैठक देश के सशस्त्र बलों के निर्माण और विकास के अनुरूप रणनीतिक सशस्त्र बलों को एक हाई अलर्ट ऑपरेशन पर रखने को लेकर केंद्रीत थी। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह बैठक कब हुई। मगर समाचार एजेंसी योनहाप की एक रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की मीडिया आमतौर पर किम जोंग उन की गतिविधि के एक दिन बाद ही रिपोर्ट करता है। बता दें कि हाल ही में करीब 21 दिनों तक गायब रहने के बाद किम जोंग उन दुनिया के सामने आए थे और सीधे वह उस फैक्ट्री के उद्घाटन में गए थे, जो माना जा रहा है कि वहां परमाणु हथियार तैयार होता है। पिछले महीने तनाशाह किम जोंग उन की सेहत को खूब अफवाहें उड़ीं थीं। कभी उनकी मौत की खबरें आती थीं तो कभी उनकी सर्जरी के। मगर बाद में उनकी वापसी से सारी अकटलें बंद हो गई.। माना जा रहा है कि गायब होने के बाद से आने पर यह उनकी पहली बैठक है।

साइकिल से सिलीगुड़ जा रहा विदेशी नागरिक दरभंगा-मुजफ्फरपुर एनएच 57 पर पकड़ाया

सिंहवाड़ा ए.। दरभंगा-मुजफ्फरपुर उच्च पथ 57 पर सिमरी थाने के कंसी काली मंदिर चौक के पास रविवार को साइकिल से जा रहे विदेशी नागरिक को सिमरी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। वह साइकिल पर सवार होकर पीठ पर एक थैला लिए मुजफ्फरपुर से दरभंगा की ओर आ रहा था। विदेशी नागरिक अपने परिचय के संबंध में तरह-तरह की बातें कर रहा है। वह अपना नाम विक्की बता रहा है। घर हंगरी के बोस्टन सिटी बता रहा है। वह बता रहा है कि वह अटारी बॉर्डर से आया था। उसे सिलीगुड़ी जाना है। विदेशी नागरिक के साइकिल से जाने की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष हरि किशोर यादव दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलते ही कंसी सहित आसपास के लोग एनएच पर

जमा हो गये। इससे एनएच पर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। पुलिस भीड़ को नियंत्रित कर साइकिल सहित विदेशी नागरिक को अपने साथ थाना पर ले गई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक अपने बारे में तरह-तरह की बातें कर रहा है। थाना पर उससे पूछताछ कर उसके बारे में पूरी जानकारी ली जाएगी। इधर, सूत्रों का कहना है कि विदेशी नागरिक साइकिलिस्ट है और वह टूर पर निकला था। छपरा में पुलिस ने उसे पकड़कर क्वारंटाइन सेन्टर में रखा था। युवक वहां से फरार हो गया था। इस दौरान छपरा में उसके कुछ सामान की भी चोरी हो गयी थी।

ज्योति बोली- इवांका ट्रंप दीदी थैंक्स, साइकिल रेस जीत गई तो मिलने आऊंगी अमेरिका

दरभंगा ए.। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप ने जब बिहार के दरभंगा की रहने वाली ज्योति की कहानी को ट्वीट किया तो वह सोशल मीडिया पर छा गई। हर ओर ज्योति हौसले और हिम्मत की चर्चा होने लगी। बता दें कि ज्योति ने अपने बीमार पिता को साइकिल पर बैठाकर गुरुग्राम से दरभंगा तक का लगभग 1200 किलोमीटर का सफर साइकिल से तय किया। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए ज्योति कहती हैं कि वह इवांका दीदी को थैक्स कहना चाहती हैं। ज्योति एक बार इवांका से मिलना भी चाहती है। वह कहती है कि जब वह साइकिलिंग रेस जीतेगी उसके बाद इवांका दीदी से मिलने अमेरिका जाएगी। ज्योति जानती है इवांका से मिलना आसान नहीं है बावजूद उनका हौसला कम नहीं है, ज्योति का मानना है जब वे रेस जीतेंगी तो इवांका जरूर उनसे मिलेंगी।

500 रुपये में खरीदी साइकिल

ज्योति बताती है जब लॉकडाउन हुआ तो हम सब बहुत परेशान हो गए। बीमार पिता से बात की लेकिन वह साइकिल पर बैठकर घर चलने को तैयार नहीं हुए। पिता ने ज्योति से कहा कि साइकिल से घर जाने में दिक्कत बहुत होगी। लेकिन ज्योति ने हिम्मत नहीं हारी और पिता को साइकिल से ही चलने के लिए मना लिया। ज्योति के मुताबिक मोदी सरकार की तरफसे उनके खाते में एक हजार रुपया आया। इसमें से 500 रुपये की साइकिल खरीदी और बचे पैसे को कैश रख लिया। रास्ते में लोग खाना खिला रहे थे, इसलिए वो पैसा भी खर्च नहीं हुआ।

शिक्षा और साइकिलिंग के क्षेत्र में नाम कमाना चाहती हैं ज्योति

अपने हौसले और हिम्मत से चर्चा में आयी दरभंगा की बेटी ज्योति अब शिक्षा और साइकिलिंग के क्षेत्र में नाम कमाना चाहती है। फिलहाल उसकी इच्छा दरभंगा में ही पढ़ाई करने की है। साथ ही प्रैक्टिस करने के लिए एक अच्छी साइकिल चाहती है। इवांका ट्रंप की ओर से तारीफ किये जाने से उत्साहित ज्योति ने शनिवार को 'हिन्दुस्तान' से बातचीत में कहा कि अभी हमें सबसे अधिक आर्थिक मदद की जरूरत है। उसने कहा कि मीडिया में मेरा नाम आने के बाद रोज घर पर कई लोग मिलने आते हैं। कुछ लोगों ने आर्थिक मदद की भी है। कुछ ने मदद का आश्वासन दिया है। लेकिन हमें अभी तक उस प्रकार की मदद नहीं मिली है जिससे हम खेल या पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

परिवार में हैं सात लोग :

जिला मुख्यालय दरभंगा से 30 किलोमीटर दूर है सिरहुल्ली गांव। सिंहवाड़ा प्रखंड की टेकटार पंचायत के इस गांव की आबादी करीब चार हजार है। इसी गांव में अपने बीमार पिता को गुरुग्राम से साइकिल पर बिठाकर घर पहुंचाने वाली ज्योति कुमारी का घर है। पिता को साइकिल पर बिठाकर करीब 1200 किलोमीटर की यात्रा करने वाली ज्योति 10 बाई 12 के एक कमरे में अपने पूरे परिवार के साथ रहती है। उसके परिवार में कुल सात लोग हैं। ज्योति पांच भाई-बहन है। बहनों में ज्योति दूसरे नंबर पर है। उससे छोटे दो भाई हैं। घर इंदिरा आवास का है। पिता हरियाणा के गुरुग्राम में ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। वहां दुर्घटना के शिकार होने के बाद वे भी फिलहाल काम करने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसे में उन्हें घर चलाने की चिंता भी सता रही है। मालूम हो कि ज्योति को साइकिलिंग फेडरेशन ऑफइंडिया की ओर से दिल्ली आने का न्योता मिला है। शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पुत्री व उनकी सलाहकार इवांका ट्रंप की ओर से ट्विटर पर ज्योति की तारीफकिये जाने से वह काफी खुश है। उसने कहा कि इससे मेरा हौसला और बढ़ा है। मैं आगे भी कुछ ऐसा करना चाहती हूं जिससे मेरे परिवार और गांव का नाम रोशन हो।

■ न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने ईद-उल-फितर पर दी मुबारकबाद

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने ईद-उल-फित्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को मुबारकबाद देते हुए राज्य के सभी नागरिकों के सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की है। राज्यपाल ने कहा कि ईद-उल-फित्र का पर्व पवित्र महीना रमजान के माह भर के कठिन उपवास के बाद आता है और नेकी एवं भलाई करने का संदेश देता है। उन्होंने कामना की है कि ईद का पर्व सभी के जीवन में खुशियां एवं भाई-चारे लेकर आएगा तथा अमन-चैन, सौहार्द और एकता का संदेश देगा। राज्यपाल ने कहा कि इस अवसर पर मैं इबादत करती हूं कि देश और प्रदेश को जल्द कोरोना संक्रमण से मुक्ति मिले।

धान बेचने को लेकर हुआ विवाद, मामला दर्ज

रायपुर। लाकडाउन के दौरान खेती किसानी सहित अन्य मामलों में कृषकों के बीच अनेक प्रकार की चर्चाएं जारी है। धान बेचने के लिए सरकार द्वारा खरीदी की अंतिम तिथि निकलने के बाद भी किसान अपने धान को बेचने के लिए संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर धान बेचने की कोशिश बाजार में कर रहे हैं। अभनपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार किसान कल्याण सिंह आयु 30 वर्ष धनेशराम निवासी ग्राम आमदी अभनपुर रायपुर द्वारा धान बेचने के लिए जाते वक्त आरोपी महेश कौशल निवासी आमदी अभनपुर द्वारा प्रार्थी से जबरिया विवाद किया गया। विरोध करने पर प्रार्थी की आरोपी ने न केवल जमकर पिटाई की अपितु गालीगलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में थाना अभनपुर ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 506 एवं 323 के तहत मामला कायम किया है।

नाबालिग से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

रायपुर। सेजबहार थाने से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग बच्ची के साथ ग्राम मुजगहन डोमा निवासी नाबालिग किशोर ने पीड़िता की कमजोर मानसिक दशा का लाभ उठाकर उसके साथ घर में लाकर दुष्कर्म किया। जिसके चलते पीड़िता को 5 माह का गर्भ ठहर गया है। उक्त मामले में किशोरी के पिता ने थाना पहुंचकर अपचारी बालक के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत के आधार पर सेज बहार थाने ने आरोपी बालक के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 3 एवं आईपीसी की धारा 376 के तहत मामला दर्ज किया है।

रायपुर ऑरेंज जोन में: हफ्ते में 5 दिन दुकान खुली रखने की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

बंद का असर दिखा, सड़कों में पसरी विरानी।

रायपुर। राजधानी रायपुर के रेड जोन से बाहर होकर ऑरेंज जोन में आने के बाद अब जिला प्रशासन ने शहरवासियों को और छूट देने का मन बना लिया है। इसके तहत अब सभी तरह के व्यापारिक गतिविधियों को अनुमति दी जा सकती है। इसके अलावा शाम को दुकानों के बंद होने के समय में भी छूट देने की तैयारी की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि अब तक शहर के बाजारों में दुकानों के खुलने और बंद होने का नियम बड़ा अटपटा बना हुआ है। शहर में जब सड़क के एक ओर की दुकानें खुलती हैं तो वहीं दूसरी ओर की दुकानें बंद रहती है। वहीं दूसरी ओर की दुकानें खुलने पर एक तरफ की दुकानें बंद रखने का निर्देश दिया गया है। ऐसे में शहर के व्यापारी भी बेहाल हो गए हैं। इसीलिए अब जिला प्रशासन की मंशा है कि इस तरह के नियमों को अब शिथिल किया जाए और सभी तरह की दुकानों को खोला जाए। बताया जाता है कि इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। अभी शहर में शाम 5 बजे तक सभी दुकानों को बंद करा दिया जाता है, बताया जाता है कि यह समय बढ़कर शाम 7 बजे तक होगा और सभी तरह की दुकानें खुल जाएंगी। वहीं राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक कर्फ्यू का आदेश यथावत रखा गया है। इसके अलावा अभी तक जिन दुकानों को सप्ताह में केवल दो से तीन दिन खुलने की अनुमति दी गई है, उसे अब सप्ताह में 5 दिन दुकान खुली रखने का आदेश दिया जा सकता है। यदि राज्य सरकार इस प्रस्ताव पर सहमति देती है तो बाजार हर दिन यानी सोम से शुक्रवार तक खुले रह सकते हैं।

केवल दो दिनों तक कारोबार खुलने की वजह से सभी व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन पर जबर्दस्त दबाव बनाया था। कारोबारियों का कहना है कि दो दिन दुकान खोलकर महीनेभर का खर्चा नहीं निकाला जा सकता है। इसलिए दुकानें पांच दिनों तक खुलने की अनुमति देनी चाहिए। इसके बाद ही अफसरों ने नया प्रस्ताव तैयार किया।

ईद आज, कई दुकानों को खुलने की मिली अनुमति

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। ईद पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने आज रविवार को भी कई दुकानों को खुलने की अनुमति दी है। इसमें किराना के अलावा सेवई, दूध और मिठाई आदि की दुकानें शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड से जुड़े सूत्रों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड द्वारा चांद के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 38 केन्द्र निर्धारित किए गए थे। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड द्वारा उन्हें यह निर्देश दिए गए थे कि प्रदेश में किसी भी जिले अथवा कस्बे में चांद नजर आता है तो तत्काल इसकी सूचना राज्य वक्फ बोर्ड को दें ताकि समय पर शरई-तस्दीक प्राप्त कर ईद मनाने का एलान किया जा सके, लेकिन कहीं भी चांद दिखाई नहीं देने की वजह से अब रविवार को भी रोजा रखा जाएगा और सोमवार को ईद मनाई जाएगी। इस बार कोरोना संकट के बीच पूरे देश में ईद मनाई जाएगी, जिसमें लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए घर में ही ईद की नमाज अदा करनी पड़ेगी। दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम ने कोरोना वायरस और लॉकडाउन को लेकर लोगों से अपील की है कि बेहद सादगी के साथ घरों में रहकर ईद मनाएं। नमाज भी घर में ही अदा करें. लॉकडाउन में मस्जिदों में आम लोगों के जाने पर पाबंदी है, इसलिए एहतियात बरतें।

बता दें कि ईद की नमाज जमात में अदा की जाती है. हालांकि इस बार कोरोना संकट को देखते हुए सभी धार्मिक स्थल बंद हैं, इसलिए मस्जिद में नमाज अदा करने की इजाजत नहीं है।

झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं और वीर जवानों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज कांग्रेस भवन में

■ मास्क पहनकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुये श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होने के निर्देश

■ सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को अपने निवास जिला मुख्यालय और निवास ब्लॉक मुख्यालय के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होने के निर्देश

रायपुर। को प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन, सभी जिला मुख्यालयों शहर और ब्लॉक कांग्रेस मुख्यालयों में झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं तथा वीर जवानों को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

2013 के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के काफिले पर झीरम घाटी में 25 मई को ही माओवादी हमला हुआ था जिसमें तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल विद्याचरण शुक्ल महेंद्र कर्मा उदय मुदलियार दिनेश पटेल योगेंद्र शर्मा अभिषेक गोलछा गोपी माधवानी सहित अनेक कांग्रेस नेताओं और वीर जवानों की शहादत हुई थी।

कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को अपने अपने निवास जिला मुख्यालय और निवास ब्लॉक मुख्यालय के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होने के निर्देश प्रदेश कांग्रेस से दिए गये हैं। झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं और वीर जवानों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रदेश पदाधिकारीगण, सांसद विधायक, जिला, शहर और ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल, जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारी व सभी प्रकोष्ठ विभाग के पदाधिकारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जिला, जनपद सदस्य, सरपंच, पंचायत सम्मानित कांग्रेस कार्यकर्ता साथियों को मास्क पहनकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखते हुये सम्मिलित होने के निर्देश दिये गए हैं।

कांग्रेस ने की प्रदेश में सबकी खुशहाली सुख और शान्ति की कामना

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने दी सभी मुसलमान भाइयों को ईद की मुबारकबाद

रायपुर। ईद के मुबारक मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सबकी खुशहाली सुख शान्ति की कामना करते हुये सभी मुसलमान भाइयों को आपसी प्रेम और भाईचारे के इस पवित्र त्यौहार की हार्दिक बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि रमजान के 1 महीने के उपवास के बाद ईद का त्यौहार आता है। ईद खुशियों के साथ-साथ ने की और भलाई का त्यौहार है। करोना महामारी को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सभी से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और सारी एहतियात बरतते हुए त्योहार मनाने की अपील भी की है।

केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के बयान की छाया वर्मा ने की निंदा

रायपुर। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के द्वारा करोना काल में सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और गलत शब्दों के प्रयोग की निंदा करते हुए राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा ने कहा है कि मारपीट की धमकी देना और अधिकारी कर्मचारियों के साथ इस तरीके का दुर्व्यवहार करना केंद्रीय मंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं। आज करोना से लड़ाई में सरकारी कर्मचारी अधिकारी डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मी और पुलिस के जवान अग्रिम पंक्ति के सिपाही की भूमिका निभा रहे हैं। करोना योद्धाओं के लिए धमकी की भाषा का प्रयोग करके रेणुका सिंह ने उजागर कर दिया है कि केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा का वास्तविक चाल चरित्र और चेहरा कैसा है ! छत्तीसगढ़ शांति प्रेम और सद्भाव का प्रदेश है और ऐसी हिंसक प्रवृत्ति का प्रदर्शन करने वाले नेताओं का छत्तीसगढ़ की राजनीति में कोई स्थान नहीं है।

प्रवासी जरुरतमंदों के लिए सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर बंजारे ने दी सहयोग राशि

■ शहर में बसने के बाद भी पैतृक गांव के पंच को सौंपा 15 हजार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। जिस गांव की मिट्टी में खेले-कूदे, पले-बढ़े और बचपन जिया उसकी याद शहर में भी संजोए कई ऐसे सीनियर सिटीजन हैं जो हमेशा गांव की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। जिला आरंग के गांव गुखेरा से बरसों पहले बैंक की नौकरी के लिए ट्रांस्फर होते रहे बुधारू राम बंजारे ने अपनी पेंशन की राशि से 15000 रुपए प्रवासी लोगों की मदद के लिए ग्राम पंचायत को सौंपा है। बताते हैं कि कोरोना से बचकर कई तरह की मजबूरियों के साथ प्रवासियों का अपने राज्य लौटने का सिलसिला जारी है। कठिन सफर कर आरंग के पास ग्राम पंचायत गुखेरा में पहुंचे लोगों की जरूरतों को समझते हुए श्री बंजारे ने बेखटके पेंशन राशि से 15 हजार रुपए ग्राम पंचायत गुखेरा के पंच रवि खंडेलवाल को दिया। ताकि वैश्विक महामारी की वजह से भूखे-प्यासे आने वालों की ग्राम पंचायत व्यवस्था कर सके। उनके पुत्र अधिवक्ता संजीव बंजारे का कहना है कि हर उस व्यक्ति को मदद के लिए आगे आना चाहिए इस वक्त। ताकि अपनी जमीन, अपने गांव और क्षेत्र से जिन परिस्थितियों में प्रवासी गुजर रहे हैं उन्हें मानसिक आधार पर जरूरतों की पूर्ति के लायक मदद की जा सके। उन्होंने कहा मदद के लिए न सिर्फ राज्य सरकार या दलीय सियासत पर निर्भरता नहीं होनी चाहिए।

अजीत जोगी के ब्रेन को एक्टिव करने हर संभव कोशिश जारी

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की हालत आज भी नाजुक बनी हुई है। उसे राईल्स ट्यूब से तरल आहार दिया जा रहा है, वहीं उनके ब्रेन को एक्टिव करने की हर संभव कोशिश की जा रही है। अजीत जोगी की हालत में आज 16वें दिन भी कोई सुधार नहीं आया है। विगत 9 मार्च को अचानक तबियत खराब होने तथा सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें शहर के ही एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इसी दिन से ही वे लगातार कोमा में चल रहे हैं, गंगा इमली खाते समय उनके श्वांस नली में गंगा इमली का बीज फंस गया था, इसके बाद उन्हें अटैक आया और वे अचेत हो गए थे। उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने श्वांस नली में फंसे गंगा इमली के बीज को निकाल दिया, इसके बाद इसके बाद भी श्री जोगी की चेतना वापस नहीं लौटी और वे कोमा में चले गए। इसके अलावा उनके मस्तिष्क की गतिविधियां भी लगभग समाप्त हो गई हैं। उनके मस्तिष्क को जागृत करने चिकित्सक देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों और चिकित्सकीय संस्थाओं से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। वर्तमान में उन्हें राईल्स ट्यूब के माध्यम से तरह आहार दिया जा रहा है। चिकित्सकों का दल उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है।

भाजपा नेत्री ने अपहरण जैसा घृणित अपराध किया : वंदना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पूर्व भाजपा सरकार के ओएसडी रहे ओपी गुप्ता के द्वारा अपने पद एवं पहुँच का अनुचित उपयोग करते हुए बलात्कार जैसे घृणित अपराध किया गया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि अभियुक्त ओपी गुप्ता एवं उनके परिवार तथा भाजपा के राजनीतिक सहयोगी भाजपा नेत्री बस्तर की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जबिता मंडावी के द्वारा न्यायलिक प्रक्रिया में दखल देते हुए गवाहों एवं सबूतों को बदलने एवं हटाने का अनैतिक प्रयास करते हुए नाबालिग पीड़िता और उनके परिवार के सदस्यों को जबरिया अपहरण करने का कार्य किया गया तथा पीड़िता एवं उनके परिवार के सदस्यों को न्यायालय के गवाही में बयान बदलने के लिये धमकी तक दी गयी जिससे अभियुक्त ओ.पी. गुप्ता को मामले में फायदा मिल सके एवं अपराध साबित ना हो सके। उक्त घृणित कार्य से स्पष्ट है कि भाजपा नेत्री खुद एक महिला होते हुए एक लड़की का दुख- दर्द नहीं समझ पाई एवं राजनैतिक पहुँच के दम पर अपहरण जैसे अपराधिक एवं घृणित कार्य को अंजाम दी। न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त होने से उक्त अपराध में भाजपा नेत्री को धर- दबोचा गई। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि भाजपा कार्यकर्ता किस हद तक नीचे गिर चुकी है इस पर भाजपा के द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं दी गई।

मुस्लिम समाज ने सीएम कोष में दी 3 लाख रुपए की सहयोग राशि

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास परिसर में छत्तीसगढ़ जमीयत उलेमा हिन्द के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष श्री मोहम्मद फिरोज खान के नेतृत्व में मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने बताया कि कोविड-19 से बचाव और राहत उपायों के तहत जरुरतमंदों की मदद के लिए प्रदेश के मुस्लिम समाज की ओर से तीन लाख रुपए की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में दी जा रही है। यह राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष के खाते में जमा की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने संकट की इस घड़ी में सहयोग के लिए प्रदेश के मुस्लिम समाज और छत्तीसगढ़ जमीयत उलेमा हिन्द के पदाधिकारियों और सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जमीयत उलेमा हिन्द के सर्वश्री उबैदुल हाफिज़, प्रोफेसर शम्स परवेज और श्री जुबेर खान उपस्थित थे।

वर्षा जल संचयन के लिए अब आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल : गुरु रूद्रकुमार

■ 'व्ही-वायर इंजेक्शन वेल' रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से दूर होगी पेयजल समस्या

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार के मार्गदर्शन में अब राज्य में वर्षा जल को सहेजने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने राज्य के ग्रीष्म काल में भू-जल स्तर गिरने से पेयजल समस्या से प्रभावित ग्रामों को चिन्हित कर प्राथमिकता के साथ आधुनिक तकनीक से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए थे।

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यह तकनीक उन क्षेत्रों के लिए अधिक कारगर और प्रभावी होगी जहां ग्रीष्म काल में भू-जल स्तर गिरने से पेयजल और निस्तार की गंभीर समस्या आती है। इसके तहत 'व्ही वायर इंजेक्शन वेल' रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दुर्ग जिले के निकुम और अंजोरा ढाबा गांव में इस तकनीक को लगाने के लिए 16 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। उन्होंने 'व्ही वायर इंजेक्शन वेल' रेन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक और इसकी कार्य प्रणाली के संबंध में बताया कि इस तकनीक से 2.5 एकड़ क्षेत्र में होने वाली वर्षा जल से 10 एमएलडी अर्थात एक करोड़ लीटर वर्षा जल को जमीन के अंदर इंजेक्ट कर रिचार्ज किया जा सकता है।

न्याय योजना ने भाजपा के किसान विरोधी मंसूबे पर फेरा पानी: कांग्रेस

■ ठाकुर बोले- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार की योजना बिना भेदभाव सभी वर्गों को लाभ पहुंचाती है

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किस्त प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के खाते पर पहुंचने की सार्वजनिक हुई सूचना से तिलमिलाये भाजपा पर कांग्रेस ने कड़ा प्रहार किया।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रमन सिंह सहित भाजपा से जुड़े किसानों के खाते में न्याय योजना का पैसा पहुँचना,भाजपा के न्याय योजना के खिलाफ दुष्प्रचार करने की राजनीतिक मंसूबे पर पानी फेर दिया है। भाजपा द्वारा न्याय योजना के खिलाफ तैयार की गई झूठी मनगढ़ंत कहानियां सब का सत्यानाश हो गया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना बिना किसी भेदभाव के धान बेचने पंजीकृत किसानों को लाभ पहुंचा रही है। मक्का और गन्ना की पैदावार करने वाले किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं।आने वाले दिनों में दलहन और तिलहन पैदा करने वाले किसान के साथ भूमिहीन किसान भी न्याय योजना से लाभ पाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रमन सिंह के शासनकाल में किसान गरीब मजदूर महिलाएं छात्रों के नाम से सरकारी योजनाएं बनती थी लेकिन वह कागजों से बाहर धरातल पर हितग्राहियों तक ठीक से पहुँच नहीं पाती थी मात्र बड़े-बड़े होर्डिंग्स समाचार पत्रों के मुखपृष्ठ और न्यूज़ चैनल विज्ञापन तक सीमित रहती थी।कांग्रेस विपक्ष में रहते जब रमन सरकार से सरकारी योजनाओं के संबंध में सवाल जवाब करती थी उस दौरान भाजपा के नेता कांग्रेस को योजनाओं का लाभ ना लेने की नसीहत देते थे? प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने रमन सिंह धरमलाल कौशिक को न्याय योजना की राशि मिलने से तिलमिलाए भाजपा से सवाल किये।क्या भाजपा को रमन सिंह धरमलाल कौशिक के किसान होने पर शक है? क्या भाजपा चाहती है रमन सिंह धरमलाल कौशिक को न्याय योजना का लाभ नहीं लेना चाहिये था ? रमन सिंह धरमलाल कौशिक सहित भाजपा से जुड़े किसानों को न्याय योजना का लाभ मिलने से बौखलाई भाजपा क्या भाजपा करेगी? कांग्रेस की सरकार अपने वादे को पूरा कर रही है।

संपादकीय

राहत पर भी सियासत

देश इस समय कोरोना वायरस से जंग लड़ रहा है। सरकार के सामने लोगों की जान बचाने के साथ ही जहान बचाने की भी गंभीर चुनौती है। केन्द्र सरकार कोरोना संक्रमण का विस्तार रोकने के लिए जितने एहतियाती कदम उठाने चाहिए थे। उठा चूंकि है और आगे भी उठाएगी। लॉकडाउन को लेकर विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री मांग पर सहमति देते हुए केन्द्र सरकार ने लॉकडाउन के बारे में राज्य सरकारों को फैसला लेने के लिए स्वतंत्र कर दिया है। ताकि लॉकडाउन में आर्थिक गतिविधियों को जारी रख सके। इसके साथ ही केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को बस परिवहन सेवा भी अपने स्तर पर शुरू करने के लिए स्वतंत्र कर दिया है। अब राज्य सरकारों पर निर्भर है कि वे लॉकडाउन को किस तरह प्रभावी बनाती है और इस दौरान क्या-क्या छूट प्रदान करती है। यह बात तो तय है कि कोरोना वायरस का खतरा जल्द दूर नहीं होगा। लंबे समय तक हमें कोरोना के संग ही अपने रोजमर्रा के काम करने पड़ेगें अन्यथा भारतीय अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी और आम जनता को भी भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। यह समय एक तरह से आपात काल का है जिसमें सत्तापक्ष के साथ ही विपक्ष को भी अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। किन्तु विपक्ष इस आपदा की घड़ी में भी सियासत करने से बाज नहीं आ रहा है। कांग्रेस की अंतिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में कई विपक्षी दलों की वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर जो बैठक हुई थी उसमें सरकार को कोई सकारात्मक सुझाव देने की जगह विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार की आलोचना करके ही अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। सोनिया गांधी ने तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित किए गए 20 लाख करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज पर ही सवालिया निशान लगा दिया। वहीं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी प्रवासी मजदूरों को लेकर राजनीति कर रहे है और सरकार से सभी मजदूरों के खातों में साढ़े सात हजार रुपए डालने की मांग कर रहे हैं। यदि ऐसा कर भी दिया जाए तो क्या साढ़े हजार रुपए में मजदूरों की आजीविका चल जाएगी। या उन्हें हर महिने साढ़े हजार रुपए देना पड़ेगा। इतनी रकम सरकार के पास आखिर आएगी कहा से। बेहतर होगा विपक्ष इस अवसर पर ओछी राजनीति करने से बचे।

विचार-

रोटी की कीमत वो क्या जाने



तबस्सुम परवीन

हमारे पुरे देश मे रोटी ही तो है, जो अधिकांश हर इंसानो की कमज़ोरी बनी हुई है। आज जो बेसहारा मजदूरों की दशा हो रही है वो नही होती, हमारे भारतीय संस्कृति भी गजब की है, किसी को तकलीफ देख कर सिर्फ लफ्जों से दुःख प्रकट किया जाता है, ज्यादा अगर शोक मनाना है तो कलम के द्वारा लिख कर उपदेश देगें. इससे भी दिल ना भरे तो । न्यूज चैनल पर खुद को प्रसारित कर के भाषण देने के बाद चैन की नींद सो जाते है, मेरा मतलब किसी को ठेस पहुंचाना नही है, मै कहना चाहती हू क्या ये सब कुछ कर के उन मज़बुरों का जो मिलो सफर करते हुए आ रहे है, काय आपके शोक प्रकट करने से उनकी पांव के छाले कम हो गए। क्या उनकी भुख मीट गई, क्या पोटली के बोझ से उनकी कंधो का दर्द कम हो गया। एक टाईम के खाना दे देने से उनकी दिन और रात की भुख मीट गई ? क्या उनके प्यास और भुख से बिलखते छोटे छोटे बच्चो को आराम मिल गया। उनके परिवार जो बैचैनी से उनकी राहे देख रहे है उन्हे चैन मिल गया। लॉक डाऊन से पहले उन्हे सिर्फ दो दिन का मौका दिया जात तो उन्हे इतनी मोशीबत का सामना करना नही पडता। जो अपने घर मे है जो सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे है उन्हे (कोरोना) का भय सता रहा है। न कि उन गरीब मजदूरो को, उनहें तो बस एक गम सता रहा है कि कैसे पैदल चल कर अपने घर पहुंच जाऊं, कैसे मै इस सफर मे अपने बच्चो का पेट भरूं इस कड़कती धूप मे कहा छांव मिले तो मै थोड़ा छाया मे खुद को आराम दू । हमारे देश के नेता ऐसा नेतृत्व करते है, कि शब्दो के जाल मे कब फंसा दे अच्छे अच्छे लोगो को तो पता ही है चलता। ये बिल्कुल सत्य और स्पष्ट है कि सिर्फ एक गलत फैसला से इन मजदूरो को तकलीफ झेलनी पड रही है । मिलो दुर से पैदल अपनी मंजिल को तय कर रहे है । हम नागरिक तो शब्दो से सिर्फ दुख ही जाता सकते है और कर भी क्या सकते है। अब तक जो सुनने मे आ रहा है कि मजदूरो की मदद करना चाहती है सरकार उसमे भी तर्क वितर्क हो रही है अपोजीशन पार्टी मे इसमे भी राजनीतिक दिखाई दे रही है। जहा बड़े स्तर के लोगो को बड़े सम्मान से उनके घर पहुचाने मे मदद की जा रही है सरकारी सुविधा दी जा रही है। इस देश मे स्तर को मापा जाता है इस देश का यही हकीकत है। यही कारण है आज हमारा महान देश पिछे की ओर जाते दिखाई दे रहा है। जब कि सरकारी सुचि के मुताबिक हर नागरिक के बारे मे जानकारी होती है कौन कंहा है कितने लोग कंहा फसे है पर इस को नजरअंदाज कर के सरकार अपनी फैसला सुना दिया। नतीजा आपके सामने है। अब जब मंजुर झुंड के तादाद पर घर की ओर लौट रहे है तो ये कैसा शोसल डिस्टेंस है अब सरकार इस पर क्या बोलेगी कुछ कहने को बाकी है। (लेखिका, अम्बिकापुर (सरगुजा) (यह उनके अपने विचार है)।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का लक्ष्य

संकट को अवसर में बदलने की रणनीति

शशांक शर्मा

> *महात्मा गांधी ने भी भारत की उन्नति को ग्राम आधारित करने पर जोर दिया था। उन्होंने ग्रामीण कुटीर उद्योग पर आधारित आत्मनिर्भर ग्राम की कल्पना की थी। गांधीजी ने कहा थाए श्पहले गाँवों के लोग अपने नित्य के उपयोग की अनेक वस्तुएँ खुद ही बना लेते थेय छोटे.छोटे कस्बों में रहने वाले लोगों के रोजाना उपयोग की ऐसी कई चीजें थींए जिन के लिए वे गाँव वालों पर निर्भर करते थे । इसके बदले अब वे ही लोग इन चीजों को शहरों से या विदेशों से मँगाते हैं और जिन उद्योगों को गाँव वालों के बाप.दादा पुश्त.दर.पुश्त करते थेए वे अब बन्द हो चुके हैं ।प्रधानमंत्री ने देश को दिए अपने संबोधन में वर्तमान संकट को आर्थिक आत्मनिर्भरता स्थापित करने का स्वर्णिम अवसर बताया है।*

दुनिया का अधिकांश हिस्सा कोरोना विषाणु के संक्रमण से प्रभावित हैए इसके सामुदायिक प्रसार रोकने के लिए नगरों की पूर्णबंदी की घोषणा की गई । यह संक्रमण केवल व्यक्ति के शरीर को ही नहीं अपितु समाज के मनोविज्ञान और देश की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है । शहरों में व्यवसाय.उद्योगों के बंद होने के कारण बड़ी संख्या में लोग शहरों से अपने गांव की ओर लौट रहे हैंए इनके लिए खाने व रहने की व्यवस्था करना सरकारों की प्राथमिकता है । किन्तु लॉकडॉउन के कारण व्यापार और उद्योग बंद करने पड़े जिससे श्रम और उत्पादन के साथ बाजार की मांग.पूर्ति का संतुलन भी बिगड़ गया हैए बड़ी संख्या में बेरोजगारी बढ़ रही है । इसलिए अर्थव्यवस्था के रूके पहियों को पुनः गति प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार ने विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

केन्द्र सरकार ने 23 मार्च को 21 दिनों के लिए पूर्णबंदी की घोषणा कीए उस दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत प्रभावित होने वाले 80 करोड़ गरीब व्यक्ति को पांच किलो अनाज व एक किलो दाल तीन माह तक निःशुल्क देने प्रावधान किया गया । इसके साथ ही 20 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते में ?500 तीन माह तक केन्द्र सरकार जमा करायी गयी । इस संकट काल में देशभर के 8 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस सिलेंडर प्रदान किए गए । यह तो तत्कालिक उपाय थे जिनसे प्रवासी मजदूरों और शहरों.गांवो में रहने वाले व्यक्ति के भोजन की व्यवस्था हो पाई।

इस संकट काल की पहली आवश्यकता तो कोरोना के संक्रमण को समुदाय में फैलने से रोकने और संक्रमित व्यक्ति की जान बचाने की है । पूरे देश में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि करनाए जिला और विकासखंडों में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रयोगशाला स्थापित करने का निर्णय लिया गया है । लौट रहे प्रवासी और अप्रवासी मजदूरों को भी रोजगार के अवसर देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के माध्यम से रोजगार की व्यवस्था का विस्तार करते हुए ? 40 हज़ार करोड़ रूपए का अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है । अन्य राज्यों से लौटकर अपने गांव आने वाले लोगों को इससे तत्कालीक रोजगार की व्यवस्था हो

सकेगी । ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो इसलिए मनरेगा के तहत मिलने वाली रोजाना मजदूरी को ?182 से बढ़ाकर ?202 किया गया है। कोविड 19 का संकट वैश्विक हैए जितने विकसित राष्ट्र हैंए इस संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित हैं । यह संकट भारत के लिए एक अवसर भी लेकर आया है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस संकट को अवसर में बदलने के लिए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आव्हान किया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में सुक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम से सर्वाधिक लोगों को रोजगार मिलता है। लॉकडॉउन के चलते एमएसएमई क्षेत्र पर छाए संकट को दूर करने के लिए 3 लाख करोड़ रुपए के सुलभ ऋण की व्यवस्था की गई है। इससे देशभर के 45 लाख छोटी इकाइयों को संबल मिलेगा। बेरोजगार कौशलयुक्त व्यक्ति स्वरोजगार से जुड़े इस उद्देश्य से मुद्रा योजना के अंतर्गत शिशु वर्ग को और मदद करने की घोषणा की गई है । वर्तमान में एक लाख साठ हज़ार करोड रूपए छोटे व्यवसाय करने वालों को ?50ए000 तक के ऋण दिए गए हैं । इस वर्ग में 1500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है । इससे प्रवासी मजदूरों को अपना व्यवसाय शुरू करने में सहायता करेगा । शहरों में सड़कों पर ठेला.खोमचा लगाने वाले समाज के सबसे छोटे 50 लाख व्यवसायियों को भी कोरोना संकट नें प्रभावित किया हैए उनका व्यवसाय फिर शुरू हो सकेए इसके लिए 10ए000 रूपए तक की कार्यशील पूंजी देने की घोषणा की गई है । गांवों व वन क्षेत्रों में कृषि या वनोपज से छोटे रेडीमेड खाद्य सामग्री बनाने के लिए भी प्रोत्साहन दिया गया हैए इससे स्व सहायता समूहों व एमएसएमई की इकाईयों की स्थापना होगी । गजब पूरे देश की अर्थव्यवस्था को 20 लाख करोड़ से अधिक की राशि का संबल मिलेगा तोए छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों की जनता को इसका लाभ मिलेगा । छत्तीसगढ़ जैसे कृषिए वनोपज व खनिज आधारित अर्थव्यवस्था जहां संसाधनों से तो अमीर हैं किन्तु आधी आबादी गरीब हैए ऐसे पिछड़ेपन को दूर करने के लिए केन्द्र सरकार का प्रस्तावित पैकेज एक अवसर लेकर आया है । कृषि उपज का सही मूल्य न मिलनाए किसानों को सालता हैए अपने उत्पाद को कहीं पर बेचने की सुविधा से किसानों को अच्छे दाम मिल सकेंगे । छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत किसान सीमांत हैंए जिनके पास औसतन एक एकड़ खेत है और एक फसली है । यही कारण है कि यहां के ग्रामीणों को मजदूरी के लिए चार.पांच महिने दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है । आत्मनिर्भर भारत के तहत दिए गए पैकेज मेंए पशुपालनए मधुमक्खी पालनए मछली पालन कर किसान वैकल्पिक रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं । कोयला क्षेत्र में खनन को लेकर लिए गए नीतिगत निर्णय से खनन उद्योग का विकास होगा जिससे राज्य को अधिक राजस्व प्राप्त हो सकेगा । कैम्पा कोष से राशि मिलने से वन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे । छत्तीसगढ़ जैसे आर्थिक दृष्टि से पिछड़ें राज्य में नई आर्थिक रणनीति बनाकर अमीर धरती के गरीब लोग की अवधारणा को मिथक साबित करने का अवसर है।

महात्मा गांधी ने भी भारत की उन्नति को ग्राम आधारित करने पर जोर दिया था। उन्होंने ग्रामीण कुटीर उद्योग पर आधारित आत्मनिर्भर ग्राम की कल्पना की थी। गांधीजी ने कहा थाए श्पहले गाँवों के लोग अपने नित्य के उपयोग की अनेक वस्तुएँ खुद ही बना लेते थेय छोटे.छोटे कस्बों में रहने वाले लोगों के रोजाना उपयोग की ऐसी कई चीजें थींए जिन के लिए वे गाँव वालों पर निर्भर करते थे । इसके बदले अब वे ही लोग इन चीजों को शहरों से या विदेशों से मँगाते हैं और जिन उद्योगों को गाँव वालों के बाप.दादा पुश्त.दर.पुश्त करते थेए वे अब बन्द हो चुके हैं ।प्रधानमंत्री ने देश को दिए अपने संबोधन में वर्तमान संकट को आर्थिक आत्मनिर्भरता स्थापित करने का स्वर्णिम अवसर बताया है । ऐसा स्थानीयता को प्रोत्साहित कर हासिल किया जा सकता है । कहा जा सकता है वर्तमान केन्द्र सरकारए महात्मा गाँधी के सपनों को पूरा करने की दिशा मे अग्रसर है । आत्मनिर्भर ग्राम से ही आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण किया जा सकता है । **(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार रायपुर)**

प्रियंका की 'बस' राजनीति से योगी सरकार पस्त

कांग्रेस महासचिव ने प्रदेश में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्त्ताओं का मनोबल बढ़ाया

प्रदीप कपूर

> लालू के साथ पार्टी की एकजुटता व्यक्त करने के लिए, प्रियंका गांधी ने फेसबुक पर लाइव आने वाले 50,000 पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का आयोजन किया, जहां उन्होंने पार्टी और नेताओं प्रियंका और जेल में बंद यूपीसीसी प्रमुख अजय लाललू के लिए लड़ने का संकल्प लिया। फेसबुक पर लाइव रहने वाले इन कार्यकर्ताओं ने भी 21 मई को राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हालांकि यूपी विधानसभा के लिए राज्य के चुनाव 2022 में होंगे, लेकिन प्रियंका गांधी की हालिया कार्रवाई ने पार्टी के नेताओं और रैंक और फाइल को प्रभावित किया है।

उत्तर प्रदेश में फंसे प्रवासी मजदूरों के लिए बसों की व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार के बीच चल रही खींचतान ने राज्य में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाया है। यूपी में सत्तारूढ़ बीजेपी के खिलाफ मुख्य विपक्षी दल की जगह लेने में प्रियंका गांधी सबसे आगे हैं। प्रवासी श्रमिकों के लिए यूपी सरकार को 1000 बसों के इंतजाम की अपनी पेशकश के साथ प्रियंका गांधी समाजवादी पार्टी और बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों पर बढ़त कायम करने में कामयाब रही हैं। यूपी सरकार ने यह कहकर मामले को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश की कि कांग्रेस द्वारा व्यवस्थित सभी बसें फिट नहीं थीं या प्रवासी श्रमिकों को नहीं ले रही थीं, यह कहते हुए कि 1000 वाहनों में से केवल 879 बसें ही मौजूद थीं। कांग्रेस पार्टी और उसके करिश्माई नेता को देश में श्रमिकों के पक्ष में बात करने के लिए प्रशंसा की गई उनकी वास्तविक चिंता के लिए व्यापक रूप से सराहना की गई।

यह कहा जा रहा है कि प्रियंका गांधी ने यूपी की आबादी और प्रवासी कामगारों को यह संदेश देने में कामयाबी पाई है कि कांग्रेस वास्तव में उनके बारे में परेशान है। अखिलेश यादव और मायावती ने प्रेस नोट जारी किए और अपने तीखे आलोचनात्मक विचारों को व्यक्त करने के लिए केवल ट्वीट किया, प्रियंका गांधी ने प्रवासी मजदूरों के मुद्दे से निपटने के लिए सुझाव के साथ यूपी के मुख्यमंत्री को चार पत्र लिखे और राहत कार्य में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। गांधी ने राज्य में अपनी पार्टी के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस भी की और विभिन्न जिलों में राज्य स्तर पर सामुदायिक रसोई शुरू करने का निर्देश दिया।

यह स्पष्ट है कि मौजूदा कोरोनावायरस-प्रेरित लॉकडाउन अवधि के दौरान, प्रियंका गांधी ने अपने पार्टी नेतृत्व को सक्रिय किया है और यूपी में राहत कार्यों में शामिल होने के लिए रैंक और फाइल को सक्रिय किया है। प्रियंका गांधी के निर्देशन में, यूपीसीसी के अध्यक्ष अजय कुमार लालू ने न केवल पार्टी मुख्यालय में डेरा डालना शुरू किया, बल्कि पूरे राज्य में किए जा रहे कार्यों की निगरानी की। गौरतलब है कि लालू को राज्य सरकार ने ''गलत सूचना देने'' के आरोप में गिरफ्तार किया था और उन्हें जेल भेज दिया गया था।

लालू के साथ पार्टी की एकजुटता व्यक्त करने के लिए, प्रियंका गांधी ने फेसबुक पर लाइव आने वाले 50,000 पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का आयोजन किया, जहां उन्होंने पार्टी और नेताओं प्रियंका और जेल में बंद यूपीसीसी प्रमुख अजय लाललू के लिए लड़ने का संकल्प लिया। फेसबुक पर लाइव रहने वाले इन कार्यकर्ताओं ने भी 21 मई को राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हालांकि यूपी विधानसभा के लिए राज्य के चुनाव 2022 में होंगे, लेकिन प्रियंका गांधी की हालिया कार्रवाई ने पार्टी के नेताओं और रैंक और फाइल को प्रभावित किया है। इससे पहले भी, प्रियंका गांधी एक महिला के बलात्कार और हत्या के मुद्दे को उठाने के लिए उन्नाव पहुंचने में सफल रही थीं। सोनभद्र में भी प्रियंका गांधी ने महिलाओं के वहां पहुंचने और धरने का मामला उठाया था।

वयोवृद्ध कांग्रेस नेता अमीर हैदर ने कहा कि ऐसे समय में जब कोई भी राजनीतिक दल अपने आराम क्षेत्र से बाहर आने को तैयार नहीं था, प्रियंका गांधी ने अपनी कार्रवाई से न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया बल्कि राष्ट्रीय विमर्श में भी पार्टी को केंद्र में ला दिया। हैदर ने कहा कि संकट के समय में गांधी की भूमिका पार्टी के लिए भविष्य में मददगार होगी। **(संवाद)**

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मन के मैल को साफ कर लो वरना

मन के मैल को साफ कर लो वरना वहां जो सोफ्टवेयर चलेगा तो कोई हाडवेयर काम न आएगा बस करो इन पेट के छालों को केंद्र बनाना जो आए उसने भी हिम्मत तोड़ा जो न आए वो व्याकुल तो हैं ही मन के मैल को साफ कर लो ।

सोनू कुमार आकाश

किसी को नीचा दिखा कर आपको क्या

किसी को नीचा दिखा कर आपको क्या लगता है आप बहुत ऊपर उठ जाते हो ... नही आप उसकी नज़रों मे तो गिरते ही हो जब कभी आपको अपने किये का आभास होता है आप खुद अपनी नज़रों मे भी गिर जाते हो और ऐसा गिरते हो कि आपको कोई उठा ही नही सकता। **भागीरथी सिंह**

खास पाती

बिखरे हुये ख्याल हैं, कुछ

बिखरे हुये ख्याल हैं , कुछ खास नहीं है। जो पाँव को सकून दे, वो घास नहीं है। जीस्त का हासिल है ये बहते हुए आंसू इसके सिवा अब कुछ भी मेरे पास नहीं है। जब तुम नहीं, तो तेरी जुस्तजू भी अब नहीं बेज़ार दिल को तुमसे भी कोई आस नहीं है। समंदर बुला रहा है मुझे खोल के बाहें कह दो उसे कि मुझ को भी अब प्यास नहीं है मुझको भी ख़बर है , मैंने कर के देखी है। मुहब्बत में ऐसा भी कुछ खास नहीं है।

अनु मित्तल

हँस लेती हूँ यह सोचकर कि



हँस लेती हूँ यह सोचकर कि कोई ख़्वाब तो अंतर्मन में ज़िन्दा है, भले ही मुश्किलों का बारीक फंदा है, लड़ लूँगी काँटों से गुलाब की खुशबू बसा लूँगी मन में, भले ही अंधकार बाहर कितना है, मुस्कान सदा रहेगी मेरे भीतर तूफ़ानों से भिड़ने की क्षमता है..! **अनुभूति गुप्ता**

हम कसम से आपके बिन रह नहीं पाए

हम कसम से आपके बिन रह नहीं पाए ! और दिल की बात भी बस कह नहीं पाए !! लोग कितना अच्छा बोले झूठ महफ़िल में ! हम तो सच भी क़ायदे से कह नहीं पाए !! भाव का दरिया मुहब्बबत हो गयी थी पर ! रह गये साहिल पै हम और बह नहीं पाए !! सोचते हैं क़त्ल कर दे हम ख़ुदी को अब ! दूरियों के इश्क़ को हम सह नहीं पाए !! जिस्म कब का मर चुका है दूर रहकर ये ! वक़्त की है बात बस के ढह नहीं पाए !!

मित्र ग़ाज़ियाबादी

बहुत रात हो रही है चलिये



बहुत रात हो रही है चलिये अब सो जाते हैं क्या मिलेगा सारी-सारी रात जागकर यह जलना-जलाना प्यार-मोहब्बत कस्मे-बादे सबको तकिये में गूदड़ संग भरकर सिर के नीचे रख कर सो जाते हैं नींद भी अच्छी आयेगी और सपने भी तब तन भी खुश मन भी खुश और सेहत भी खुश। **देवयानी भारद्वाज**

हमें भी अपनी मुश्किलें आसान



हमें भी अपनी मुश्किलें आसान करना है लगाकर जान अपने नाम ये जहान करना है दुनिया वालों का तो काम है उंगलियां उठाना, हमें उन उंगलियों के पार अपना नाम करना है । बदमाश?? **कृष्णा प्रवीण शुक्ला श्रावस्ती**

किस हद तक जाना है यह कौन

किस हद तक जाना है यह कौन जानता है, किस मंजिल को पाना है यह कौन जानता है, दोस्ती के दो पल जी भर के जी लो , किस रोज बिछड़ जाना है यह कौन जानता है। **सुनित लाहिरी**

दर्द सब सह गया आईना कह गया

दर्द सब सह गया आईना कह गया गमजदा दिल हुआ टूटकर रह गया!! जख्म देता नहीं पर खाए बहुत चाल वह वक्त की देखता रह गया!! ले रहा सिसकियां और आह कभी मौत देती सदा ताकता रह गया!! जोड़ने की कला जागने का हुनर सीखकर भी यहां बेहुनर रह गया!! चैन जाता रहा भूख खाता रहा हाशिए पर कहीं नाम बस रह गया!! जंग जीवन बना तंग है मुफलिसी दर बदर आज वह आशियां ढह गया!! सांझ ढलने को है रैन कब से डसे नैन अश्रु लिए नीर सा बह गया!! **दीपा गुप्ता**

QUIZ TIME

1) पानी से संबंधित किस खेल में स्कल, शेल, एवं क्रैब जैसे शब्द आते है?

2) किस भारतीय कार्टून चरित्र ने 2 दिसम्बर, 1957 को रूसी अंतरिक्ष यान स्पूतनिक-1 पर नकली रूप से अपना जीवन प्रारंभ किया?

3) निम्नलिखित में कौन-सा नगर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नहीं आता है?

(क) पानीपत (ख) रोहतक (ग) खुर्जा (घ) मथुरा

4) सार्वग्राही कौन-से रूधिर वर्ग का होता है? (एबी / ओ)

5) चित्र को पहचानें?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रोइंग (नाव खेना) (2) आर. के. लक्ष्मण का, कॉमन मैन, (3) मथुरा (4) एबी (5) [illegible] द्वीप समूह

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 25 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं: 1611 - मुगल शासक जहांगीर ने महरून्निसा (नूरजहां)से निकाह किया। 1831 - प्रसिद्ध उर्दू शायर दाग देहलवी का जन्म। 1877 - 732 यात्रियों को लेकर जा रहा स्टीमर 'सर जॉन लॉरेंस' उड़ीसा (अब ओडिशा) तट के पास डूबा। 1886 - क्रांतिकारी, वकील एवं शिक्षाविद रास बिहारी बोस का जन्म। 1961 - अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफकेनेडी ने अंतरिक्ष अभियान शुरु करने के लिए वित्तीय मदद की घोषणा की। 1963 - 32 अफ्रीकी देशों ने मिलकर अफ्रीकी संघ का गठन किया। 1970 - बोइंग कंप्यूटर सर्विस की स्थापना हुई। 1985 - बंगलादेश में आये तूफान से 10 हजार लोगों की मौत।

न्यूज गैलरी

जारी निर्देश

दुर्ग। ईद के त्योहार के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन ने निर्देश जारी किए हैं कि 24 मई को मिठाई की दुकान, सेवई, फल, सब्जी, पॉल्ट्री, मीट, मटन, अंडे की दुकानें तथा किराना दुकानें शाम 6 बजे तक खुल सकेंगी।

3 सदस्यीय समिति दल कर रही जाँच

दुर्ग। हाईटेक अस्पताल में भर्ती पेसेंट सीराजू निशा के मामले की जांच के लिए 3 विशेषज्ञों की जांच टीम गठित की गई। टीम को निर्देशित किया है कि तीन दिवस के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। टीम में डॉ. केके जैन, डॉ. मिंज, डॉ. लाल मोहम्मद सदस्य हैं।

सीजी 07 से पंजीकृत नॉन कमर्शियल व्हीकल बायपास प्रोजेक्ट में टोल टैक्स मुक्त

नवप्रदेश संवाददाता



दुर्ग। कलेक्टर सभाकक्ष में टोल प्लाजा की व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में बैठक ली गई। स्थानीय वाहनों से टोल टैक्स लेने व दुर्ग शहर से गुजरने वाले भारी माल वाहकों के विषय में चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दुर्ग परिवहन कार्यालय सीजी 07 से पंजीकृत नॉन कर्मिशियल व्हीकल को दुर्ग बॉय पास प्रोजेक्ट के टोल प्लाजा द्वारा एक जून 2020 से किसी भी प्रकार के टोल टैक्स वसूली से मुक्त रखने का निर्णय लिया गया। पूर्व की भॉति भारी वाहनों का प्रवेश निषेध करने बाबत् हाइट गेज स्थल चयन हेतु डीएसपी ट्रेफिक, ईई पी डब्ल्यूडी जिला खाद्य अधिकारी, जिला खनिज अधिकारी एवं परियोजना प्रबंधक बॉयपास की कमेटी ने स्थान का चिन्हांकन कर लिया है। यह अंजोरा पुलिस चैकी के सामने और ओद्योगिक क्षेत्र सड़क से ग्राम रसमड़ा के मोड़ के पास किया। प्रशासन के द्वारा चिन्हांकित स्थल पर दुर्ग बॉय पास प्रोजेक्ट द्वारा 01 जून 2020 तक निर्धारित हाईट गेज स्थापित किया जाएगा। बैठक में धीरज बाकलीवाल महापौर, अंकित आनंद कलेक्टर, अजय यादव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गजेन्द्र सिंह ठाकुर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, गुरजीत सिंह उप पुलिस अधीक्षक यातायात, संजय वर्मा, परियोजना प्रबंधक एनएचआई, परियोजना प्रबंधक बॉय पास, ऋषभ जैन, अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रवासी मजदूरों को गर्मी से राहत देने महापौर ने बांटे मटठा व छाछ

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार प्रवासी मज़दूरों की सेवा में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में खुर्सीपार गेट के समीप अपने घर जा रहे प्रवासी मजदूरों को वेज पुलाव और आचार के पैकेट सहित तरबूज़, खीरा, चना मुर्रा, मटठा, छाछ व पानी पाउच आदि दिया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आदत्यि सिंह एवं अध्यक्ष अफरोज खान ने बताया कि प्रवासी मजदूरों की सेवाक्रम में स्वल्पाहार केंद्र में आज हमारे बीच अपना श्रमदान करने विधायक एवं महापौर देवेंद्र यादव पहुंचें। उन्होंने अपने हाथों में गलब्स और मास्क पहनकर पूरी सुरक्षा के साथ अपने हाथों से मजदूरों को खाने के पैकेट दिए। कोरोना रोकथाम के लिए जरूरी सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन किया गया। महापौर ने मजदूरों के सफर की जानकारी ली। इस सेवा कार्य में श्रमदान करने वालों में मुख्यरूप से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी इंद्रजीत सिंग, डी कामराजु, मंगा सिंह, शरद मिश्रा, मलकीत सिंह, बबिता बैसरे, नरसिंह नाथ, आकाश यादव, अमरेश गिरी, शुभम झा, एम गोपाल, नवदीप सिंह, अभिषेक मिश्रा, आशीष यादव, श्रवण मांझी, आयूब, सुमित सिंह आदि शामिल रहे।

कार्ययोजना बनाकर निगम ने झोंकी ताकत

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। कोरोना संकट के बीच शहरी क्षेत्रों में पीलिया व डेंगू के बढ़ते प्रकोप के मददेनजर बैठक में अहम स्वास्थ्यगत निर्णय एवं दिशा निर्देश उपरांत निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने निगम स्वास्थ्य विभाग की बैठक बुलाकर उल्लेखित मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु कार्ययोजना सुनिश्चित कर अतिशीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए हैं। तदानुसार स्वास्थ्य विभाग संक्रमित बीमारियों की रोकथाम हेतु अमलीजामा पहनाने में जुट गई। ज्ञातव्य हो कि निगम क्षेत्रों में डेंगू के फैलाव व रायपुर में पीलिया के बढ़ते प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त सर्वे के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग पहले से ही एलर्ट मोड में है। उक्ताशय हेतु स्वास्थ्य विभााग ने माह अप्रैल में ही निगम के सभी वार्डों में पीलिया के बचाव हेतु 40 हजार क्लोरिन टेबलेट का वितरण करने के साथ.साथ लोगों में जनजागरण अभियान चलाकर उबला हुआ एवं साफपानी पीने हेतु लोगों को प्रेरित किए हैं। स्वास्थ्य अमला अपनी द्वितीय चरण में मितानिनों के सहयोग से आज तक 20 हजार क्लोरिन टेबलेट एवं 9800 डेंगू लार्वा नाशक दवाई की बोतलें घरों में पहुंचकर वितरित कर चुके हैं तथा हैंड स्प्रेपंप के माध्यम से घरों में रखे कूलर, फ्रिज एवं मच्छर पनपने की संभावित जगह को सैनेटाइज कर रहे हैं। निगम क्षेत्र के नालों एवं नालियों का युद्ध स्तर पर सफाई कर मैलाथियान मलेरिया ऑयल का छिड़काव के साथ.साथ हैंडपंप एवं पॉवर पंपों के आसपास ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। वहीं डेंगू के लार्वा पनपने की संभावित जगहों की साफ- सफाई व एकत्रित पानी को खाली कराया गया।

दुकानों में सैनिटाइजिंग कार्य जारी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कोविड 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अधिक आवाजाही वाले दुकानों में तथा निगम क्षेत्र के वार्डों में सैनिटाइजिंग का कार्य किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला घरों के भीतर वार्डों तथा गली मोहल्लों के साथ ही दुकान, बाजार क्षेत्र को टैंकर एवं हैन्ड स्प्रे के द्वारा सैनेटाइज का कार्य प्रतिदिन कर रहे हैं। लॉक डाउन के तहत सोशल डिस्टेंस बनाए रखने तथा घर से बाहर निकलने वाले सभी नागरिकों को चेहरे पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की अपील निगम द्वारा की जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही भी की जा रही है! भिलाई निगम के सभी जोन कार्यालयों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु क्षेत्र के वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से दुकानों, बाजार क्षेत्र, घरों के भीतर एवं सार्वजनिक स्थानों सहित निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव टैंकर गाड़ी व हैन्ड स्प्रे के माध्यम करते हुए सेनेटाइज किया गया। निगम क्षेत्र अंतर्गत डॉ. सोनी लाईन, जेपी नगर, मोची मोहल्ला, सूर्या नगर, नहरपारा, सब्जी मण्डी, दीपक गली, पुलिस लाईन, कचरा प्वाइंट, शारदापारा, बाबा कॉलोनी में पार्षद घर लाइन सुलभ लाइन, संतोषी पारा सुनील किराना स्टोर के पास, जेपी नगर साबर साठी लाइन, महामाई किराना स्टोर, मोची मोहल्ला, मदर टेरेसा नगर, गिरीबाबू लाईन, दीपक मोहल्ला, बीएसपी पानी टंकी क्षेत्र, कचरू लाईन, रवि टेलर, हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर किशन चौक, तालाब किनारे शिव मंदिर के आस.पास संतोषीपारा ठाकुर लाइन, हुडको क्वार्टर, बोलबम गली, बैजनाथ मंदिर लाइन, शांतिनगर, अम्बेडकर नगर, राजीव नगर, रामनगर, वैशालीनगर, वृन्दा नगर, कुरूद बस्ती, हाउसिंग बोर्ड सहित विभिन्न स्थानों पर निगम के अमले ने सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल का छिड़काव कर सैनिटाइज करने का कार्य किया।

कांग्रेस प्रवेश

दुर्ग। एक सप्ताह के भीतर नगर निगम के चौथे निर्दलीय पार्षद ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इससे पहले सतीश देवांगन, बबीता यादव व हेमेश्वरी निषाद ने कांग्रेस प्रवेश किया था। आज वार्ड 15 से निर्दलीय पार्षद उषा ठाकुर ने विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में अपना भरोसा जताते हुए कांग्रेस प्रवेश कर लिया। लता ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस की रीति नीति के साथ ही कोरोना संकट के दौरान विधायक वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में निगम में जिस तरह जनहित के कार्य किए गए और वायरस की रोकथाम के सार्थक प्रयास किए उससे पार्षद लता ठाकुर प्रभावित हैं।

लॉकडाउन में भी शव वाहन दे रहा है अपनी सेवाएं

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों से शव वाहन की मांग आती है, तत्परता से निगम के कर्मचारी वाहन उपलब्ध कराते हैं और वाहन चालक पूरे जज्बे के साथ अपने कार्य में लगे हुए हैं। निगम के वाहन शाखा में 5 शव वाहन मौजूद है, जिसमें सैनिटाइजिंग की पर्याप्त व्यवस्था है तथा प्रत्येक ट्रिप के बाद वाहन की धुलाई की जाती है। इन वाहनों में पांच वाहन चालक संतोष देवांगन, पितांबर यादव, शंभूलाल, दिलीप एवं रामगोविंद अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभा रहे एवं कहीं भी आने.जाने के दौरान मास्क का उपयोग कर रहे हैं। शव वाहन की जरूरत के लिए इनसे कर सकते हैं संपर्क शव वाहन की जरूरत होने पर निगम के वाहन शाखा के कर्मचारी सुभाष साहू एवं पीलेंद्र मिश्रा से संपर्क कर सकते हैं। बीपीएल परिवार को निशुल्क सेवा गरीबी रेखा कार्ड वाले परिवार को शव वाहन के लिए कोई भी शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है।

भाजपा को छग सरकार से सीख लेनी चाहिए : कुरैशी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने शहीद भारतरत्न राजीव गांधी के 29वें शहदत दिवस पर विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ के 19 लाख किसानों के खाते में प्रथम किस्त 1500 करोड़ रूपया ट्रांसफर किया है छत्तीसगढ़ के किसानों को राहत तो मिलेगा साथ ही छत्तीसगढ़ के बाजार में पैसों की आवाजाही शुरू हो जायेगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल मंत्रीमण्डल के समस्त सहयोगी धन्यवाद के पात्र है। कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने शहीद राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूवात करके प्रदेश ही नहीं देश के अन्य राज्यों कों सीख दिया है कि प्रदेश और देश के मुखिया अगर किसान के हित के बारे में चिंतन करे और उन्हें लाभ पहुंचाने का निर्णय कर ले तो देश में बहुत सारी योजना है उस योजना के तहत किसानों को लाभ पहुंचाया जा सकाता है जिस प्रकार छत्तीसगढ में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने शहीद राजीव गांधी के शहदत दिवस किसान न्याय योजना के तहत प्रदेश के 19 लाख किसानों को 5700 करोड़ रूपये का लाभ पहुंचेगा।

अन्य राज्यों की भाजपा की सरकारें किसानों के हित में निर्णय ले ले तो निश्चयी इससे किसानों का भला होगा और प्राकृतिक विपदा, अकाल, सूखे के नाम पर देश में सैंकड़ो किसानों को आत्महत्या करने की स्थिति निर्मित नहीं होगी। कुरैशी ने देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रीयों से आग्रह किया है कि इसी प्रकार की देश में योजना बनाकर किसानों को लाभ पंहुचाये ताकि देश में किसानों के आत्महत्या पर रोक लगेगा। शहीद राजीव गांधी की किसानों और ग्रामीणों के प्रति हमदर्दी और सोच थी इसलिए उन्होंने पंचायतों के चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है और अपने उद्बोधन में कहा था कि केन्द्र से 100 रूपया भेजा जाता लेकिन गांव तक पहुंचते 20 पैसा हो जाता है। इस से स्पष्ट प्रतीत होता है कि देश किसानों और ग्रामीणों के प्रति क्या सोचती थी।

गौमांस ले जाते दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। दो युवकों द्वारा गौमांस का परिवहन करते कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी की दो युवक एक स्कूटी में गौ मांस लेकर ग्राम खपरी के आसपास घूम रहे हैं।

पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके सें आरोपी विष्णु सोना (33 वर्ष) एवं बलराम सोना (37 वर्ष) खालबाडा रायपुर को गिरफ्तार कर भादवि के धारा 298 ए एवं 34 के तहत कार्यवाही कर रही है।

पाइपलाइन बिछाने जगह-जगह सड़कें खोदकर अधूरा छोड़ा काम

विधायक वोरा ने कमिश्नर से दो टूक कहा अमृत मिशन को ना बनाएं पंचवर्षीय योजना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अमृत मिशन प्रोजेक्ट का काम सुस्त चाल से चलने के कारण नागरिकों की परेशानी बढ़ गई है। 152 करोड़ रुपए की लागत से 26 माह पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट को 24 माह में पूरा करना था। लेकिन हालत ये है कि अभी तक ज्यादातर काम अधूरे पड़े हैं। पाइप लाइन विस्तार और नल कनेक्शन देने के कार्य में ढिलाई और जगह जगह सड़कें खोदकर छोड़ देने पर विधायक अरूण वोरा ने गहरी नाराजगी जताई है। वोरा ने निगम कमिश्नर इंद्रजीत बर्मन से साफ कहा है कि अमृत मिशन के सभी पेंडिंग कार्य तत्काल पूरे कराए जाएं। शहर में कई वार्डों में पाइपलाइन बिछाने गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। इसके कारण नागरिकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। लगातार शिकायत मिलने पर विधायक अरूण वोरा ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शहर के मुख्य मार्गो को पाइप लाइन बिछाने बिछाने के बाद त्वरित गति से कार्य नहीं किया गया। मलबा उठाने में भी ढुलमुल रवैया अपनाया जा रहा है। शहर के कई वार्डो में पाइपलाइन बिछाने गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए, जगह-जगह खोदे गए गड्ढो से मलबा व मिट्टी से आम जनता में रोष व्याप्त है और कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

क्वारंटीन केंद्र में प्रवासी श्रमिकों ने सुना मुख्यमंत्री का संदेश

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। क्वॉरेंटाइन में रह रहे प्रवासी श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संदेश सुनाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। यहां विभिन्न क्वारन्टीन केंद्रों में लोगों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की रेडियो वार्ता सुनी। मुख्यमंत्री के संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए धमधा के क्वारन्टीन सेंटर में रह रहे ग्रामीण कैलाश ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपनी बात में जिन प्रमुख चीजों का जिक्र किया है। उसमें मुझे सबसे अच्छी बात मनरेगा को लेकर लगी। हम लोग बाहर से काम छोड़ कर लौटे हैं। ऐसे में हमें फिक्र थी कि हमें अब कुछ समय बिना काम के बिताना होगा लेकिन हमारे साथी ग्रामीणों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मनरेगा के माध्यम से पर्याप्त काम खोल दिया है और गांव में काम की किसी तरह से कमी नहीं है। मुझे बहुत अच्छा लगाए अब क्वॉरेंटाइन पूरा कर मैं मनरेगा काम में लगूंगा। धमधा के ही क्वारन्टीन सेंटर में आये प्रवासी श्रमिक भोलानाथ ने बताया कि मुख्यमंत्री के संबोधन की सबसे अच्छी बात यह लगी कि वह किसानों को सहायता पहुंचा रहे हैं। ऐसे समय में जब हर तरफ लोग तकलीफ में है किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से बड़ी सहायता उपलब्ध कराई गई है। इससे प्रदेश में खेती किसानी का कार्य बढ़ेगा। बहुत सारे मजदूर अपने खेतों में वापस होंगे। मनरेगा के कार्य आरंभ होने से लोगों को काम की किसी तरह से दिक्कत नहीं होगी। प्रवासी श्रमिक हीरामन ने बताया कि हमारे सेंटर में सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है हम 14 दिन की अवधि पूरा कर अपने घर लौट जाएंगे यह बहुत अच्छी यह बहुत अच्छी बात है कि शासन ने वारंट इन केंद्रों का निर्माण कर दिया है इससे सभी प्रवासी श्रमिकों को भी सुविधा मिल गई है और गांव वाले भी निश्चिंत हैं 14 दिन का समय निकालकर सभी अपने घर पहुंच जाएंगे स्थानीय अमला फॉर रेंट इन केंद्रों में हमारा पूरा ध्यान रख रहा है ग्रामीणों ने बताया कि चाहे बीपीएल परिवारों को निशुल्क राशन देने का मसला हो या उन्हें अपने घर पहुंचाने का छत्तीसगढ़ शासन ने ग्रामीणों के सहयोग के लिए हर संभव कार्य किया है सबसे अच्छी बात यह है कि बड़े पैमाने पर मनरेगा के कार्य यहां पर चल रहे हैं। इससे प्रवासियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। साथ ही किसानों को मिली सहयोग राशि से उन्हें खरीफ फसल में बड़ा सहयोग मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने आज लॉक डाउन के दौरान शासन द्वारा किये गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया जिसकी प्रशंसा लोगों ने की।

टेमीफास छिड़काव... क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण कार्य में लगे निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक की टीम

घर-घर हो रही जल जमाव वाले पात्रों की जांच

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के तहत घर.घर में टेमीफास का वितरण किया जा रहा है एवं डेंगू बीमारी से बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। जोन 3 क्षेत्र के संतोषी पारा सहित अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता के विशेष गैंग के माध्यम से नाली सफाई, कचरा सफाई, फागिंग, घर.घर कूलर एवं विभिन्न पात्रों की जांच, टेमीफास के उपयोग के तरीके तथा बुखार आदि की जानकारी प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक वीके सैमुअल एवं केके सिंह की टीम भी इस क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण के लिए कार्य कर रही है।

टेमीफास का वितरण डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए घरों में टेमीफास् का वितरण निगम द्वारा किया जा रहा है। वार्ड 20 प्रगति नगर में 3050, वार्ड 21 बैकुंठ धाम सुंदरनगर में 3250, वार्ड 22 श्याम नगर में 2300, वार्ड 23 संत रविदास नगर में 2250, वार्ड 24 शारदा पारा में 2600 एवं संतोषी पारा क्षेत्र में अब तक 2650 घरों में इसका वितरण किया जा चुका है। जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर के विभिन्न वार्डों के घरों में 16100 से अधिक टेमीफास का वितरण किया जा चुका है, वितरण के साथ ही इसके उपयोग के तरीके भी बताए जा रहे हैं तथा बच्चों से इसे दूर रखने कहा जा रहा है। फागिंग एवं स्प्रे के लिए विशेष गैंग संतोषी पारा के क्षेत्रों में फागिंग एवं स्प्रे कार्य के लिए अतिरिक्त स्वच्छता कर्मचारी लगाए गए हैं जो कि प्रातः एवं संध्याकालीन फागिंग का कार्य कर रहे हैं इसके साथ ही मच्छरों को नष्ट करने के लिए स्प्रे कर रहे हैं। स्वच्छता कर्मचारी सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए नाली एवं गंदगी सफाई का कार्य भी सघन रूप से कर रहे हैं। नाली सफाई के पश्चात चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हो रहा है। कूलर एवं विभिन्न पात्रों की जांच निगम, मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम घर.घर जाकर कूलर, पात्रों, छत में रखे गमले, टंकी इत्यादि का निरीक्षण कर रहे हैं। जमे पानी में डेंगू के लार्वा को नष्ट करने के लिए टेमीफास का उपयोग किया जा रहा है। निर्धारित प्रपत्र में एकत्रित की जा रही है जानकारी डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में एकत्रित की जा रही है। निरीक्षण पात्रों, टंकियों की संख्या, मच्छर के लार्वा मिलने वाले स्थानों की संख्या, मरीज की संख्या, फ्रिज के पीछे के ट्रे का निरीक्षण मच्छरदानी का उपयोग किया जा रहा है।

कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए बीएसपी कार्मिक

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयत्र के शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत माह फरवरी तथा मार्च 2020 में विद्युत जोन से उत्कृष्ट कार्य संपादित करने वाले कर्मचारियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए विनय कुमार दुबे, चार्जमैन, ईटीएल विभाग तथा संजय कुमार सरकार, वरिष्ठ तकनीशियन, ईआरएस विभाग को सम्मानित किया गया। कोविड.19 महामारी के मद्देनजर समारोह के दौरान पुरस्कारों के संचालन और वितरण में सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन किया गया। कार्यक्रम में प्रबीर कुमार सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कर्मचारी के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया। एपी पाण्डेय, महाप्रबंधक प्रभारी (ईटीएल) तथा पीके पाढ़ी महाप्रबंधक (ईआरएस) ने पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को सराहा। इस कार्यक्रम का संचालन कार्मिक कार्यालय.शक्ति एवं विद्युत द्वारा किया गया।

भाजपा नेताओं की सूची जारी करना किसानों के साथ दगाबाजी से ध्यान भटकाने का हथकंडा : संदीप शर्मा

■ **बेहतर होता, कांग्रेस मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियो के खाते में जमा अंतर की राशि का ब्यौरा भी देती**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद । भारतीय जनता पार्टी ने धान मूल्य की अंतर राशि को लेकर कांग्रेस के प्रलाप को निम्नस्तर की राजनीति का परिचायक बताते हुए कहा है कि लाभान्वित किसानों में भाजपा के बड़े नेताओं के नामों की सूची जारी करके बता दिया है कि प्रदेश सरकार और कांग्रेस अपनी सोच के दीवालिएपन से उबरने को तैयार ही नहीं हैं। भाजपा ने कटाक्ष किया कि ज्यादा अच्छा तो तब होता जब कांग्रेस अपनी सरकार के मुख्यमंत्री समेत उन सभी मंत्रियों के नाम भी इस सूची में शामिल करती जिनका हाल ही में एक समाचार पत्र में कोरोना वॉरियर्स के तौर पर गुणगान हुआ है। कांग्रेस बताए तो कि इन मंत्रियों के खातों में धान मूल्य के अंतर की कितनी-कितनी राशि जमा हुई है? इनमें से कितने मंत्रियों को अंतर राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा कराने कांग्रेस अपना साहस दिखाएगी?

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेता तो किसानों के शुरू से हितैषी रहे हैं और किसानों का सम्मान कर इनके कल्याण की कई योजनाओं पर भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार ने काफी काम किया। शर्म तो कांग्रेस के नेताओं को महसूस होनी चाहिए जिन्होंने किसानों के साथ लुभावने वादे किए और सत्ता में आते ही उन वादों से मुकरने का अपना राजनीतिक चरित्र जाहिर करने में जरा भी देर नहीं लगाई। दो साल के बकाया बोनस के वादे से मुकरने वाली कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार यह न भूले कि हर किसान का सारा कर्ज माफ करने का वादा हाथ में गंगाजल लेकर कसम खाकर कांग्रेस ने ही किया था और सत्ता में आने के बाद उसने आधा-अधूरा कर्ज माफ करके किसानों के साथ अब तक की सबसे बड़ी और शर्मनाक दगाबाजी का परिचय दिया है, जबकि कर्जमाफी और पूर्ण शराबबंदी के नाम पर ही प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी थी।

भाजपा किसान नेता संदीप शर्मा ने कहा कि धान मूल्य की अंतर राशि का मात्र एक चैथाई हिस्सा का भुगतान कर कांग्रेस ने लाभान्वित किसानों के तौर पर जिस तरह भाजपा के बड़े नेताओं के नामों की सूची जारी की है, वह दरअसल किसानों के साथ की जा रही दगाबाजी से लोगों का ध्यान भटकाने का हथकंडा है। कांग्रेस के बड़े नेताओं ने भी तो भाजपा शासन में बोनस समेत किसानों के हित की तमाम योजनाओं का लाभ लेकर बोनस की रकम चुपचाप हजम कर ली थी। उन्होंने कहा कि किसानों से धान मूल्य के तौर पर 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल का तुरंत एकमुश्त भुगतान करने का कांग्रेस सरकार ने वादा किया था लेकिन उसने पूरा भुगतान नहीं किया। फिर अंतर राशि का भुगतान अप्रैल तक एकमुश्त करने का ऐलान किया था जिसे अब वादाखिलाफी कर किसान न्याय योजना की सियासी लफ्फाजी कर चार किशतों में प्रदेश सरकार दे रही है। आज अंतर राशि के नाम पर किसानों पर अहसान जताकर कांग्रेस किसानों के आत्म-सम्मान से एक बार फिर खिलवाड़ कर अपनी गंदी राजनीतिक मानसिकता का परिचय दे रही है।

■ न्यूज गैलरी

गरीब परिवारों को नहीं मिल रहा चना

महासमुंद। सार्वजिनक वितरण प्रणाली की दुकानों से गरीब परिवारों को चना नहीं मिल रहा है। कई कार्डधारी को कार्ड में चना का आबंटन नहीं आया है कहकर दुकान से वापस लौटा दिया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि डायरेक्टर लेबल से चना आबंटन में तकनीकी खराबी आ गई है। जिसके कारण कई राशनकार्डधारियों के कार्ड में चना का आबंटन नहीं दिखा रहा है। इसकी जानकारी प्रोग्रामर व उच्चाधिकारियों को दी गई है। जिले में 2 लाख 72 हजार बीपीएल कार्डधारी हैं। जिन्हें प्रतिमाह एक व दो रूपए में चावल, मुफ्त नमक का वितरण किया जा रहा था। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते इन बीपीएल परिवारों को तीन महीने मुफ्त चावल, नमक व इसके साथ एक किलो चना का वितरण किया गया। चना वितरण तीन महीने तक वितरण करना है, लेकिन दूसरे महीने से आधे से ज्यादा राशन कार्डधारियों को चना का वितरण नहीं किया गया। वे चना के लिए दुकान के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उन्हें इस महीने कार्ड में चना का आबंटन नहीं आने की बात कहकर वापस भेज दिया जा रहा है।

11261 संदिग्ध यात्रियों को क्वारेंटाइन पर रखा गया

महासमुंद। प्रदेशभर में प्रवासी मजदूरों के कोरोना पॉजिटिव आने के आंकड़ों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसपी वारे ने विभागीय कर्मचारियों सहित नागरिकों से और भी ज्यादा सावधान रहने की अपील की है। कोरोना वायरस नियंत्रण एवं रोकथाम दल के डिस्ट्रिक्ट सर्विलेंस अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर और जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार ने बताया कि प्रवासी मजदूरों की जांच में देर न हो इसके लिए रैपिड टेस्ट किट का भी प्रयोग बढ़ा दिया गया है। 22 मई तक की स्थिति में जिले में आरडी किट से 1800 मजदूरों की जांच की जा चुकी है, जो निगेटिव थे। वहीं, अब तक 11261 संदिग्ध यात्रियों को क्वारेंटाइन पर रखा गया है। इनमें से 650 के स्वॉब का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इनमें से 75 फीसदी नमूने निगेटिव हैं।

दो लोगों से 100 लीटर महुआ शराब, और निर्माण सामग्री जब्त

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने शनिवार को ग्राम डुडुमचुआ नाला किनारे दो लोगों से 100 लीटर महुआ शराब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर ग्राम डुडुमचुआ निवासी अर्जुन बरिहा से दो नग 20 लीटर वाली जरकिन, दो पीतल की गुंडी में 10-10 लीटर कुल 60 लीटर महुआ शराब, शराब बनाने का सामान जर्मन गंजी, महुआ पास, 4 नग जर्मन गंजी, 2 नग प्लास्टिक पाइप, एक कांवर जब्त किया गया। पुलिस ने उन्हें धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। इसी प्रकार ग्राम देवलभाठा निवासी संजय सेठ पिता रघुमणी सेठ को मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 पी 7968 से 20-20 लीटर वाली दो जरकिन में कुल 40 लीटर महुआ शराब परिवहन करते पकड़ा।

मारपीट, दोनों पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

महासमुंद। कोतवाली पुलिस ने मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया है। ओम कुमार पटेल, गोपी और प्रेमचंद पटेल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों में मारपीट हो गई। ओमकुमार की शिकायत पर महेश और मुकेश खिलाफ 294, 323, 506, 34 तथा मुकेश की शिकायत पर ओम, प्रेम और गोपी के खिलाफ 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया गया है।

2 हजार की महुआ शराब जब्त

महासमुंद। खल्लारी पुलिस ने ग्राम कोमा के मोची पारा में एक युवक से करीब दो हजार कीमत की महुआ शराब जब्त की। जानकारी के मुताबिक आरोपी ईश्वर रात्रे पिता गोर्वधन (25) ने अवैध रूप से महुआ शराब बेचने के लिए रखा था। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की है।

घायल की मौत, बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद पिथौरा पुलिस ने जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गबोद कसडोल निवासी आरोपी बाइक चालक यशवंत साहू ने सोमराज ऊर्फ सूरज सुर्यवंशी को ठोकर मार दी। उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

उधार के रूपए को लेकर मारपीट

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम गुहेदादर में उधार के रूपए को लेकर बलराम प्रधान पिता मकरध्वज प्रधान ने गांव के रसिक प्रधान के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506 के तहत अपराध कायम किया।

खबर प्रकाशित होने के बाद झुके हुए पोल को किया गया दुरुस्त

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। ग्राम पंचायत बगबुडा में मुख्य मार्ग नाला के पास विद्युत पोल झुक गया था। झुके हुए विद्युत पोल को दुरुस्त करने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा संबंधित विभाग में शिकायत किया गया था उसके बावजूद झुके हुए पोल को दुरुस्त नहीं किया जा रहा था। जिसको लेकर हादसे को निमंत्रण दे रहा झुके हुए बिजली का पोल नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशन के बाद हरकत में आए संबंधित विभाग के द्वारा झुके हुए पोल को दुरुस्त किया गया।

नवप्रदेश में प्रकाशित खबर का असर

हादसे को न्योता दे रहा खतरनाक बिजली का पोल

जनपद पंचायत बलौदा बाजार क्षेत्र के अंतर्गत लवन खरतोरा मुख्य मार्ग में पड़ने वाले ग्राम पंचायत बगबुडा के वार्ड क्रमांक सात मुख्य मार्ग नाला के पास विद्युत पोल पिछले दो-तीन महीने से झुक गया था जिसकी शिकायत गांव के जागरूक युवक संजय कठोत्रे, मानसिंग जांगड़े, घनश्याम कठोत्रे के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी को किया गया था। शिकायत के बावजूद झुके हुए पोल को दुरुस्त करने के बजाए नजरअंदाज कर रहा था जिससे झुके हुए पोल धीरे-धीरे नीचे की ओर झुकते हीं जा रहा था। जो कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता था। जिसको लेकर 24 मई को दैनिक नव प्रदेश अखबार में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया किया गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद कनिष्ठ यंत्री प्रशांत विल्सन पन्ना के द्वारा 24 मई को ही सुबह झुके हुए पोल को दुरुस्त कराया गया। बगबुडा के जागरूक युवको ने नव प्रदेश के प्रति आभार प्रकट किया है।

नक्सली घटना में शहीद जवानों की पुण्यतिथि पर याद की गई साथियों की शहादत

गरियाबंद। नव साल पूर्व 23 मई 2011 को नक्सली घटना में शहीद जिले के दो जवानो ग्राम भैसामुड़ा के होमेश्वर सिंह ठाकुर तथा ग्राम कामराज के कृष्णकुमार निर्मलकर के पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को पुलिस ने उनकी शहादत को याद किया। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, एसडीओपी संजय ध्रुव तथा छुरा थाना प्रभारी राजेश जगत ने शहीदो के गृह ग्राम पहुच उन्हे श्रध्दांजली अर्पित की। शहीद जवानो के परिजनो से मिलकर उनका कुशलक्षेप जाना तथा गांव में शहीद जवानो की स्मृति में बनाई गई उनकी प्रतिमा पर नारियल व फुल चढ़ा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। ज्ञात हो कि नव वर्ष पूर्व गरियाबंद ओडिशा सीमा पर हुए सोनाबेड़ा क्षेत्र में हुए नक्सली घटना में ये जवान शहीद हुए थे।

ग्राम नागाबुढ़ा की 19 वर्षीय युवती की जहर सेवन से मौत

गरियाबंद। शनिवार को ग्राम नाबागुढ़ा की 19 वर्षीय युवती दामिनी साहू पिता मनोज कुमार साहू ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण अज्ञात है। थाना प्रभारी आर के साहू ने बताया कि परिजनो की सुचना पर मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। युवती के शव का पोस्ट मार्डम कर परिजनो को सौप दिया गया है। पीएम रिपोर्ट में जहर सेवन से मौत की पुष्टि हुई है, अधिक जानकारी के लिए एफएसएल जांच के लिए बिसरा प्रिजर्व किया गया है। उन्होने बताया कि परिजनो के मुताबिक युवती शुक्रवार रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने गई थी। सुबह जब सात बजे तक नही उठी तो परिजन उसे देखने गए परंतु दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर जब अंदर पहुचे तो युवती बिस्तर में मृत पड़ी पड़ी थी युवती के मुह व नाक से झाग निकला हुआ था। जिसके बाद इसकी सुचना परिजनो ने सीटी कोतवाली पुलिस को दी।

कोरोना का आज 1 और मामला, अब तक जिले में 15 मामलों की पुष्टि

लवन। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में देर शाम कोरोना के एक और मामले की पुष्टि हुई है। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम धाराशिव की एक महिला का रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने देर शाम जिला प्रशासन को इस आशय का रिपोर्ट किया है। महिला श्रमिक वर्ग से है तथा अन्य राज्यों से वापस आने की वजह से धाराशिव स्कूल की क्वारंटाइन सेण्टर में निवासरत है। एम्स रायपुर में उनका इलाज किया जाएगा। उन्हें रायपुर शिफ्ट करने के लिए एम्बुलैंस धाराशिव रवाना हो चुकी है। धाराशिव के क्वारंटाइन सेन्टर में पूर्व में भी कोरोना मरीज़ रिपोर्ट किये गए हैं। इसलिए पूर्व से ही क्वारंटाइन सेन्टर एवं आस-पास के इलाके कण्टेन्मेंट जोन घोषित हैं। महिला की कांटेक्ट ट्रेसिंग हिस्ट्री खंगाला जा रहा है। आज के एक मामले को मिलाकर जिले में अब तक कोरोना के कुल 15 प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। इन सभी का इलाज रायपुर एम्स में किया जा रहा है।

एक ही दिन में साढ़े 12 हजार रूपए की अवैध शराब जब्त

महासमुंद। शुक्रवार को जिले के चार थाना क्षेत्रों से करीब साढ़े 12 हजार रूपए की अवैध शराब जब्त की। जानकारी के मुताबिक पिथौरा थाना क्षेत्र ग्राम रामपुर में आरोपी रमेश साहू पिता किरण लाल (28) के पास बिक्री के लिए रखी 20 लीटर महुआ शराब जब्त की। जिसकी कीमत 4 हजार रूपए है। पुलिस ने मामले में आबकारी एक्ट धारा 34 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। इसी तरह बागबाहरा वार्ड 9 में आरोपी सतबीर दुआ पिता स्व. इन्दर सिंह (33) के पास से 3.600 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 1600 रू जब्त की।

खुर्सीपार कोटवार निलंबित

महासमुंद। पिथौरा तहसील के अंतर्गत सभी ग्राम कोटवारों की संबंधित ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल भवन में दूसरे राज्यों से आए श्रमिकों की निगरानी के लिए स्थापित क्वारेंटाइन सेंटर में ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने, अपेक्षित सहयोग नहीं करने एवं उच्चाधिकारियों के निर्देश की अवहेलना करने के कारण तहसीलदार ने खुर्सीपार के कोटवार जयमल कुलदीप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा साल्हेतराई के कोटवार गयाराम पांडे को ग्राम खुर्सीपार के ग्राम कोटवार का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

किन्नरों को सूखा राशन वितरित

महासमुंद। उड़ान जीएस सोसायटी के समाजसेवी अनुजा पासबान एवं शिक्षिका मधु तिवारी, डाइट व्याख्याता टेकराम सेन ने वर्तमान विषम परिस्थिति को देखते हुए महासमुंद के किन्नरों के लिए विशेष पहल कर राशन की व्यवस्था की। जिसमें चावल, तेल, आलू, प्याज, मसाला, सब्जियां, कोलगेट व साबुन प्रदाय किया गया। प्रेरक अनुजा ने कहा कि जब पूरा विश्व कोरोना वायरस से चिंतित व परेशान है, इस समय लाखों लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पैदल भूखे प्यासे दूसरे प्रदेश से अपने घरों को वापसी कर रहे हैं।

क्वारंटाइन में 14 दिन बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य परीक्षण नहीं

■ **महाराष्ट्र से आये 30 परिवार खौफजदा**

अर्जुनी। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्वॉरेंटाइन सेंटर में महाराष्ट्र के पुणे चंद्रपुर से 17 मई को 30 श्रमिक मजदूर परिवार आकर रुका हुआ है ,जिसमें विष्णु, कामता साहू, दुखित, अनिल साहू, नीलेश्वर चक्रधारी ,कुंती साहू ,मिथलेश चक्रधारी ,आदि ने बताया कि वे महाराष्ट्र से आए हैं परंतु यहां आने से पहले व रहने के दौरान डॉक्टरों द्वारा कोरोनावायरस का चेक व इम्युनिटी का चेकअप नहीं किया गया जिसके चलते वहां ठहरे हुए सभी मजदूर को ख़ौफ़ज़दा हैं।

> ग्राम के गरीब श्रमिक परिवार लॉक डाउन के कारण बेरोजगार होकर पुनः अपने गांव वापस लौटे हैं मजदूरों को क्वॉरेंटाइन सेंटर में रखकर खाद्य सामग्री व किराना सामान देकर सेवा कर रहे हैं, इन श्रमिकों की मांग पर डॉक्टर से पुनः जांच के लिए चर्चा की जाएगी।
>
> **प्रमोद जैन,** सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी

गौरतलब है कि देश में सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित वाले प्रांत में महाराष्ट्र मुख्य रूप से हैं ,इसके बावजूद यहां हमारे यहां स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन द्वारा कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। श्रमिकों ने बताया की यहां के नर्स द्वारा हम लोगों से केवल सर्दी खांसी पूछ कर मात्र चली जाती है,जबकि श्रमिक को राशन सामग्री साबुन तेल आदि ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा प्रतिदिन दिया जा रहा है, तथा निरंतर श्रमिकों की हालचाल पूछा भी जा रहा है।

कॉलेज के विद्यार्थियों को जनरल प्रमोशन दें या 50 लाख रुपये का बीमा करें : सुशील बंजारे

लवन । छत्तीसगढ़ छात्र संगठन जोगी ने राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन से कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को जनरल प्रमोशन देने या फिर सभी छात्र छात्राओं का 50 लाख रुपये का बीमा कराने की मांग की है। छत्तीसगढ़ छात्र संगठन जोगी के प्रदेश सचिव सुशील बंजारे ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर 2019-20 के अनुसार परीक्षा आयोजित होना असंभव प्रतीत हो रहा है। जिससे प्रदेश के निजी व शासकीय कालेजों में अध्ययनरत लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ रही है इसे ध्यान में रखते हुए जोगी छात्र संगठन की ओर से 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जनरल प्रमोशन देने की मांग की गई थी परंतु मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा छात्र हित में किसी प्रकार का अभी तक निर्णय नहीं लिया गया है। कहा गया है कि महाविद्यालयों में जनरल प्रमोशन नहीं दिया जा सकता परीक्षाएं पूर्ववत होगी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए एक कमेटी बनाने की बात भी सामने आई है जिसके द्वारा परीक्षाओं को लेकर सुझाव दिए गए हैं तत्पश्चात आयोग द्वारा परीक्षा संबंधित गाइडलाइन जारी की गई है यह भी छात्र छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य को लेकर अनुकूल नहीं है आयोग द्वारा परीक्षाएं 1 जुलाई से 30 जुलाई के मध्य आयोजित कराने की बात कहीं गई है जो पूर्णता अव्यवहारिक हैं क्योंकि 15 जून से नए सत्र प्रारंभ हो जाता है मार्च से जून तक आयोजित होने वाली परीक्षा को एक माह में करा पाना संभव नहीं है।



नाकाबंदी | **दिनभर स्वास्थ्य अमला मौजुद रहा मौके पर**

कोरोना पॉजीटीव मिले तो जिले के तीनो गांव कंटेन्टमेंट जोन

गरियाबंद। जिले में तीन नए कोरोना पाजीटीव मिलने के बाद कलेक्टर श्याम धावड़े ने संबंधित क्षेत्र को कंटेटमेंट जोन घोषित कर दिया है। इन क्षेत्रो में सभी प्रकार के आवागमन को पूर्णत प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने कंटेनमेट जोन में मेडिकल इमरजेसी को छोड़कर अन्य किन्हीं भी कारणों से लोगो के घर से बाहर निकलने पर रोक लगा दी है। उक्त चिन्हित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान को भी आगामी आदेश तक बंद रखने के निर्देश दिए है। इस दौरान यहां लोगो को घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं जैसे अनाज, राशन, फल सब्जी आदि की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिए जनपद पंचायत के सीईओ को जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने बताया कि सप्ताह में केवल एक दिन लोगो से जरूरी सामान की सुची ली जाएगी और फिर उन्हे सामान उपलब्ध कराया जाएगा।

ज्ञात हो कि शुक्रवार रात एम्स ने गरियाबंद जिले में तीन और कोरोना पाजीटीव होने की पुष्टि की थी। ये कोरोना पाजीटीव गरियाबंद ब्लाक के ग्राम खुर्शीपार और रावनडिगी तथा मैनपुर ब्लाक के ग्राम मुचबहाल में पाए गए। तीनो मरीजो के पाजीटीव होने की सुचना आने के बाद तत्काल कलेक्टर श्याम धावड़े, एसपी भोजराम पटेल, जिप सीईओ विनय लंगहे, अपर कलेक्टर जे आर चैरसिया, एएसपी सुखनंदन राठौर, एसडीएम निर्भय साहू तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नेतराम नवरत्ने जिला अस्पताल पहुचे। रायपुर एम्स से चर्चा कर रात को ही मरीजो को रायपुर भेजने की तैयारी की गई। तत्काल स्वास्थ्य अमले के साथ तहसीलदार राकेश साहू व नायब तहसीलदार समीर शर्मा को ग्राम खुर्शीपार और रावनडिगी के लिए तथा मैनपुर में एसडीएम अंकिता सोम व तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान ग्राम मुचबहाल के लिए रवाना किया गया।

पाजीटीव मरीज के सम्पर्क में आए आठ लोग क्वोरंटाइन, दिनभर एक्टिव सर्विलेंस की टीम गांव में पुछताछ करती रही

कोरोना पाजीटीव को रायपुर रिफर करने के बाद रातभर तहसीलदार राकेश साहू व नायब तहसीलदार समीर शर्मा ग्राम खुर्शीपार और रावनडिगी में तथा एसडीएम अंकिता सोम व तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान ग्राम मुचबहाल मे मौजुद रहे। इनके साथ स्वास्थ्य विभाग की एक्टिव सर्विलांस, कांटेक्ट ट्रेसिंग और सैम्पल जांच टीम के लिए मौजुद रही। सम्पर्क टीम द्वारा पाजीटीव मरीजो को रायपुर भेजने के पहले पुछताछ कर उनकी ट्रेवल हिस्ट्री ली गई, बिते 15 दिनो में कितने लोगो से मिलना हुआ इसकी पुछताछ की गई। जिसके बाद उनके परिजनो से भी इस संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। रातभर गांव को सेनिटाईज करने का कार्य किया गया है। इसके अलावा पाजीटीव मरीजो द्वारा जितने लोगो से मिलने की जानकारी दी गई उनका सैम्पल लेकर उनको भी स्कुल में क्वारेटाइन किया गया। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद ब्लाक में आठ लोगो को क्वारेटाइन किया गया है।

एक किमी का दायरा कंटेनमेंट जोन में तब्दील

देर रात तीनो मरीजो को रायपुर एम्स रिफर करने के बाद जिला प्रशासन की टीम ने गरियाबंद ब्लाक के ग्राम खुर्शीपार और रावनडिगी तथा मैनपुर ब्लाक के ग्राम मुचबहाल को कंटेनमेंट जोन व बफर जोन घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इस दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए तीना ग्रामो में पाजीटीव मिले मरीज के घर से लेकर चैहदी दिशा में एक किमी के दायरे को कंटेनमेट जोन तथा तीन किमी की परिधि को बफर जोन घोषित करने के लिए चिंहाकित किया गया।

पश्चिम बंगाल से दो हजार किलो मीटर तक साइकिल चलाकर पहुंचे 19 श्रमिक

- आज सड़कों की दूरियों को पैदल ही नापने मजबूर हो गया मजदूर
- चिल्फी में किया भोजन, फिर मिली बस की सुविधा, निकले घर के लिए

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। चमचमाती सडको में मील का पत्थर देख लोग दूरी से ही अंचमभित हो जाते थे जिसे आज मजदूरो ने पैदल ही नाप दिया। न जाने कितनो के पैरो पर छाले आए, तो कोई भूखा प्यासा ही चलता रहा, तो किसी ने घर पहुंचने से पहले ही दम तोड दिया फिर भी मजदूर चलता रहा। देश में यह चैथा लॉकडाउन है। और आज भी मजदूर पैदल सहित साईकिलो से सफर कर आ रहे है। मजदूर साईकिल से हजारो किलोमीटर का सफर तय करने मजबूर है। जिसका जीता जागता उदाहरण छत्तीसगढ के कबीरधाम जिले में देखने को मिला। दरासल 19 मजदूर साईकिल से दो हजार किलोमीटर का सफर तय कर कबीरधाम जिले के बार्डर चिल्फी तक आ पहुंचे। जहां उन्होने भोजन कर रात्रि के समय आराम किया

और सुबह उन्हे छत्तीसगढ से बस की सुविधा मिली और वे अपने घरो के लिए बस से निकल पडे। ऐसे ही एक मामला गुरूग्राम से दरभंगा के सिंहवाडा स्थित ग्राम सिरहुल्ली तक एक पुत्री ने अपने पिता को साईकिल में बिठा कर 1200 किलोमीटर का सफर तय किया था। ये वही मजदूर है। जो तपती धूप में रहकर दूसरो को छाया देते है। न जाने इन मजदूरो ने कितनो के लिए आशियाने बनाए होगें। लेकिन आज ये मजदूर जहां कमाने खाने गए थे। वहां अब सर छुपाना व दो वक्त की रोटी भी नसीब नही हो पा रही थी। आखिर कार इन मजदूरो ने हजारो किलोमीटर का सफर साईकिल से किया। तो बहुत से मजदूरो ने पैरो से ही सडको को मीलो तक नाप दिया। कोरोना के रोकथाम के लिए जारी देश व्यापी लॉकडाउन में आज हर प्रवासी श्रमिक और हर नागरिक अपने-अपने घर सुरक्षित लौटने के लिए बेताब है। कही सरकारी मदद से तो कही अपने संसाधनों से घर लौट रहे है। छत्तीसगढ़ की सीमा बार्डर में राजस्थान से साईकिल में सवार हो अपने घर पंश्चित बंगाल लगभग 2 हजार किलोमीटर के लिए निकले 19 प्रवासी श्रमिकों की कहानी ने दिल को झकझोर कर रख दिया। कोरोना के इस संकट काल में उन्हे छत्तीसगढ़ की सीमा कबीरधाम की चिल्फी में मिले अपनो सा स्नेह, मदद, मिट्टी की घड़े में रखे ठंडा पानी, सुखा नास्ता और भरपेट भोजन ने पेट और गले को तर कर दिया और उनके सभी दुख-दर्द को मिटा दिया। सभी श्रमिकों को बस के माध्यम से छत्तीसगढ़ की प्रवेश सीमा कबीरधाम से लेकर प्रदेश के अंतिम सीमा क्षेत्र महासमुंद जिले के सीमा क्षेत्र तक उनके मंजिल के आगे तक की सफर के लिए निःशुल्क छोड़ा गया। श्रमिकों ने कहा इस संकट में छत्तीसगढ़ से मिले अपनो सा मदद और स्नेह को कभी नहीं भूला पाएंगे। कोरोना संकट के इस दौर में सुरत से लेकर पंश्चिम बंगाल तथा जीवन के इस लम्बी यात्रा में छत्तीसगढ़ से मिले मदद अपने स्मृति में सदैव सुखद पल बन कर रहेगा। इस मदद के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिला प्रशासन, बोडला एसडीएम विनय सोनी और चिल्फी में संचालित सेवा सदन के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

न्यूज गैलरी

भाजपा नेता ने अवैध अतिक्रमण कर बनाया मकान

राजनांदगांव। मोहड़ वार्ड क्रमांक 49 के निवासी भाजपा नेता अलक चंद्राकर के द्वारा वार्ड में अवैध अतिक्रमण कर नजूल भूमि पर मकान बनाया है। श्री चंद्राकर जो कि वर्तमान में वार्ड के मध्य दिशा में मकान निर्माण किया जा रहा है, जिसमें वह अपने जमीन के बाजू में नजूल की जमीन को भी अवैध तरीके से कब्जा करके भवन निर्माण किया जा रहा है। पूर्व में भी नगर पालिक निगम को इनकी सूचना दी गई थी, लेकिन उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिनकी शिकायत कुछ दिन पहले निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक इस बारे में अवगत कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन वहां भी अभी तक इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया है, जिसके चलते आज मकान बन कर खड़ा हो चुका है। कार्यवाही नहीं होने से राकेश चंद्राकर ने एसडीएम मुकेश रावटे के नाम आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा है कि इस अवैध अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई करें। आगे राकेश चंद्राकर ने बताया कि वार्ड में इस प्रकार से भाजपा नेता अलका चंद्राकर के द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाना अनुचित है, इस पर कार्रवाई ना होना अधिकारी संदेह के दायरे में आ रहे है। कार्यवाही ना होने पर आगे वार्डवासियों के साथ मिलकर उच्च स्तरीय अधिकारियों को आवेदन प्रस्तुत करके कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

दस कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने पर कलेक्टर ने किया आमगांव का निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने छुरिया विकासखंड के ग्राम आमगांव में रात 10 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने पर क्वारेन्टाईन सेंटर का निरीक्षण किया और उन्होंने ग्रामवासियों से बातचीत की। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को सावधानी एवं सचेत रहने के लिए कहा। कलेक्टर ने ग्रामवासियों से कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए हमें जागरूक रहना पड़ेगा। सोशल डिस्टेसिंग का सभी पालन करें और मॉस्क का उपयोग करें, सेनेटाईजर का उपयोग करें, साबुन से अपना हाथ समय-समय पर हाथ धोते रहें। कलेक्टर ने कहा कि संक्रमित मरीज भी हास्पिटल में इलाज के बाद ठीक होकर गांव वापस आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र अतिसंक्रमित प्रतिबंधित क्षेत्र होगा और यहां किसी का भी आवागमन नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी कोरोना संक्रमित मरीजों की ट्रेव्हल हिस्ट्री की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मनरेगा के काम बंद रहेंगे। गांव में किसी भी को सर्दी, खांसी, बुखार हो तत्काल एएनएम को सूचित करें। क्वारेन्टाईन सेंटर को समय-समय पर सेनेटाईज करते रहे। सरपंच एवं सचिव सजग रहें तथा सर्दी, खांसी एवं बुखार के लक्षणों का परीक्षण करवाते रहें।

यूं ही नहीं कहां जाता इस माह को जेठ अच्छे-अच्छे को ढंकवा देता है सर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जेठ माह में पडने वाली गर्मी ने लोगो को सर ढकने मजबूर कर दिया है। वही आज से नौतपा भी लगने वाला है। जिले में 44 से 45 डिग्री तक तापमान पहुंच रहा है। जेठ माह में अब भीशण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। दोपहर को चिलचिलाती धूप और देर रात तक गर्मी से लोग हलाकान होने लगे है। आलम यह है कि लोग आवश्यक कार्य से ही घरो से बाहर निकल रहे है। दोपहर से शाम तक लू चलने लगी है।

मौसम में तब्दीली के साथ ही विगत दो-तीन दिनो से तापमान में अचानक वृद्धि होने लगी है। जेठ माह के मध्यान्ह में पड रही भीशण गर्मी से लोग हलाकान होने लगे है। सुबह से देर रात तक गर्म हवाओं का दौर है। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश मे देखे जाने लगे है। लगातार तापमान में वृद्धि होने लगी है। रविवार को पारा 44 डिग्री तक जा पहुंचा है।

सडको में पसरा रहता है सन्नाटा

भीशण गर्मी के चलते दोपहर बाद शहर सहित ग्रामीण इलाकों के सडको व गलियों एंव चैक-चैराहो मे सन्नाटा पसरने लगा है। लोग घरो से बाहर निकलने मे परहेज करने लगे है। इधर बाजार मे भी सुबह से दोपहर तक ही लोगो की उपस्थिति बनी रहती हैं। दोपहर बाद शहर सहित ग्रामीण इलाके में सन्नाटा पसरने लगा है। देर शाम को जरूर लोग ठंडी हवाओं की चाह में खुले स्थानों पर टहलते देखे जाने लगे है। इधर मौसम को देखते हुए रसीले फ्लो की मांग भी लोगो के बीच बनी हुई है। इसके अलावा धूप-गर्मी से बचने के लिए चश्मा, टोपी, गमछा इत्यादि की मांग भी है।

मौसम पर किसान की नजर

नौतपा लगने से पहले की गर्मी को देखते हुए लोग ऐसा मानने लगे है कि आगामी दिनों गर्मी और भी बढेगी। आज से नौतपा शुरू हो रहा है। अंचल के किसानों का कहना है कि नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी पडेगी, उतना ही अधिक बारिश के मौसम मे बारिश होगी। अंचल के किसान मौसम पर नजर रखे हुए है।

चढ़ रहा पारा

पूर्व में मौसम मे नरम-गरम का दौर बना हुआ था। अंचल मे झमाझम बारिश एंव ठंडी हवाओं का भी बयार था। गरज के साथ बारिश के बाद लोगो को उमस भरी गर्मी से हलाकान होना पड रहा है। इन दिनों गर्मी अपनी चरम तक पहुंचने लगी है। पारा रोजाना बढते जा रहा है। भीशण गर्मी के चलते लोगो को कूलर-एसी का उपयोग करना पड रहा है।

क्वारंटाईन में प्रवासी गर्भवती महिलाओं का रख रहे विशेष ख्याल

कवर्धा। कबीरधाम जिले में क्वारेटाईन में रह रही गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। क्वारेटाईन में रह रही सभी गर्भवती महिलाओं और शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद गर्भवती महिलाओं को विशेष पोष्टिक आहार किट दिए जा रहे है। इस विशेष आहार किट में फ्ली दान गुड पापड़ी, चना, प्रोटीन पाउडर, दूध पाउडर, खजूर और होने वाले शिशु के लिए कपड़ा शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष निर्देश पर इस कार्यकम की शुरूआत आज कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दशरंपुर और गुड़ा में संचालित क्वारेटाईन सेंटर में किया गया है। कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में क्वारेटाईन में रह रही सभी गर्भवती महिलों का सर्वे कर सभी का सर्वप्राथमिकता में स्वास्थ्य परीक्षण कर अतिरिक्त पोषण आहार कीट भेंट करें।

कोविड-19 के जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ गौरव परिहार ने बताया कि कबीरधाम जिले के 141 ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित गांव में कोरोना वायरस के रोकथाम,नियंत्रण और उनके संक्रमण से बचाव के उपायो के तहत क्वारेटाईन सेन्टर बनाए गए है। इस सभी क्वारेटाईन सेन्टरों में देश के अलग-अलग प्रदेश जिले के प्रवासी श्रमिक आ रहे है।

कछुए की रफ्तार में काम कर रहा नजूल विभाग, सालभर बाद भी नहीं कर पा रहे निर्धारण

- कोरोना वायरस का ऐसा डर की नजूल में अटकी फाइल नहीं पहुंच रहा अधिकारियों तक

कवर्धा। कोरोना वायरस महामारी के चलते लगभग 60 दिनों से अधिक समय लॉकडाउन की स्थिति बनी हुई है। वही अब कुछ आम लोगों को ढील दे दिया गया है तो इसके साथ ही कार्य को गति देने प्रयास भी किए जा रहे हैं। लेकिन नजूल विभाग में जमीन से संबंधित फाइल रुके हुए हैं। दरअसल कोरोना वायरस के चलते जहां रजिस्ट्रार कार्यालय, नजूल सहित बहुत से विभागों को बंद रखा गया था। वहीं अब सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखते हुए इन विभागों को सुरक्षित ढंग से संचालित करने आदेश भी हो चुके हैं। जिससे कोई कार्य ना रुके, लेकिन नजूल विभाग में अब तक निर्धारण त्रुटि सुधार सहित अन्य कार्य प्रारंभ नहीं हो पाए हैं। जिसके चलते लोगों को भटकना पढ़ रहा है। सामान्य बात कहें तो लॉकडाउन की स्थिति में आज फाइलों को अटके 60 दिन से भी ज्यादा समय हो चुका है। वहीं नजूल की कार्य गति को देखें तो सालों तक भूमि से संबंधित समस्या का निराकरण नहीं हो पाता और लोगों को भटकना पड़ता है। आज भी प्रधानमंत्री आवास से जुड़े हुए लोग इस योजना का फायदा इसलिए नहीं उठा पा रहे हैं कि नजूलों में उनकी फाइलें अटकी पड़ी हैं और प्रधानमंत्री आवास के तहत जिनके नाम से भूमि होगी उसी को इस योजना का लाभ मिलेगा। अब आखिर ऐसी स्थिति में पात्र हितग्राही कैसे इस योजना का लाभ ले पाएंगे। जब नजूल की प्रक्रिया पूरी करने के बाद नजूल से ही उनकी समस्याओं को दूर ना किया जा सकें। आखिर ऐसी स्थिति में लोग भटक ही रहे हैं और इन्हें भूमि में नाम दर्ज नहीं हो पाने के कारण प्रधानमंत्री आवाज जैसी महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान समय में अगर सभी विभागों में लॉकडाउन से पहले दिए गए आवेदनों का निराकरण कर लिया जाए तो काफी हद तक आवेदकों को राहत मिलेगी। फिलहाल आज भी आवेदन अपनी समस्या के निराकरण को लेकर इंतजार कर रहा है कि साहब कब उनकी फाइलों में दस्तखत करेंगे और उन्हें अन्य योजनाओं सहित भूमि पर मालिकाना हक मिल सके।

फेरे से पहले नियमों का पालन करने आवेदकों ने आवेदन में भरी हामी

- विवाह को लेकर तीन दर्जन आवेदक कर रहे स्वीकृति का इंतजार

कवर्धा। कोरोना के कारण इन दिनों शादी के आयोजनों मे भी बंदिशे लगा दी गई है। लॉकडाउन के दौरान शादी करने से पहले प्रशासन से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य रखा गया है। जबकि आयोजन मे मेहमानों की उपस्थिति भी निर्धारित कर दी गई है। इसके बावजूद लॉकडाउन में शादी को लेकर लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगो ने आवेदन किया है। इसका मुख्य कारण आगामी नंवबर-दिसंबर माह मे मुहूर्त की कमी को माना जा रहा है। इसके साथ ही आवेदनो की संख्या मंगलवार से और बढ़ सकती है क्योंकि शनिवार, रविवार और सोमवार को ईद होने के कारण छुट्टियां रही। वहीं मंगलवार से अब फिर आवेदनों में बढोत्तरी होगी।

ज्ञात हो कि देशभर में कोरोना संक्रमण ने हर तरफ बंदिशो का इंतजाम कर दिया है। जहां इस संक्रमण के कारण बहुत से उद्योग बंद पडे थे। इसके चलते धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों पर भी रोक लगा रखी है।

सादगीपूर्ण होगा विवाह

लॉकडाउन लागू होने के चलते इस दौरान होने वाली शादियां भी धूमधाम से नही कराई जा रही है। प्रशासन द्वारा शादी समारोह में केवल 20 लोगो को ही शामिल होने की अनुमति दी गई है। यही कारण है कि जिन लोगो ने लॉकडाउन मे शादी के लिए आवेदन किया है। वे अपनी शादी बिना किसी तामझाम के कर रहे है। वहीं मेहमानो को भी नही बुलाया जा रहा है।

किसानों को मिली बड़ी राहत राज्य सरकार ने 56 करोड़ 64 लाख भेजे खाते में - मो.कलीम

कवर्धा। एक तरफ तो पूरा देश कोरोना वायरस और उसके बेरोजगारी से जग लड़ रहा। वही दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ की गरीब किसान मजदूर की कॉग्रेस सरकार लगातार एक से बढ़ के एक किसान हित में काम कर रही हैं जिससे गरीब किसान मजदूर के आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रही हैं। पूरे देश में किसानों का कर्जा माफ बिजली बिल हाफ धान का समर्थन मूल्य धान का बोनस और अब राजीव गांधी के पुण्य तिथि के दिन छत्तीसगढ़ की जनता को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के हाथों साथ में राहुल गांधी व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व के इसका शुभारम्भ कर प्रदेश के किसान को बढ़ी राहत पहुँचाई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री व हमारे कवर्धा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक व कैबिनेट मंत्री मो अकबर को धन्यवाद देता हूँ जो इस तरह के किसान हित मे फैसले लेकर प्रदेश की जनता का दिल जीता है।

टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले

- शिक्षकों की वरिष्ठता सूची सहित विभिन्न विषयों पर किया चर्चा

कवर्धा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता के नेतृत्व में जिला प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी के. एल. महिलांगे से मुलाकात कर शिक्षकों की वरिष्ठता सूची प्रकाशित करने सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा किया. चर्चा के दौरान जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पदोन्नति सहित विभिन्न उद्देश्यों को लेकर प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल की स्थिति में शिक्षक संवर्ग की वरिष्ठता सूची प्रकाशित करने का प्रावधान है, लेकिन जिले में कार्यरत शिक्षक एल. बी. संवर्ग का एक अप्रैल 2020 की स्थिति में वरिष्ठता सूची का प्रकाशन आज पर्यन्त तक नहीं किया गया है. अतः जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन अविलंब करते हुए दावा-आपत्ति का अवसर प्रदान किया जावे।

नाकामी की मार झेल रही छुरिया पुलिस, मुस्लिम समाज ने दिया प्रदेश स्तरीय आंदोलन का संकेत

राजनांदगांव। नगर पंचायत छुरिया में इन दिनों भाजपा के पूर्व मंत्री रजन्दरपाल सिंह भाटिया द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से सम्प्रदाय विशेष पोस्ट वायरल करने के बाद मुस्लिम समाज द्वारा छुरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके खिलाफ शिकायत 11 मई को छुरिया मुस्लिम समुदाय के सदर मेराज शरीफ व मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा छुरिया थाने में की गई, लेकिन थाने में भाटिया प्रेम की वजह से कार्यवाही ना होता देख 15 मई को इसकी शिकायत राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक को की गई। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मुस्लिम समुदाय को भाटिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसके बाद छुरिया पुलिस हरकत में आयी और 15 मई शाम को आरोपी रजिन्दरपाल सिंह भाटिया के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध करते हुए भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 295 क धार्मिक भावना भड़काने के लिए अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसके बाद आरोपी रजिन्दरपाल सिंह भाटिया ने 21 मई को जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर किया। जिसे माननीय न्यायाधीश ने आरोपी रजिन्दरपाल सिंह भाटिया के आदतन कृत्यों को देखते हुए अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया। अब सवाल यह है कि जब 15 मई को अपराध पंजीबद्ध हो गया था तो भाटिया को गिरफ्तार क्यों नही किया गया, जबकि आरोपी रजिन्दरपाल सिंह भाटिया को पीएसओ मिला हुआ है तो उनसे पूछताछ क्यों नहीं किया जा रहा कि आरोपी कहां है। जिसमें यह तो साफ है कि आरोपी को छुरिया पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। चूंकि पूरा देश प्रदेश लॉकडाउन के कारण अपने घरों में है और आरोपी फरार कैसे? पुलिस की कार्यशैली पर यह प्रश्नचिन्ह है। सूत्रों की माने तो आरोपी लगारार छुरिया पुलिस के संपर्क में है। या इसे यूँ कहा जाए कि छुरिया पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने में नाकाम है।

बहरहाल सब इंस्पेक्टर आरके सिन्हा का कहना है भाटिया छुरिया में नहीं है, उनका पतासाजी जारी है। अब देखना यह है कि छुरिया पुलिस कब तक भाटिया से अपने संबंध को मजबूत रख पाती है। वर्तमान में 22 मई को मुस्लिम समुदाय ने पुनः छुरिया थाने में भाटिया की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें समुदाय ने स्पष्ट किया है कि अगर छुरिया पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी नहीं करती है, तो मुस्लिम समुदाय प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

छुरिया थाने से आश्वासन दिया गया है कि भाटिया को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो छुरिया मुस्लिम समुदाय प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होगा और मैं यह कहना चाहता हूँ कि आरोपी को जो पीएसओ (सुरक्षा) प्रदान की गई है, उनसे पुलिस पूछताछ क्यों नहीं कर रही है। अगर आरोपी के सुरक्षा बलों से पूछताछ की जाए तो आरोपी के ठिकाने का पता चल जायेगा और तत्काल ऐसे आदतन आरोपी रजिन्दरपाल सिंह भाटिया की सुरक्षा सरकार वापस ले। ऐसे लोगों को सुरक्षा देना अपराध को बढ़ावा देने जैसा है।

\- **सलमान खान,** उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया

आज हम लोग छुरिया थाने में आरोपी रजिन्दरपाल सिंह भाटिया की गिरफ्तारी के लिए ज्ञापन देने गए थे। जिसमें पुलिस थाना प्रभारी केपी मरकाम के द्वारा हमें कहा गया है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

मेराज शरीफ, सदर सुन्नी जामा मस्जिद कमेटी

हम लोग शांति पूर्ण सब्र बनाये हुए कार्यवाही चाह रहे हैं और आगे भी इसी सब्र और शांति पूर्ण तरीके के साथ भाटिया के खिलाफ आंदोलन जारी रखेंगे, चूंकि पुलिस जानती थी आरोपी रजिन्दरपाल सिंह भाटिया कहाँ है। आरोपी के फरार होने में पुलिस की भी भूमिका संदिग्ध है।

सिद्दीक कुरैशी, पूर्व नायब सदर सुन्नी जामा मस्जिद कमेटी

रजिन्दरपाल सिंह भाटिया के द्वारा टिप्पणी किया गया है वे उसके खिलाफ हैं। मुस्लिम समुदाय के खिलाफ उन्होंने टिप्पणी की है जो बहुत ही अशोभनीय है और इसकी जितना निंदा की जाए उतना कम है। सर्व हिन्दू समाज वाले जो ज्ञापन दे रहे है उनके बचाव में वो बहुत गलत कर रहे हैं, क्योंकि भाटिया स्वयं हिन्दू धर्म के अनुयायी नहीं हैं। इनको दिखाई नहीं पड़ रहा है क्या सही है क्या गलत। गलत को गलत बोलने की हिम्मत आप में होनी चाहिए। चाहे कितना भी बड़ा नेता और मंत्री ही क्यूं ना हो अगर वो झूठ बोल कर भ्रम फैला रहा है, तो झूठ का कभी भी साथ नहीं देना चाहिए और जितने भी लोग उनका साथ दे रहे है, उनकी मानवता मर चुकी है। उन में इंसानियत नहीं बची है। भाटिया का साथ देने वाले भी उतने ही गुनाहगार हैं जितना भाटिया। भाटिया के खिलाफ कार्यवाही बिल्कुल सही है, उनको शर्म आनी चाहिए कि इस उम्र में जो व्यक्ति 3 बार विधायक रहा हो उसे किसी समुदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणी करना शोभा नहीं देता है और मुस्लिम समुदाय की इस लड़ाई में मैं मुस्लिम समुदाय के साथ हूँ। चाहे कोई भी किसी भी धर्म का मानने वाला हो उसे किसी दूसरे समुदाय के बारे में टिप्पणी करने का कोई हक नहीं। आरोपी भाटिया पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

साधना सिंह, पार्षद वार्ड क्रमांक 15, नगर पंचायत, अंबागढ़ चौकी

बिलासपुर के निजी अस्पताल में मरीज युवती से सामूहिक दुष्कर्म मामला

आईसीईयू वार्ड का सीसीटीवी फूटेज पुलिस ने किया जब्त

■ स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने मामले पर लिया संज्ञान, कार्रवाई के निर्देश दिए

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । श्रीराम केयर हॉस्पिटल में युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले को स्वाथ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने संज्ञान में लिया है और जांच कर दोषियों और अस्पताल संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये है। पीड़िता बयान देने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा इस गम्भीर मसले को सुलझाने पुलिस ने आईसीयू में लगे सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिए हैं। फुटेज खंगाल ने के बाद ही खुलासा होगा। पुलिस युवती के स्वस्थ होने के बाद ही उसका बयान दर्ज करेगी।जिससे स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक शैलेष पांडेये ने अस्पताल पहुंच कर डॉक्टर से इस घटना की जानकारी मांगी और पीड़िता के पिता से मुलाकात कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। श्रीराम केयर अस्पताल में दुष्कर्म की घटना धीरे धीरे गंभीर मसला बनता दिखाई दे रहा है। इलाज के लिए आईसीयू में भर्ती युवती के साथ दुष्कर्म की घटना निंदनीय है मामले में रविवार सुबह विधायक शैलेश पांडे स्वयं अस्पताल पहुंचे और चिकित्सक एवं पुलिस से चर्चा की। पांडे ने बताया कि स्वयं स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले पर संज्ञान लिया है और उच्च स्तरीय जांच की बात कही है। इसके पहले रविवार सुबह प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह ने जिले के आलाधिकारियों को मामले में सख्त जांच के आदेश दिये हैं। उन्होने कहा कि यह जघन्य अपराध है। वार्ड बॉय ने घिनोना कृत्य किया है तो उन्हें सजा मिलेगी।

मरीज युवती को दूसरे अस्पताल में किया शिफ्ट

मरीज युवती दबाव में ना आए और उसकी जान पर कोई खतरा न हो, लिहाजा एहतियातन बीमार युवती को श्रीराम केयर हॉस्पिटल से अपोलो शिफ्ट किया गया है। जिसका मेडिकल चेकअप के किया जाएगा। पीड़िता बयान देने की स्थिति में नहीं है। लिहाजा इस गम्भीर मसले को सुलझाने पुलिस ने आईसीयू में लगे सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिया है। फुटेज खंगाल ने के बाद ही खुलासा होगा , पुलिस युवती के स्वस्थ होने के बाद ही उसका बयान दर्ज करेगी, जिससे स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी। वैसे अब भी मुख्य आधार सीसीटीवी फूटेज ही है।

अस्पताल संचालक का आरोप- युवती ने जहर का सेवन किया था, डॉक्टर से छिपाई ये बात

इस मामले में श्री राम केयर अस्पताल के डॉक्टर डॉ अमित सोनी ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं,उन्होंने कहा कि 18 तारीख को जब युवती को उनके अस्पताल में भर्ती कराने लाया गया तो बताया गया कि चाय के साथ कोई दवा खाने से युवती की तबीयत बिगड़ गई है। लेकिन इलाज के दौरान पता चला कि युवती ने जहर का सेवन किया है,लेकिन जानकारी देने के बाद भी परिवार इससे इनकार करता रहा,मगर बाद में युवती के कमरे की तलाशी के दौरान जहर की बरामदगी हुई जिसकी सूचना हॉस्पिटल द्वारा कोनी थाने में दी गई थी।

दो वार्ड बॉय पर लगाया आरोप

युवती का इलाज आईसीयू वेंटिलेटर पर रखकर किया जा रहा था, इसी दौरान 21 और 22 की दरमियानी रात युवती ने दो वार्ड बॉय पर दुष्कर्म का आरोप लगाया ,लेकिन डॉक्टर अमित सोनी का कहना है कि वे इस बात से हैरान हैं,क्योंकि आईसीयू में सीसीटीवी कैमरे लगे है। आईसीयू में 7 मरीज भर्ती है। साथ ही हर वक्त आईसीयू में नर्स ,आया और अन्य कर्मचारी भी रहते हैं। लिहाजा इन परिस्थितियों में किसी के साथ दो वार्डबॉय द्वारा ऐसा अपराध किया जाना संभव नहीं है।

अस्पताल संचालक ने कुछ यूं रखा अपना पक्ष

डॉ अमित सोनी कहना है कि इलाज के लिए युवती को जिन दवाओं का इंजेक्शन लगाया जा रहा है उससे भी कभी-कभी मति भ्रम की स्थिति होती है, हो सकता है उस कारण से भी युवती इस तरह की बात कह रही है। युवती ने अपने मुंह से कुछ नहीं कहा है उसने जो कुछ लिख कर दिया है वह भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। पहले उसने घर और दुष्कर्म लिखा है और बाद में अस्पताल का नाम लिख दिया। जब पुलिस ने पहचान परेड कराई तो उसने उस वार्ड बॉय पर भी आरोप लगा दिया जिसकी कभी आईसीयू में ड्यूटी नहीं लगाई जाती है।

जिले के कृषक मित्रों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 3 लाख 65 हजार दान किए

कवर्धा। कबीरधाम जिले के .षि विभाग के एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) में कार्यरत कार्यरत सभी 356 किसान मित्र ने मुख्यमंत्री राहत कोष में कोविड-19 के प्रभावित व्यक्तियों की मदद के लिए अपना एक-एक माह का वेतन मिलाकर तीन लाख 65 हजार रूपए की आर्थिक मदद देकर एक मिशाल कायम की है। किसान मित्र संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री राहत कोष के नाम से जारी चेक भेंट किया। बता दे की सभी किसान मित्र कबीरधाम जिले किसान है। सभी .षि विभाग के एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) कार्यक्रम से जुड़े हुए है। राज्य शासन द्वारा सभी किसानों को प्रतिमाह एक हजार रूपए का मानदेय दिया जाता है।

.षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश मानिकपुरी ने बताया कि कोरोना वायरस वैश्विक माहामारी के संक्रमण की रोकथाम में शासन, प्रशासन के साथ किसान मित्र संघ कबीरधाम छ.ग. शासन के साथ खड़े है। इस कोरोना वायरस महामारी के बढ़ते प्रकोप से बड़ी समस्या को देखते हुए गरीब भाई-बहनों को हो रही समस्याओं और नित्य मजदूरी से अपना जीवन निर्वाह करने वाले मजदूरों की सहायता के लिए किसान मित्र संघ, कबीरधाम ने निश्चय किया है, कि .षि विभाग में कार्यरत समस्त .षक मित्र का एक माह का मानदेय मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कर लिया जाएगा।

मनोज जैन ब्लाक अध्यक्ष के दावेदार

भाटापारा। ब्लॉक कांग्रेस के गठन को लेकर बहुत से दावेदार सक्रिय हो गये जिसमे विश्वस्त सूत्रों से मिले खबर के अनुसार मनोज जैन का नाम भी प्रमुखता के साथ लिया जा रहा है जो कि

कांग्रेस संगठन से शुरुआत से ही जुडा हुआ है ।साथ ही जिला कांग्रेस महामंत्री के पद पर विगत पाँच सालों से पदस्थ है ,व पूर्व मे एनसयूआई का अध्यक्ष भी रह चुके है साथ ही वर्तमान मे जैन समाज का अध्यक्ष भी है गौरतलब है कि वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सिंगापुर से भाटापारा पद यात्रा के आयोजित कार्यक्रम का आयोजन मे व्यवस्था के बागडोर सम्हालने वालों मे से एक नाम मनोज जैन का भी लिया जाता है साथ ही स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ साथ संगठन मे बैठे बडे खेमा तक अपना विशेष प्रभाव रखने के कारण इनके दावेदारी को प्रमुखता के साथ देखा जा रहा है वही इस ब्लाक के विपक्ष के विधायक होने पर तेज तर्रार व कर्मठ पदाधिकारी कि भी मांग लगातार किया जा रहा है जो कि संगठन के मजबूती के साथ साथ सत्तापक्ष की सरकारी कि उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं को क्षेत्र की जनता तक पहुंचा सके व पार्टी का परचम संगठन के मजबूती से लहराता रहे ।

नगदी रकम 1732 एवं सट्टा पट्टी जप्त

बेमेतरा/साजा। समस्त थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा प्रतिदिन पुरे जिले में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनाँक 23 मई को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस को जरिये मुखबीर से सुचना मिली कि सुदेश सोनी वार्ड नं. 17 सोनीपारा अपने घर के बरामदे में अंको पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा - पट्टी लिख रहा है। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर कार्यवाही किया गया। आरोपी को अंको पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा - पट्टी लिखते रंगे हाथ पकडे गये। आरोपी सुदेश सोनी पिता रामेश्वर सोनी उम्र 48 साल साकिन वार्ड नं. 17 सोनीपारा बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के कब्जे से नगदी रकम 1732/- रू. एवं सट्टा ङ्क पट्टी, डांट पेन को जप्त कर 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

7 जुआरियों से नगदी 1,970 रूपये व ताश गड्डी जप्त

बेमेतरा/साजा। प्रतिदिन समस्त थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनांक 23 मई को थाना नांदघाट पुलिस को मुखबीर के जरिये सुचना मिली कि ग्राम चमारी खार में कुछ लोग आम जगह पर रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है। सूचना पर थाना नांदघाट पुलिस द्वारा गवाहों के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां कुछ जुआडियों पुलिस को आते देखकर भाग निकले, मौके पर 07 जुआडियानो 1. सुरेन्द्र कुमार जोशी उम्र 34 साल साकिन बदनारा 2. राजाराम घृतलहरे उम्र 40 साल साकिन बोरदेही 3. टीकम प्रकाश उम्र 27 साल साकिन कटई 4. मथुरा निषाद उम्र 34 साल 5. बुधारू निषाद उम्र 29 साल 6. नाथुराम निषाद उम्र 49 साल 7.प्रितम निषाद उम्र 25 साल साकिनान चमारी थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के पास एवं फ्ड़ से नगदी रकम 1,970/- रूपये व 52 पत्ती तास को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

जिपं. सभापति ने रसोइयों की बकाया मानदेय, सुरक्षा बीमा और प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर राज्य सरकार को लिखा पत्र

बेमेतरा/साजा। जिला पंचायत सभापति एवं अंकुर समाज सेवी संस्था के प्रदेश संयोजक राहुल योगराज टिकरिहा ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर स्कूलों (वर्तमान क्वरेंटाइन सेंटर) में मध्याह्न भोजन

बनाने वाले रसोइयों की बीमा, उचित सुरक्षा व्यवस्था, बकाया मानदेय एवं अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु आग्रह पत्र लिखकर निवेदन किया।

सभापति राहुल योगराज टिकरिहा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम को पत्र लिखकर रसोइयों की व्यथा से अवगत करा कर निवेदन किया है कि विषयान्तर्गत आपसे आग्रह है कि स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों को प्रवासी मजदूरों के लिए गॉवो में बने क्वरेंटाइन सेंटर में खाना बनाने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जिला-बेमेतरा द्वारा निर्देश जारी किया गया है। ऐसे ही प्रदेशभर के मध्याह्न भोजन बनाने वालों रसोइयों को निर्देश जारी कर भोजन बनाने के लिए लगाया जा रहा है साथ ही अनेक जगह इन्हें प्रवासी नागरिकों को खाना बाटने के लिए भी बाध्य किया जा रहा है। प्रदेशभर के 1 लाख 20 हजार रसोइया जो 40 रुपये प्रतिदिन की दर से खाना बनाते है। जिसका 4 माह का मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है और इन रसोइयों को प्रवासी नागरिक जो गॉवो में क्वरेंटाइन सेंटर में है उनके लिए खाना बनाने के लिए लगाए गए है।

लॉकडाउन में न्याय योजना किसानों के लिये राहत साबित होगा : ओमप्रकाश साहू

■ छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की सरकार कृषि सभापति साहू ने जताया आभार

राजनांदगाँव। जनपद सभापति (कृषि) ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने घुमका क्षेत्र के किसानों के ओर से छत्तीसगढ़ सरकार व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे का आभार व्यक्त किये है।

जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि इस लॉकडाउन में किसानों के न्याय योजना से बहुत मदद मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की सरकार है, मुख्यमंत्री किसान पुत्र है व किसानों का दर्द व तकलीफ समझते है। सरकार अपना वादा निभा रही सभी ने सरकार का आभार व्यक्त किया।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने कहा राजीव गांधी किसान न्याय योजना से सरकार की सोच को साबित किया है सरकार किसानों की सरकार है व सरकार अपना किया हुवा वादा निभा रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार कर रही किसानों के साथ धोखा - यशवन्त चन्द्राकर

कवर्धा। किसान संघ के सदस्य यशवंत चन्द्राकर ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ सरकार किसानो के साथ धोखा कर रही है। उन्होने जारी विज्ञप्ति में बताया कि किसानों के साथ जो धान खरीदी में अन्याय हुआ है जिस प्रकार का खरीदी में बोरा का परेशानी लिमिट तय करके परेशानी शिक्षा विभाग महिला बाल विकास विभाग सभी विभाग का धान खरीदी केंद्र में जांच अधिकारी बनाकर कई प्रकार के किसानों को दिक्कत का सामना करना पड़ा अपने चुनावी वादे में 2500 रुपये धान का कीमत देने की वादा किये थे और पूरा धान खरीदी करने के वादा कर अपने वादा से मुकर गई और अभी जो योजना बनाये है ओ भी किसानों के साथ धोखा है और न्याय योजना का श्रेय कुछ नीचे स्तर कांग्रेस कार्यकर्ता लेने में लगे है उनके मुंह मे तमाचा किसानों ने यह कह कर दिया है कि जब धान खरीदी में किसान को परेशानी आई उसका श्रेय किसको जाता है।

4 किस्तो में न्याय योजना देने वाले सरकार को किसानों ने मुहतोड़ जवाब दिया है और एक बार अपने फसल का दाम देने की बात कही है वही किसान संगठन कबीरधाम के सदस्य यशवन्त चन्द्राकर का कहना है कि चना फसल क्षति का राशि और प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि को सरकार जल्दी से जल्दी दिलाये अपने .षि कार्य मे अपने अधिकार का राशि लगा सके और दो साल का 300 रुपये बोनस का राशि को भी राज्य सरकार जल्दी से जल्दी किसानों के खाते हस्तांरित करे और प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब को बंद करे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्र को कराया सिनेटाईज व लोगो को बांटे मास्क

बोड़ला। नगर पंचायत बोड़ला के सभी वार्ड को कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव के लिए लगातार नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू के द्वारा सिनेटाईजर कराया जा रहा है। कोरोना वायरस के बचाव के लिए लगातार नजर रखी जा रही है। पूरे नगर को घर-घर मास्क वितरण के पश्चात सीनेटाईजर भी किया गया और बाहर से प्रवासी मजदूर भी वापस आ रहे हैं। जिसके लिए क्वारेन्टाईन सेंटर बनाया गया है। क्वारेन्टाईन सेंटर में सभी प्रवासी मजदूर को रखे गए हैं जिसके लिए शासन द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है जिसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष एवँ सीएमओ द्वारा भी पूरी नजर रखी गई है। क्वारेन्टाईन सेंटर में रुके हुए मजदूर के द्वारा भोजन की व्यस्था में पार्षद ओमप्रकाश शर्मा के पास मजदूरो ने रोज एक ही प्रकार के सब्जी सोयाबीन की बड़ी और आलू रोज दिया जा रहा

है कि शिकायत किये हैं और मजदूरो ने कहा कि रोज अलग-अलग प्रकार से सब्जी एवँ हरा सब्जी की भी मांग भी किये हैं जिसको पार्षद ओमप्रकाश शर्मा ने अध्यक्ष श्रीमती सावत्री साहू को अवगत कराया जिसके लिए सावित्री साहू बोड़ला के तहसीलदार से बात कर मजदूरों के लिए रोज अलग अलग प्रकार की सब्जी एवँ हरा पौष्टिक सब्जी की व्यवस्था कराने की निर्देश दिया गया, श्रीमती सावित्री साहू जी द्वारा सभी नगरवासी से अपील भी की गई कि सभी लोग मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। एक दूसरे से संपर्क से बचें, एक मीटर दूरी बनाकर ही अपने अपने सभी कार्य करें और शासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करने की अपील पुरे नगरवासी से की है, ताकि कोरोना वायरस जैसे महमारी नगर पंचायत बोड़ला को पूरी नियंत्रण रखी जा सके।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना ला रही किसानों के जीवन में उन्नति

राजनांदगांव। मेहनतकश किसानों के चेहरे बयां कर रहे हैं, उनकी उन्नति और खुशी। कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के समय विपत्ति के इस घड़ी में किसान परेशान हो रहे थे। ऐसे समय में सरकार उनके हर सुख-दुख की सहभागी बनी और उन्हें मदद पहुंचाई। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को ऐसे समय में राहत मिली।

ग्राम सोमनी के ठाकुरटोला के किसान लतखोर निर्मलकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार शिद्दत से किसानों के हित में कार्य कर रही है और किसानों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुझे इस योजना के तहत 20 हजार 550 रूपए की राशि मिलेगी। जिसमें से अभी मुझे 5 हजार 394 रूपए की राशि प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के इस कठिन समय में यह राशि मेरे लिए महत्वपूर्ण है और इस राशि से बारिश से पहले खेती-किसानी के लिए तैयारी कर सकूंगा। ग्राम अर्जुनी के किसान लेखूराम देवांगन ने कहा कि लॉकडाउन में बड़ी राहत मिली और यह राशि हमें सही समय पर मिली है। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 34 हजार 122 रूपए की सहायता राशि मिलेगी। जिसमें से 8 हजार 957 रूपए प्राप्त हो गए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस मदद के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि किसानों से जुड़ी लाभकारी योजनाओं से हम सब के जीवन में बदलाव आया है।

छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जिले के किसान लाभान्वित हुए है। राज्य सरकार इस योजना के तहत किसानों को खेती किसानी के लिए प्रोत्साहित करने के लिए खरीफ 2019 से धान तथा मक्का लगाने वाले किसानों को सहकारी समिति के माध्यम से उपार्जित मात्रा के आधार पर अधिकतम 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से अनुपातिक रूप से सहायता राशि दी जाएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मजदूरों-आदिवासियों की जेब में...
दौर में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों, प्रवासी मजदूरों, वनवासियों और ग्रामीणों सहित समाज के सभी वर्गो के हित में उठाए जा रहे कदमों के बारें में विस्तार से जानकारी देते हुए उपरोक्त बातें कहीं। बघेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम मिले, उनके साथ न्याय हो इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की है। इस योजना से प्रदेश के 19 लाख किसानों को 5750 करोड़ रूपए चार किश्तों में दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले साल किसानों की कर्ज माफी और 25 सौ प्रति क्विंटल में धान खरीदी की गई थी, लेकिन भारत सरकार के निर्देशानुसार हमें इस साल समर्थन मूल्य पर ही धान खरीदी करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों की जो स्थिति है वह किसी से छुपी हुई नहीं है और ऐसी स्थिति में उनका हक है कि हम वह राशि उन्हें दे।

ऐसे पेड़ लगाए जाएंगे, जिनसे आदिवासियों को मिले सीधा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी कभी पलायन नहीं करते थे और जंगल में ही उनकी सारी आवश्यकता पूरी हो जाती थी लेकिन धीरे-धीरे जंगल से आंवला, चिरौंजी और आम के पेड़ काटे जाने लगे और आय के जो स्रोत थे वह घटने लगे। इस साल हमने निर्णय लिया है कि ऐसे पेड़ लगाए जाए जिनसे आदिवासियों को सीधा लाभ मिलें। हम इस साल 70 लाख फलदार पौधे लगाने जा रहे है। जिसमें हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, आंवला आदि होंगे जो आदिवासियों की आय के स्रोत बनेंगे। साथ मैंने यह निर्देश भी दिया है कि वन अधिकार का जो पट्टा दिया है वहां इन पेड़ों का लगाएं और इन पेड़ों के बीच में जिमीकांदा-हल्दी आदि जो पेड़ की छाया में भी पैदा हो सकते हैं उन्हें भी लगाए ताकि निरंतर आए मिलती रहे।

वनोपज संग्रहण से आदिवासियों की बढ़ी आमदनी

बघेल ने कहा कि लॉकडाउन के बावजूद भी हमने छत्तीसगढ़ में मनरेगा के काम शुरू किए और अभी लगभग 26 लाख मजदूर मनरेगा में काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ राजीव गांधी किसान योजना के तहत हमने किसानों के खातों में राशि दी है इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के 44 प्रतिशत वनांचल में आदिवासी और परंपरागत निवासी रहते है। जिनकी अर्थव्यवस्था लघु वनोपज पर आधारित है। इस परिस्थिति में भी जब सारी दुकानें बंद है जो लोग लघु वनोपज खरीदते हैं वह काम बंद पड़ा था। ऐसे समय में हमने ग्रामीण स्तर पर स्व सहायता समूहों के माध्यम से महुआ, इमली की खरीदी की शुरुआत की है। महुआ इमली और इसके बाद तेंदूपत्ता के काम को भी हमने रोका नहीं। भारत सरकार ने महुआ का समर्थन मूल्य 17 रूपए तय किया था जब मांग बढ़ी तो छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे 17 से बढ़ाकर 30 रूपए कर दिया इस प्रकार पिछले वर्षों में जितनी आमदनी लोगों को हुई थी उस से बढ़कर आमदनी इस साल हुई।

35 नए मिले...
लिहाजा अब कुल एक्टिव पॉजिटिव की संख्या 187 न होकर 184 रह गई है।

जमकर तप सकता है...
डिग्री पहुंच गया ओर रविवार से प्रदेश में लू की स्थिति भी बनने लगी है, जो अगले तीन दिन तक जारी रह सकती है।

ऐसे करें बचाव

-11 बजे के बाद घर से बेहद जरूरी होने पर ही बाहर निकले।

- चेहरे व शरीर को पूरी तरह ढंककर ही बाहर निकले।

- ज्यादा देर तक धूप में खड़े न रहें।

-पानी ज्यादा से ज्यादा पीयें।

- जल्दी पचने वाला हल्का डाइट ही लें।

-हां, और कोरोना से बचाव के लिए मास्क तो पहने ही।

कोरोना को लेकर...
आश्वस्त कर रही है लेकिन यह दो बड़े नेता अपने प्रदेश को संभालने में ही असमर्थ साबित हो रहे हैं। अहमदाबाद तो शाह का संसदीय क्षेत्र है लेकिन इस महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र में कोरोना सबसे बडा संकट बन गया है। इसे लेकर गुजरात उच्च न्यायालय ने जो टिप्पणी की है वह बहुत चौंकाने वाली है और उन्होंने न्यायालय से इस तरह की फटकार कम ही सुनी है।

'बरती जा रही लापरवाही'

उन्होंने कहा कि न्यायालय की टिप्पणी में कहा गया है 'कोरोना को लेकर पूरी तरह से लापरवाही बरती जा रही है और किसी का कहीं कोई नियंत्रण ही नजर नहीं आता है। स्वास्थ्य मंत्री शायद कभी इस अस्पताल में झांकने तक नहीं गये होंगे जिससे सिविल अस्पताल की स्थिति तहखाने से भी बदतर हुई है।'

नि:शब्द करते हैं ...
टिप्पणी की है और कहा है कि इस अस्पताल की स्थिति बहुत खराब है जबकि यह शहर का प्रमुख अस्पताल है। अहमदामद में कोरोना के कारण जो मौत हो रही हैं उनमें 62 प्रतिशत मामले इसी अस्पताल के है जबकि कोरोना वायरस से संक्रमित लोग पूरे गुजरात की तुलना में 85 प्रतिशत इसी शहर में हैं।

महराष्ट्र के आश्रम में...
से साढ़े 12 के बीच साधु की हत्या हुई है। आरोपी आश्रम का दरवाजा तोड़कर अंदर नहीं घुसा था बल्कि गेट अंदर से खोला गया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी साईनाथ का साथी है और स्कूल के पास मृत पाया गया है। आरोपी भी लिंगायत समाज का है। बहरहाल, आरोपी ने साधु की हत्या क्यों की और उसके बाद अपने साथी की भी क्या उसी ने हत्या की है, इन सब तथ्यों की पुलिस जांच कर रही है। बताया गया कि साधु महाराज साल 2008 से निर्वाणी मठ संस्थान में आए थे। यह तकरीबन सौ साल पुराना मठ है।

बोधघाट परियोजना को....
काम तेजी से कराया जा सकेगा। बीते दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से बोधघाट परियोजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की थी और इस परियोजना की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया था।

सीएम ने बजट में किया था ऐलान

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फरवरी-मार्च 2020-21 के बजट सत्र में विधान सभा मे बोधघाट सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य को हाथ में लिए जाने की घोषणा की थी। यह परियोजना जल संसाधन विभाग के वर्ष 2020-21 के बजट में भी शामिल है। मंत्री चौबे ने बताया कि पूर्व में इस परियोजना में दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में खरीफ, रबी और ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए कुल 2 लाख 66 हजार 580 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित थी, किंतु जल की उपलब्धता को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस परियोजना के माध्यम से सुकमा जिले को भी सिंचाई हेतु जलापूर्ति के निर्देश दिए थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

किरण कुमार निकले कोरोना पॉजिटिव

मुंबइ (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने माने चरित्र अभिनेता किरण कुमार कोरोना वायरस की चपेट में आ गए हैं। कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक कई कोरोना के मामले सामने आ रहे हैं। लॉकडाउन के बावजूद इस जानलेवा वायरस के बढ़ते मामलों ने सभी को चिंता में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि 14 मई को किरण कुमार कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जिसके बाद उन्होंने खुद को घर में ही क्वारंटाइन कर लिया। उन्होंने अपने परिवार वालों से भी दूरी बना ली और एक फ्लोर पर ही खुद को सीमित कर लिया, वो 10 दिनों से क्वारंटाइन में हैं और उनका उनका अगला कोविड-19 टेस्ट एक-दो दिन में होगा। बताया जा रहा है कि किरण कुमार में कोरोना के कोई लक्ष्ण नहीं हैं, फिर भी उनके कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर उनके परिवार वाले भी दंग रह गए। गौरतलब है कि किरण कुमार के पूर्व बॉलीवुड सेलेटिब्रीटीज में कनिका कपूर, पूरब कोहली, निर्माता करीम मोरानी और उनकी दो बेटी जोआ मोरानी ,शाजिया मोरानी भी इससे प्रभावित हो चुके हैं और इस जंग में जीत भी चुके हैं।

सीरत कपूर ने फिटनेस मंत्र शेयर किया

मुंबई,(वार्ता)। टॉलीवुड अभिनेत्री सीरत कपूर ने प्रशंसकों के बीच फिटनेस मंत्र शेयर किया है। बॉलीबुड और टेलीविज़न जगत के सितारे खुद को फिट रखने के लिए काफी मेहनत और पसीना बहाते है। साथ में पसंदीदा खाने का भी बलिदान देते है और एक सही डाइड को फॉलो करते है। सीरत कपूर ने भी भी अपने शरीर को तलाशने के लिए लंबा सफर तय किया है। सीरत ने सही और संतुलित दिनचर्या का पालन करते हुए खुद को फिट बनाया है। जिसमे अनुशासन के साथ पिलाटे ,हेल्दी भोजन , सही मात्रा में जल और पूरी नींद शामिल है। सीरत ने कहा, ÷मेरा फिटनेस मंत्र एक निश्चित मात्रा में पिलाटे के साथ संतुलित पोषण तत्वों से भरा भोजन है। मैं ईएमएस के साथ भी प्रशिक्षण ले रही हूं जो सप्ताह में दो बार 20 मिनट का कसरत सेशन होता है। मैं अपनी फिटनेस यात्रा के लिए ट्रेनर समीर पुरोहित और पोषण विशेषज्ञ अंजलि पेसवानी श्रेय देना चाहूँगी , जो मेरे साथ किसी सेना की तरह हर पड़ाव में साथ खड़े रहे है। सीरत ने रवि तेजा और नागार्जुन से लेकर कई सुपर स्टारों के साथ स्क्रीन साझा की है। उनकी आगामी फिल्मों ÷कृष्णा एंड हिज़ लीला÷ और मां विन्धा गाधा विनुमा में देखा जा सकता है।

सलमान ने मिथुन के बेटे की फिल्म 'बैड बॉय' का पोस्टर किया शेयर

मुंबई, (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती की फिल्म 'बैड बॉय' के पोस्टर पर शेयर करते हुए शुभकामनायें दी है। सलमान खान को फिल्म इंडस्ट्री का गॉडफादर माना जाता है। वह नए कलाकारों को आगे बढ़ाने की कोशिशों में हमेशा ही लगे रहते हैं। मिथुन चक्रवर्ती के छोटे बेटे नमाशी चक्रवर्ती भी फिल्म 'बैड बॉय' से डेब्यू करने वाले हैं। इस फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया गया है। पोस्टर में नमाशी चक्रवर्ती और एक्ट्रेस अमरीन कुरैशी का शानदार लुक दिखाई दे रहा है।

माधुरी ने कोरोना वारियर्स के सम्मान में 'कैंडल' गाना रिलीज किया

मुंबई, (वार्ता)। बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने कोरोना वारियर्स के सम्मान में 'कैंडल' गाना रिलीज किया है। कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में हाहाकार मचा दिया है। लॉकडाउन के चलते हर कोई अपने-अपने घरों में रहने को मजबूर है। कोरोना वॉरियर्स को सलाम करता माधुरी दीक्षित का गाना 'कैंडल' रिलीज किया गया है। माधुरी दीक्षित ने पिछले हफ्ते अपने बर्थडे पर ऐलान किया था कि उनका गाना कैंडल जल्द रिलीज होने वाला है जो कि कोरोना वॉरियर्स को समर्पित होगा और उनका ये गाना रिलीज हो गया है। माधुरी ने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करने के साथ लिखा है, 'खुश हूं, उत्साहित हूं और थोड़ी नर्वस भी। ये मेरा पहला गाना है उम्मीद है कि आप सभी को पसंद आएगा। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कैंडल गाना रिलीज हुआ है। उम्मीद है कि आप इस गाने को बहुत प्यार देंगे।

पहले रियल ऐंटी हीरो के रूप में पहचान बनायी थी सुनील दत्त ने

मुंबई (वार्ता)। हिन्दी सिनेमा जगत में सुनील दत्त पहले ऐसे अभिनेता थे जिन्होंने सही मायने में .एंटी हीरो की भूमिका निभायी और उसे स्थापित करने का काम किया । 06 जून 1929 को झेलम जिले के खुर्द गांव में जन्में बलराज रघुनाथ दत्त उर्फ सुनील दत्त बचपन से ही अभिनेता बनने की ख्वाहिश रखते थे। सुनील दत्त को अपने करियर के शुरूआती दौर में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अपने जीवन यापन के लिये उन्हें बस डिपो में चेकिंग क्लर्क के रूप में काम किया जहां उन्हें 120 रुपये महीना मिला करता। इस बीच उन्होने रेडियो सिलोन में भी काम किया जहां वह फिल्मी कलाकारों का साक्षात्कार लिया करते थे। हर साक्षात्कार के लिए उन्हें 25 रुपए मिलते थे।सुनील दत्त ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म रेलवे प्लेटफार्म से की। वर्ष 1955 से 1957 तक वह फिल्म इंडस्ट्री मे अपनी जगह बनाने के लिये संघर्ष करते रहे । ..रेलवे प्लेटफार्म.. फिल्म के बाद उन्हें जो भी भूमिका मिली उसे वह स्वीकार करते चले गये ।उस दौरान उन्होंने कुंदन .राजधानी.किस्मत का खेल और पायल जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों मे अभिनय किया लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुयी ।

बास्केटबॉल कोच एडी सुटॉन का निधन

वाशिंगटन (वार्ता)। बास्केटबॉल कोच और 2020 में हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए एडी सुटॉन का निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। तुल्सा वर्ल्ड ने सुटॉन के परिवार के हवाले से बयान जारी कर कहा, हमारे प्यारे पिताजी और कोच सुटॉन का शनिवार की शाम अपने घर पर निधन हो गया।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर तौफिक कोरोना से संक्रमित

इस्लामाबाद(वार्ता)। पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज तौफिक उमर कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। तौफिक ने तबीयत खराब होने पर कोरोना टेस्ट कराया था और नतीजा पॉजिटिव आने पर उन्होंने खुद को अलग-थलग कर लिया। तौफिक से पहले स्कॉटलैंड के माजिद हक, पाकिस्तान के जफर सरफराज और दक्षिण अफ्रीका के सोलो एनक्वेनी भी कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं।

यूएस ओपन के साथ टकराव से बचना चाहते हैं फ्रेंच ओपन आयोजक

पेरिस(वार्ता)। वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन के आयोजक सितम्बर में साल के आखिरी ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन के साथ किसी तरह के टकराव से बचना चाहते हैं। कोरोना के कारण मार्च के मध्य से ही टेनिस गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं। इस साल अब तक एक ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन का आयोजन हुआ है जबकि जुलाई में होने वाले वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन को दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार रद्द किया गया है।

इंग्लैंड के 18 गेंदबाज ट्रेनिंग पर लौटे

लंदन(वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण ठप्प पड़ी क्रिकेट गतिविधियों के बीच इंग्लैंड पहला ऐसा बड़ा क्रिकेट देश बना है जिसके 18 गेंदबाज ट्रेनिंग पर लौट आये हैं। इंग्लैंड के 18 गेंदबाज व्यक्तिगत ट्रेनिंग पर लौटे हैं। इंग्लैंड के पास वेस्ट इंडीज के खिलाफआठ जुलाई से शुरू होने वाली तीन टेस्टों की सीरीज की तैयारी के लिए लगभग सात सप्ताह का समय है।

मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध अंतरिम उपाय : अनिल कुंबले

नई दिल्ली,(वार्ता)। भारत के पूर्व कप्तान और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तकनीकी समिति के चैयरमैन अनिल कुंबले ने कोरोना वायरस के कारण गेंद पर मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह सिर्फ अंतरिम उपाय है और आने वाले दिनों में चीजें पहले की तरह सामान्य हो जाएंगी।

कुंबले के नेत्तृव वाली आईसीसी तकनीकी समिति ने कोरोना के खतरे को देखते हुए गेंद पर मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की सिफारिश की थी। समिति ने हालांकि गेंद पर पसीने के इस्तेमाल को इजाजत दी है।

क्रिकेट समिति के इस फैसले के बाद सवाल उठने लगे थे कि उन्होंने लार के विकल्प के बारे में क्यों नहीं सोचा। लार की जगह कृत्रिम पदार्थ का भी इस्तेमाल किया जा सकता था। इस पर कुंबले ने स्टार स्पोर्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷हमने इस बारे में चर्चा की थी लेकिन अगर आप खेल के इतिहास को देखें तो हम काफी आलोचनात्मक रहे हैं और बाहरी पदार्थों को खेल में आने से रोकने पर हमारा ध्यान केंद्रित रहा है।÷

उन्होंने कहा, ÷अगर आप वाकई इसे वैध करने जा रहे हैं तो आपको इस बारे में जानकारी होनी चाहिए कि इसका वर्षो पहले गहरा प्रभाव रहा है।

आईसीसी ने निर्णय लिया लेकिन फिर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच उस श्रृंखला के दौरान जो भी हुआ, उस पर और भी सख्त रुख अपनाया, इसलिए हमने इस पर विचार किया। कुंबले ने कहा, लेकिन यह सिर्फ अंतरिम उपाय है और मुझे उम्मीद है कि कोरोना के बाद कुछ महीनों या एक साल के बाद हालात बदलेंगे और चीजें पहले की तरह सामान्य हो जाएंगी।

टीम के साथी खिलाड़ियों को याद कर रहा हूं : रोहित

मुंबई, (वार्ता)। भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का कहना है कि वह लॉकडाउन के दौरान अपने टीम के साथी खिलाड़ियों को याद कर रहे हैं। कोरोना वायरस के कारण भारत में लॉकडाउन लगा है जो 31 मई तक चलेगा। इस दौरान खिलाड़ी मैदान से दूर अपने घर पर परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। लेकिन रोहित का कहना है कि वह टीम के साथ खिलाड़ियों को बहुत याद कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करने के लिए बेताब हैं।

भुवनेश्वर ने कैफ को दिया रणजी में सचिन को जीरो पर आउट करने का क्रेडिट

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने रणजी ट्रॉफी में पहली बार सचिन तेंदुलकर को शून्य पर आउट करने का श्रेय मोहम्मद कैफ को दिया है। भुवनेश्वर ने रणजी ट्रॉफी 2008-09 के सीजन में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हुए सचिन का विकेट हासिल किया था। सचिन पहली बार घरेलू क्रिकेट में शून्य पर आउट हुए थे। भुवनेश्वर उस समय 19 साल के थे। इसके चार साल बाद ही भुवी ने वनडे में अपने पदार्पण मैच की पहली गेंद पर पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज को आउट किया था।

भुवनेश्वर कुमार ने हालांकि सचिन को शून्य पर आउट करने का श्रेय उत्तर प्रदेश के तत्कालीन कप्तान मोहम्मद कैफ को दिया है। भुवनेश्वर ने जेमिना रोड्रिगेज और स्मृति मंधाना के साथ 'डबल ट्रबल' चैट शो के दौरान कहा, आमतौर पर, आप किसी भी खेल की शुरुआत से पहले विकेट लेने की आशा जरुर रखते हैं, लेकिन आप इस बात को तय नहीं कर सकते कि आपको कितने विकेट मिलने वाले हैं।

उन्होंने कहा, लेकिन जब बात सचिन के विकेट की आती है, तो मैं कहूंगा कि मैं उस मैच के दौरान भाग्यशाली था, क्योंकि सचिन को जो विकेट मुझे मिला, उसका श्रेय हमारे कप्तान मोहम्मद कैफ को जाता है।÷ भुवनेश्वर ने कहा, उन्होंने फिल्डर को ना तो मिड-विकेट पर रखा था और ना ही शार्ट लेग पर, जिस जगह उन्होंने फिल्डर रखा, उसी जगह कैच आया।

बता दें कि कोरोना वायरस की वजह से पूरी दुनिया में हड़कंप मचा हुआ। इस महामारी की वजह से सभी क्रिकेट टूर्नामेंट रद्द या स्थगित किए जा चुके हैं। आईपीएल 2020 को भी अनिश्चितकाल के स्थगित कर दिया गया है। इस साल अक्टूबर में होने वाले आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप पर भी काले बादल मंडरा रहे हैं।

कोरोना काल में क्रिकेट बहाल हुआ तो इस चीज को काफी मिस करेंगे शिखर धवन

नई दिल्ली। भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि अगर कोरोना वायरस की वजह से खाली स्टेडियमों में मैच खेला जाता है तो वो फैन्स के सपोर्ट को काफी मिस करेंगे। धवन ने यह बात श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज से इंस्टाग्राम लाइव के दौरान कही जब उन्होंने धवन से खाली स्टेडियम में मैच करने पर सवाल पूछा। धवन ने कहा कि भारत और श्रीलंका ऐसी टीमें हैं, जो जहां भी देश में खेलती हैं वहां उन्हें स्टेडियम में जबरदस्त समर्थन मिलता है।

'क्रिकेट की वापसी पर प्रदर्शन के लिए बढ़ जाएगी भूख'

धवन ने कहा कि स्टेडियम में क्राउड का अपना अलग रोमांच होता है। फैंस अपने आप में काफी ऊर्जा भरते हैं। हम इसे काफी मिस करने वाले हैं। धवन ने साथ ही यह भी कहा कि ये एक अवसर भी होगा क्योंकि हम सब 2-3 महीने से घर में हैं और पता नहीं और कितना चलेगा। एक बार हम वापस लौटेंगे तो हम सब अपने देश या राज्य की टीम के लिए प्रदर्शन के लिए भूखे रहेंगे। धवन ने कहा कि क्राउड को मिस करेंगे, लेकिन प्रोफेशनल एथलीट होने के नाते सभी अपने काम के लिए तैयार हैं, क्योंकि मैदान में खेलना अपने आप में खूबसूरत एहसास है।

इस साल आईपीएल होने पर क्या सोचते हैं शिखर धवन

बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत 29 मार्च से होनी थी लेकिन कोरोना वायरस की वजह से इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। अगर आईपीएल तय समय पर शुरू होता तो धवन दिल्ली कैपिटल्स की तरफसे खेल रहे होते। मैथ्यूज ने उनसे पूछा कि आईपीएल के इस साल होने के कितनी चांस हैं तो इस बल्लेबाज ने कहा कि, 'उम्मीद है कि आईपीएल इस साल होगा।' उन्होंने कहा कि मैं हमेशा पॉजिटिव सोचता हूं और अगर ऐसा होता है तो मुझे काफी खुशी होगी। सुरक्षा का हर जगह ध्यान रखना जरूरी है। अगर आईपीएल होता है तो वो कई सारी पॉजिटिविटी लाएगा।

क्वारंटाइन में ठहरे लोगों के साथ ग्रामीणों की भी दिनचर्या बदली

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। कोरोना को लेकर ग्रामीण इलाके के लोगों की दिनचर्चा पूरी तरह बदल गई है। अब लोग घर से सड़क या फिर किसी पड़ोसी के घर जाने से भी परहेज कर रहे है। उन्हें यह भय सता रहा है कि कहीं ये महामारी का शिकार न हो जाय। बता दें कि पुलिस प्रशासन की अधिक गतिविधि शहरी क्षेत्रों में हीं हो रही है। ग्रामीण इलाके में इनकी उपस्थिति बहुत कम हो पा रही है। प्रशासन द्वारा राशन, दवा, सब्जी तथा दूध की दुकानों को खोलने की छूट दी गई है। ग्रामीण इलाके के दुकानदार भी इस रूटिंग को फॉलों कर रहे है। इतना हीं नहीं ग्रामीणों ने तो मुख्य सड़क पर बैरियर लगा दिया है। बाहर से गांव आने वालों को गांव के क्वारंटाइन में ठहरा रहे है। सम्बंधित के परिजनों द्वारा बनाये भोजन को कुछ सामाजिक कार्यकर्ता उनतक पहुंचा रहे है। जरूरत पड़ने पर उन्होंने पंचायत स्तर से भोजन की व्यवस्था करने की बात कही। इस तरह की व्यवस्था लगभग आस पास के

सभी पंचायतों में भी किया गया है। बतादे कि फिलहाल ग्रामीण इलाके के लोग कोरोना को लेकर पूरी तरह सतर्क है। वे एक साथ घूमने और बैठने से भी परहेज कर रहे हैं। पहले ग्रामीण इलाको मे न ही इतनी अच्छी साफसफाई देखने को मिलती थी। अब तो अब ग्रामीण एक जगह इकट्ठे भी नहीं हो रहे है ।

लोगों ने बदली अपनी दैनिक दिनचर्या: कोरोना वायरस के डर से लोग घरों में लॉक हो गए हैं। लॉक डाउन ने लोगों की दिनचर्या ही बदल दी है। इससे जहां अधिकांश लोग परेशान हैं। वहीं कई लोग दिनचर्या में आए परिवर्तन से खुश हैं। लॉक डाउन ने लोगों को यह अच्छा अवसर दिया हैं जो भागदौड़ की जिंदगी में मुश्किल से मिल रहा था।

लॉक डाउन के कारण लोगों को इस व्यस्त जिंदगी में परिवार के साथ रहने का बेहतर अवसर मिल रहा है। पुरुषों को भी घर के काम में हाथ बंटाने का मौका मिल रहा है। सगे संबंधियों व मित्रों से मोबाइल पर जी भर के बात करने का अवसर भी मिल रहा है। दूर-दराज में पढ़ रहे बच्चों को भी बिना छुट्टी के छुट्टी का मजा मिल रहा है। इस अवधि में लोग योग, व्यायाम, ध्यान, पूजा व टीवी सीरियल व किताबों का भी मजा ले रहे हैं। यानि लोगों को घर में आराम करने व सोने का इससे बेहतर अवसर शायद नहीं मिल पाएगा। लॉक डाउन के कारण लोगों को कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। स्कूल, कॉलेज बंद हैं इसके कारण ÷पढ़ाई तुहार द्वार÷ योजना के तहत छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन कक्षा भी चल रही है। जिस कारण उनकी पढ़ाई समय पर पूरी नहीं हो पाएगी और न ही समय पर परीक्षा ही हो सकेगा।

न्यूज गैलरी

ग्राम बुडेरा में 40 मजदूरों की रेपिड किट से जांच

खरोरा। बुड़ेरा ग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरोरा के नेतृव में हुआ रैपिड किट से कोरोना टेस्ट , ग्राम पंचायत बुड़ेरा में 40 प्रवासी मजदूर महाराष्ट्र, ओडिसा,गुजरात,से आये प्रवासी मजदूरो को स्कूल में क्वारेंटइन किया गया है , सभी मजदूरों का कोरोना टेस्ट किया गया जिसमे सभी का रिपोर्ट निगेटिव पाया गया ,प्रमुख रूप से ग्राम बुड़ेरा के सरपंच-पंकज कुर्रे,उपसरपंच-योगेश साहू,सचिव-भरत वर्मा साथ ही स्वास्थ विभाग आर.एम.ए.दीप्ति अग्रवाल ,डॉ विनोद तुरकाने,डॉ गौरव तिवारी ,मुक्ता वर्मा ,छगन इत्यादि स्वस्थ विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

कुर्रा में मनरेगा श्रमिक की मौत

खरोरा। जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुर्रा मे दिनॉक 23 मई दिन शनिवार को मनरेगा के तहत् गौठान निर्माण किया गया है जिसके अंतर्गत नया तालाब निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत् मनरेगा श्रमिक मालती यादव 40 वर्ष पति कामता प्रसाद यादव ने भी पानी पिलाने का कार्य कर रही थी ,इसी दौरान अचानक मालती यादव को चक्कर आने लगी तथा मनरेगा कार्य स्थल पर मालती बैठ गई ,कुछ समय बाद मालती को पानी पिलाने के पश्चात् उसको ग्राम रोजगार सहायिका सीतेश्वरी चौहान द्वारा मनरेगा कार्य मे कार्यरत मेट व मजदूरों द्वारा उनके घर पहुंचाया गया। घर पहुंचने पर परिजनों द्वारा डॉक्टर को दिखाया गया उसके बाद डॉक्टर ने मालती यादव की मृत्यू होना बताया गया। तत्काल ग्राम रोजगार सहायिका द्वारा ग्राम पंचायत कुर्रा के सरपंच रविवर्मा को घटना की जानकारी व जनपद पंचायत तिल्दा को सूचना दिया गया। सरपंच रविवर्मा द्वारा पुलिस थाना खरोरा को सूचना दिया गया।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने दी 25 हजार की मदद

गंडई पंडरिया । 22 मई को गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नाम से 25 हजार का चेक जिला अध्यक्ष पदम कोठारी को दिया गया। साथ ही 11 हजार रुपये का चेक पूर्व जमीदार लाल टारकेश्वर शाह खुसरो द्वारा जिलाध्यक्ष को दिया गया। 25 हजार और 11 हजार का चेक कोरोना प्रभावित को सहायता के लिए दिया गया है।इस मौके पर गंडई ब्लाक अध्यक्ष साकेत दुबे,ब्लाक अध्यक्ष खैरागढ़ भीखम चन्द छाजेड़ जी,जिला अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंकज बांधव जी,पार्षद दिलीप ओगरे, चेतन देवांगन,भिरगेस यादव,नरायण चतुर्वेदी, सूरज नामदेव,ब्लाक मीडिया प्रभारी अमित टंडन, विक्की टंडन आदि उपस्थित रहे।

10 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

खरोरा। आरंग ब्लाक के ग्राम समोदा में सी सी रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। गांव की मूलभूत सुविधाओं को देखते हुवे क्षेत्रीय विधायक एवं नगरीय प्रशासन, श्रम मंत्री शिवकुमार डहरिया ने विधायक निधि से विकास कार्य के लिये राशि स्वीकृत की गई थी उन्हीं के निर्देश पर महानदी के तट से लगे बाजार चौक ग्राम समोदा में 10 लाख के लागत से सी. सी.रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश देवांगन के द्वारा किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेश देवांगन ने कहा कि बारिश के दिनों में ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था, ग्रामवासियों के मूलभूत सुविधा मांग को देखते हुवे, डॉ. शिवकुमार डहरिया जी अपने विधायक निधि मद से तत्काल सी.सी. रोड बनने स्वीकृति से ग्राम वाशियो में खुशी की लहर है, इस विकास कार्य से बाजार चौक के स्थल सुसज्जित और अच्छा हो जायेगा। उक्त अवसर पर आजुराम वंशे, जनपद पंचायत सभापति-संजय चेलक, पूर्व सरपंच-शिवलाल साहू, जनपद सदस्य-यादराम साहू, जोन अध्यक्ष-शिवकुमार साहू, पूनम साहू, पुनीत निषाद ,शीतल पांडे, ईश्वरी ध्रुवंशी, अरुण निषाद, झाला राम साहू, समारू निषाद, छोटू निषाद रामनाथ साहू, शंकर निषाद, राम कृत साहू ,टूकेश कुमार साहू, बलदाऊ साहू, मनबोध साहू ,मिथलेश साहू, गुलाल साहू उपस्थित थे।

22 साल का युवक कोरेना पॉजिटिव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप

देवभोग। महाराष्ट्र राज्य से लौटे तीन मजदूरों में से एक युवक की कोरेना पॉजिटिव की पुष्टि के बाद गांव सहित आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है । तो वहीं दूसरी ओर अधिकारियों ने युवक किस-किस के संपर्क में आने को लेकर बारीकी से अध्ययन भी शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय हो की ब्लॉक में कोरेना का पहला पॉजिटिव मामला सामने आया है ।जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत धौराकोट से पलायन के लिए महाराष्ट्र गए मजदूर बीते 17 मई को वापस लौटे जिन्हें पंचायत सहित स्थानीय प्रशासन ने पूरी व्यवस्था के साथ उन्हें गांव के हाई सेकेंडरी स्कूल में क्वॉरेंटाइन में रखा गया। हालांकि सभी बाहर से आकर क्वॉरेंटाइन में रहे लोगों का सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। और आज ऐम्स कोएना पॉजिटिव होने की बुलेटिन में धौराकोट से 22

साल युवक की कोरेना पॉजिटिव की पुष्टि किया गया जिसके बाद एसडीएम भूपेंद्र साहू थाना प्रभारी सत्येंद्र श्याम स्वास्थ्य अधिकारी अपना अपना मोर्चा संभालते हुए मौके पर पहुंचकर पॉजिटिव मरीज को रायपुर एम्स अस्पताल ले जाने की पूरी तैयारी कर करीब 6 बज कर 15 मिनट पर पॉजिटिव मरीज को एम्स अस्पताल के लिए रवाना किया गया देवभोग ब्लॉक मैं कोरेना पॉजिटिव की पहली दस्तक से लोगों में भी काफी हड़कंप मच गया है। हालांकि सबसे राहत की बात यह है। कि एसडीएम भूपेंद्र साहू के बेहतरीन सूज बुज के चलते बाहर से लौटे मजदूरों को अलग-अलग रूम पर रखा गया इससे स्थानीय ऑनलाइन प्रशासनिक अमला भी राहत महसूस कर रहा है। हालांकि पॉजिटिव युवक गरियाबंद से लेकर धौराकोट क्वॉरेंटाइन मैं रखें जाने तक कहां और किस किस के संपर्क में आने को लेकर बारीकी से डिटेल खंखांली जा रही है। ताकि जल्द से जल्द रणनीति तैयार किया जा सके

ट्रैक्टर में दबने से युवक की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। खरोराथाना अंतर्गत भैंसा समीपस्थ ग्राम भैंस मुड़ी में शुक्रवार शाम चार बजे के आसपास खेत की जुताई कर वापस लौट रहे थे इसी दरमियान खेत के मेड को पार करते हुए सोल्ड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें ट्रैक्टर के इंजन हिस्से में बैठे भैंस मुंडी निवासी युवक ढोला यादव उर्फ मनोज यादव पिता स्व बिहारी यादव उम्र 43 वर्ष की ट्रैक्टर से दबने से मौके पर ही मौत हो गई साथ ही ट्रैक्टर चला रहे चालक पुनीत वर्मा को हल्की चोट आई जिले अस्पताल में भर्ती किया गया है।मृतक की मौत के बाद पूरे गांव सहित परिवार में मातम छा गया मृतक घर में अकेला कमाने वाला था वहीं उनके चार बच्चे थे मौके पर पहुंचे खरोरा पुलिस ने जे सी बी से मृतक के शरीर को बाहर निकलवा कर शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। तथा जांच

पड़ताल कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

सप्ताह भर में ट्रैक्टर से दब कर मरने की दूसरी घटना

उललेखनीय है की बीते मंगलवार को आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम गिधवा में मंगलवार की शाम ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से दो लोगों की मौत हो गई थी ।जानकारी के अनुसार आरंग के छटेरा गांव के तेजराम यादव और रामजी यादव मंगलवार की सुबह पड़ोस के गिधवा गांव में नया ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गए हुए थे. इसी दौरान गिधवा के गौठान के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा, और हादसे में उस पर सवार दोनों लोगों की मौत हो गई थी।

मजदूरों के साथ किया जा रहा जानवरों जैसा बर्ताव

खरोरा। समीपस्त ग्राम भैंसमुडी में पुणे व महाराष्ट्र से लौटे मजदूरो से हो रहा जानवरो जैसा व्यवहार । पुणे व महाराष्ट्र से लौटे 20 मजदूरो को गांव के ही धान खरीदी केंद्र के मैदान में ही कोरनटीएन किया गया है ।इनके रहने व सोने के लिए तीन टैंट बनाये गए है उस छोटे से टैंट में मजदूरो का रहना है जैसे बंद पिंजरे में कैद पंछी । वही एक तरफ जहाँ प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत का सपना देख रहे है वही मजदूरो के शौच के लिए कोई व्यवस्था नही है वो बाहर खेत मे ही शौच पर जा रहे है उसके अलावा जहाँ पर यह क्वारेंटीने सेंटर बनाया गया है उससे लगी हुई एक बड़ी सी नाली है मजदूरो की मजबूरी हो गई है उस गंदी नाली के पास रहने की इसके अलावा मंडी में अभी रोजाना किसानों का आना जाना लगा हुआ है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है । अब ऐसी जगह कोरोटीएन करना यह सवाल खड़ा करता है कि कोरोटीएन किया ही क्यों गया क्योंकि ऐसे भी वो लोगो के संपर्क में आ ही रहे है शासन का निर्णय समझ से परे है।

> हमने जनपद सीईओ को जानकारी दी थी कि हमारे यहाँ मजदूरो को कोरोटीएन करने की जगह नही है उन्होंने स्कूल में शिफ्ट करने को कहा लेकिन स्कूल में ग्रामीण मना कर रहे थे इसलिए हमने उन्हें वही कोरनटाईन किया ।
>
> **जगदीश प्रसाद वर्मा,** सरपंच भैंसमुडी

पढ़ई तुंहर दुवार,जिला स्तरीय मुख्य स्त्रोत प्रशिक्षकों की नियुक्ति

खरोरा। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप पढ़ई तुंहर दुवार के माध्यम से बच्चों को घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है।इसी तारतम्य में विकासखंड स्तर पर कार्यों के सफल निष्पादन एवम उसमे आ रही दिक्कतों को दूर करने के उद्देश्य से श्री के एस पटले जिला परियोजना समन्वयक द्वारा शुक्रवार को जिला कार्यालय रायपुर में समीक्षा बैठक ली।जिसमें चारों विकासखंड के बी आर सी सी एवं तीन तकनीकी रूप से एक्सपर्ट समन्वयकों को बुलाया गया था।समीक्षा बैठक में श्री के एस पटले सर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।जिसमें समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों का शत प्रतिशत पंजीयन एवम वर्चुवल क्लास का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करना, विद्यार्थियों द्वारा भेजे जा रहे असाइनमेंट की जांच कर अपलोड करना,विद्यार्थियों का किसी विषय वस्तु में संदेह हो तो तत्काल दूर करना शामिल है।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना कोरोना संकट के समय किसानों के लिए वरदान- रणजीत सिंह चन्देल

गण्डई पंडरिया। प्रदेश किसान कांग्रेस महासचिव रणजीत सिंह चन्देल ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि 21मई को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के

पुण्यतिथि के दिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए किसान न्याय योजना लागू किया है। यह वैश्विक कोरोना महामारी के संकट के समय मे किसानों के लिए वरदान लेकर आए हैं। यह योजना वास्तव में किसानों के लिए संबल का आधार बन गई है। इससे किसानों के खातों में सीधे नगद पैसा पहुचने लगा है। इस प्रकार यह पैसा किसानों के सही समय में उपयोग में आएगा क्योंकि 22 मार्च से देश में लॉक डाउन के चलते किसानों की भी माली हालत खस्ता हुआ है। साथ ही किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने 22 मई को मुख्यमंत्री निवास स्थान में जाकर सभी किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ला, किसान कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे। चन्देल ने आगे कहा कि इस योजना के जरिए राज्य में न सिर्फ खेती-किसानी को बढ़ावा मिलेगा बल्कि किसानों को उपज का वाजिब मूल्य मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी।

कोरिया में भी बढ़ने लगे कोरोना के मरीज

बैकुंठपुर । कोरोना पॉजिटिवों के आंकड़े लगातार छत्तीसगढ़ में बढ़ते जा रहे हैं। सरगुजा संभाग का कोरिया जिला भी इससे अछूता नहीं है। अब से कुछ देर पहले ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़े के अनुसार कोरिया जिले में फिर 1 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने की पुष्टि हुई है।जब कि सनिवार को ही 4 मरीज मिले थे जहा 3 को अम्बिकापुर शिफ्ट किया गया है वही एक मासूम बच्चे को रायपुर शिफ्ट किया है जहाँ डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी हैं वही कलेक्टर कोरिया ने संयम बरतने की अपील की है ।

जब कि सरगुजा संभाग के कोरिया जिले में सनिवार को मिले 4 पॉजिटिव मरीज में 3 चिरमिरी व एक चरचा नगर पालिका छेत्र का जो कि सभी क्वारेंटाइन सेंटर के है, जबकि रविवार को कोरिया जिले में खड़गवां ब्लाक के कटकोना से मिला एक पॉजिटिव गुजरात से लौटा श्रमिक है। जिसे कोविड-19 अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराने की तैयारी चल रही है।

जब कि सरगुजा संभाग के सरगुजा व कोरिया जिले में 24 घंटे के भीतर 9 कोरोना पॉजिटिव मरीजों के मिलने की पुष्टि हो चुकी

है। 23 मई को सरगुजा जिले के अंबिकापुर में 3 तथा कोरिया जिले में 4 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले थे। वहीं आज फिर दोनों जिले में 1-1 पॉजिटिव मिले हैं।

ऐसे में सरगुजा संभाग में एक्टिव मरीजों की संख्या 15 हो गई है। हम आपको बता दें कि सूरजपुर व बलरामपुर जिले से भी 1-1 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। अकेले सरगुजा जिले के अंबिकापुर में 5 तथा मैनपाट में 2 मरीज हैं।

2 साल का मासूम मिला पॉजिटिव

कोरिया जिले में भी 23 मई को 4 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें चिरमिरी गोदरीपारा क्षेत्र का 2 वर्ष का मासूम बच्चा भी शामिल है। वह सप्ताहभर पूर्व अपने माता-पिता व दादा-दादी के साथ झारखंड के गढ़वा से लौटा था। सूचना पर स्वास्थ्य अमले द्वारा सभी को क्वारेंटाइन सेंटर में रखकर सभी का सैंपल जांच के लिए रायपुर भेजा गया था।

इसमें सिर्फ 2 वर्षीय मासूम का ही रिपोर्ट पॉजिटिव आया है वही इसके माता पिता का रिपोर्ट निगेटिव आया था जबकि चिरमिरी क्षेत्र के ही 2 अन्य व चरचा कॉलरी क्षेत्र का एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। ऐसे में कोरिया जिले में पॉजिटिवों की संख्या अब 6 हो गई है।वही पूर्व में मिले एक पॉजिटिव मरीज के ठीक होने से आज वह कोरिया जिले में देर शाम तक आने की संभावना हैं जिसकी पुष्टि स्वास्थ्य अधिकारी ने की ।

गुजरात से लौटा था श्रमिक युवक -

रविवार को कोरिया जिले में मिला एक कोरोना पॉजिटिव मरीज 8 दिन पूर्व गुजरात से लौटा था। वह वहां मजदूरी करता था। वह जिले के खड़गवां ब्लाक के कटकोना क्षेत्र का निवासी है।

डौंडी में तेलंगाना से लौटी युवती की मौत

- **रायपुर ले जाते हुई मौत, पचेड़ा में क्वारंटाइन सेंटर में थी युवती**

डौंडी(बालोद)। आदिवासी विकास खंड डौंडी में तेलांगना राज्य से आई 20 वर्षीय युवती की तबीयत खराब होने से मौत हो गई। युवती को डौंडी क्षेत्र के पचेड़ा गांव में बने क्वारंटाइन में सेंटर में रखा गया था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवती 17 मई को तेलांगना राज्य के शहर हैदराबाद से वापस आई थी। उसे बुखार व खांसी की शिकायत थी। उसे गांव के ही क्वारनटाइन सेंटर में भेज दिया गया था। इस बीच युवती की तबीयत बिगड़ने पर युवती को बालोद कोविड 19 अस्पताल लाया गया। यहां पर इलाज के बाद सुधार नहीं होने पर राजनांदगांव रेफर किया गया था। लेकिन राजनांदगांव में भी युवती हालात बिड़गने के बाद यहां से रायपुर रेफर किया गया। जब युवती को राजनांदगांव से रायपुर ले जाया जा रहा था उसी वक्त रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। युवती के मौत का कारण अभी स्पस्ट नहीं है लेकिन युवती का सैंपल रायपुर भेजा गया है,

जिसकी रिपोर्ट अभी आना बाकी है। रायपुर से रिपोर्ट आने के पहले ही युवती का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में मृतक के परिजन सहित ग्रामीण मौजूद रहे। मृतका के साथ आई युवती के अनुसार मृतका का स्वास्थ्य हैदराबाद से आने के समय से ही खराब था उसे खांसी व बुखार था।

'पढ़ाई तुंहर दुआर' योजना के तहत छात्र-छात्राओं की चल रही ऑनलाइन पढ़ाई: संजय

गन्डई पंडरिया। छत्तीसगढ़ सरकार ने लॉकडाउन की वजह से प्रभावित हो रही छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के नुकसान को रोकने के लिए पढ़ई तुंहर द्वार पोर्टल लॉन्च कर दिया है। देशभर में कोरोना (कोविड-19) महामारी के चलते स्कूल बंद हैं ऐसे में स्कूली बच्चों की पढ़ाई का बहुत नुकसान हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ ने इस पढ़ई तुंहर द्वार पोर्टल को राज्य में सभी स्कूली बच्चों और अध्यापकों के लिए शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पोर्टल पर विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं और डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों को पढ़ा सकते हैं।

विकास खण्ड छुइखदान मे पढ़ई तुंहर दुआर योजना के तहत संकुल केन्द्र धोधा प्राथमिक /माध्यमिक शाला के विद्यार्थियो को कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य के निर्देश एवम् डीईओ के मार्गदर्शन मे 22 मई से ऑनलाइन पढ़ाई कराया जा रहा है। ऑनलाइन पढ़ाई की शुरुआत माध्यमिक शाला धोधा एवं माध्यमिक शाला बिरनपुरकला मे प्रयोग के तौर पर शुरू की गई अब धीरे - धीरे इसे सभी स्कूलो में शुरू कराया जा रहा है।

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने एवं शासन के निर्देश के अनुसार स्कूल की पढ़ाई प्रभावित न हो इस उद्देश्य से छतीसगढ़ शासन की स्कूल शिक्षा विभाग ने ÷पढ़ाई तुंहर दुआर÷ योजना के तहत प्रथमिक शाला/ माध्यमिक/ हाईस्कूल/ हायर सेकेंडरी स्कूलो के विद्यार्थियों को घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कराये जाने निर्देशित किया है।

व्हाट्सप्प के माध्यम से दिया जाता है होमवर्क

लॉकडाउन के चलते अब स्टूडेंट्स के वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर उन्हें होमवर्क दिया जा रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए उन्हें वॉट्सऐप ग्रुप पर होमवर्क दिया जा रहा है। टीचर से फोन पर संपर्क कर पढ़ने की भी सुविधा सभी स्कूलों ने दी है। ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले छात्र - छात्राओं को प्रतिदिन पढ़ाई के साथ घर में पढ़ने के लिए होमवर्क भी दिया जा रहा है एवं बच्चों की शंकाओ एवम् समस्याओ का समाधान कर रहे है।

पढ़ई तुंहर दुआर में संकुल के 150 बच्चो का ऑनलाइन पढ़ाई के लिए वाट्स ऐप्प ग्रुप बनाकर की गई शुरुआत: ऑनलाइन कक्षा की शुरुआत उच्च प्राथमिक शाला धोधा एवं बिरनपुरकला से हुई है। वर्तमान में संकुल से 100-150 बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे है। कक्षा दूसरी से पांचवी तक की ऑनलाइन पढ़ाई भी 23 मई से शुरू की गई है।

उच्च प्राथमिक शाला की शिक्षिका विनिता राजपूत एवं दिप्ती चंदेल ने बताया की ऑनलाइन पढ़ाई को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्राये में काफी उत्साह है। वे रूचि लेकर पढ़ाई कर रहे है।

न्यूज गैलरी

विदेशी मुद्रा भंडार 10 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मई को समाप्त सप्ताह में 1.73 अरब डॉलर बढ़कर 10 सप्ताह के उच्चतम स्तर 487.04 अरब डॉलर पर पहुँच गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार का 06 मार्च को समाप्त सप्ताह (487.24 अबर डॉलर) के बाद का उच्चतम स्तर है। लगातार तीसरे सप्ताह विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में वृद्धि हुई है। इससे पहले 08 मई को समाप्त सप्ताह में यह 4.24 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 485.31 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 15 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.12 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और सप्ताहांत पर यह 448.67 अरब डॉलर पर रहा। इस दौरान स्वर्ण भंडार 61.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 32.91 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.04 अरब डॉलर रह गया जबकि विशेष आहरण अधिकार 20 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 1.43 अरब डॉलर पर पहुँच गया।

कोरोना योध्दाओं को फार्मासिंथ ने बांटे 1.25 लाख सैनिटाइजर

नयी दिल्ली (वार्ता)। दवा बनाने वाली फार्मासिंथ कंपनी ने भारत माता फाउंडेशन के साथ मिलकर लोगों की सेवा में लगे सफाई, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा कर्मचारियों को सैनिटाइजर बाँटने के लिए 'जेब में रखो सैनिटाइजर' अभियान शुरू किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के करीब 1000 गाँवो में सैनिटाइजर बांटने का काम शुरू किया गया है और सभी कोरोना योद्धाओं को जरूरी दिशानिर्देश देते हुए समझाया कि सैनिटाइजर को जेब में रखना तथा हमेशा मास्क पहनकर रखने की सलाह भी दी।

ड्रूम ने की 'सी-कॉमर्स' की पेशकश

नयी दिल्ली (वार्ता)। ऑटोमोबाइल मार्केटप्लेस ड्रूम ने 'ई-कॉमर्स' से आगे बढ़ते हुए 'सी-कॉमर्स' की पेशकश की है जिसके तहत घर पर टेस्ट ड्राइव, होम डिलीवरी, घर से बिक्री और संपर्क रहित भुगतान और लेनदेन की जाती है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से मुकाबला करने के लिए नई सी-कॉमर्स सेवाएं पेश की गयी है। ये सेवाएं सामाजिक दूरी के दिशा निर्देशों को बनाए रखते हुए ड्रूम को कॉन्टेक्टलेस रहने में मदद करेंगी। ड्रूम ग्राहकों को अपने व्यापक उपकरण ड्रूम डिस्कवरी, ओबीवी, ड्रूम हिस्ट्री और इको निरीक्षण के ज़रिये ऑनलाइन ही वाहन पर गहन रिसर्च करने की सुविधा देता है।

लगातार तीसरे सप्ताह लुढ़का शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। लॉकडाउन के बीच वाणिज्यिक गतिविधियाँ शुरू किये जाने के बावजूद कोविड-19 के बढ़ते मामलों की चिंता में पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में एक फीसदी से अधिक की गिरावट रही।

बाजार लगातार तीसरे सप्ताह लुढ़का है और जिस प्रकार कोविड-19 के नये मामले बढ़ रहे हैं, आने वाले सप्ताह में भी बाजार दबाव में रह सकता है। कोरोना वायरस के मामले बढ़ते हैं तो बाजार पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। देश में कोविड-19 के मरीजों की संख्या अब एक लाख 32 हजार के करीब पहुँच चुकी है।

पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 425.14 अंक यानी 1.37 प्रतिशत लुढ़ककर 30,672.59 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 97.60 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 9,39.25 अंक पर आ गया।

मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप दो प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 11,270.02 अंक पर और स्मॉलकैप 1.54 फीसदी गिरकर 10,524.23 अंक पर आ गया।

पिछले सप्ताह सोमवार को ही शेयर बाजारों में करीब साढ़े तीन प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गयी। सेंसेक्स 1069 अंक और निफ्टी 314 अंक टूट गया। इसके बाद पूरे सप्ताह बाजार वापसी नहीं कर सका। अगले तीन दिन लिवाली का जोर रहा जबकि शुक्रवार को एक बार फिर यह लाल निशान में बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी जबकि शेष 15 गिरावट में रहीं। बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियाँ सबसे अधिक दबाव में रहीं। आईटी और टेक कंपनियों में तेजी रही जबकि वाहन निर्माता कंपनियों में मिश्रित रुख रहा।

इंडसइंड बैंक ने सर्वाधिक 19.25 प्रतिशत का साप्ताहिक नुकसान उठाया। सप्ताह के दौरान एक्सिस बैंक के शेयर 13.26 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक के 9.75, भारतीय स्टेट बैंक के 9.34, बजाज फाइनेंस के 9.13, एचडीएफसी के 7.28, एचडीएफसी बैंक के 5.55 और कोटक महिंद्रा बैंक के 1.49 प्रतिशत लुढ़क गये।

आईटी एवं टेक कंपनियों में टीसीएस के शेयर 6.64 प्रतिशत, इंफोसिस के 6.12, टेक महिंद्रा के 3.78 और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के 3.71 फीसदी की साप्ताहिक बढ़त में रहे।

वाहन निर्माता कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 11.82 प्रतिशत और मारुति सुजुकी के 0.65 प्रतिशत चढ़े जबकि बजाज ऑटो के 4.28 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प के 2.07 प्रतिशत लुढ़क गये।

अन्य कंपनियों में एलएंडटी के शेयर 5.58 फीसदी, पावरग्रिड के 2.53, हिंदुस्तान यूनिलिवर के 2.16, रिलायंस इंडस्ट्रीज के 1.87 और नेस्ले इंडिया के 1.23 प्रतिशत टूट गये।

आईटीसी ने सेंसेक्स में सबसे अधिक 13.21 प्रतिशत का साप्ताहिक मुनाफा कमाया। भारती एयरटेल के शेयर 7.02 प्रतिशत, सनफार्मा के 4.62, एशियन पेंट्स के 4.13, अल्ट्राटेक सीमेंट के 1.63, टाइटन के 0.48, टाटा स्टील के 0.37, ओएनजीसी के 0.13 प्रतिशत चढ़े।

2600 और श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करेगा रेलवे

नई दिल्ली। जहां एक ओर देश कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है, वहीं भारतीय रेलवे इस महत्वपूर्ण समय में गंभीर रूप से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इन प्रवासियों को उनके गृह राज्य तक पहुंचाकर राहत प्रदान करने के निरंतर प्रयासों के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रेल मंत्रालय ने अगले दस दिनों में देश भर में राज्य सरकारों की जरूरतों के अनुसार 2600 और श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का फैसला किया है। इस पहल से देश भर में फंसे 36 लाख यात्रियों को लाभ मिलने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे ने लॉकडाउन के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे प्रवासी कामगारों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य व्यक्तियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 01 मई 2020 से ÷श्रमिक स्पेशल÷ ट्रेनों का परिचालन शुरू किया था। इन विशेष ट्रेनों को ऐसे फंसे हुए व्यक्तियों को भेजने और प्राप्त करने के लिए मानक प्रोटोकॉल के अनुसार दोनों संबंधित राज्य सरकारों के अनुरोध पर एक राज्य से दूसरे राज्य के बीच चलाया जा रहा है। इन श्रमिक स्पेशल के लिए समन्वय और सुचारु परिचालन के लिए रेलवे और राज्य सरकारों ने वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। भारतीय रेलवे ने पिछले 23 दिनों में 2600 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया है। अब तक लगभग 36 लाख फंसे प्रवासियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाया गया। उल्लेखनीय है कि श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के अलावा, रेल मंत्रालय ने 12 मई 2020 से 15 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है और 01 जून, 2020 से 200 ट्रेन सेवाओं को शुरू करने की घोषणा की है।

जुकरबर्ग, बिल गेट्स सहित पांच अमेरिकी धनकुबेरों की संपत्ति 434 अरब डॉलर बढ़ी

न्यूयॉर्क ए.। कोविड-19 महामारी में लाखों अमेरिकी नागरिकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है, वहीं देश के अरबपतियों की संपत्ति में कुल 434 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस की संपत्ति 34.6 अरब डॉलर बढ़ी। वहीं फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में 25 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। शीर्ष पांच अमेरिकी अरबपतियों -जेफ बेजोस, बिल गेट्स, मार्क जुकरबर्ग, वॉरेन बफेट और ओरेकल के लैरी एलिसन की कुल संपत्ति में 75.5 अरब डॉलर या 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अमेरिकंस फॉर टैक्स फेयरनेस (एटीएफ) और इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज (आईपीएस) के अनुसार, ÷अमेरिका के अरबपति आर्थिक रूप से बहुत आगे बढ़े हैं, जबकि बाकी अमेरिका कोरोनो वायरस महामारी के कारण पहले दो महीनों के दौरान बंद था।÷ इस असमानता पर आईपीएस कार्यक्रम के निदेशक चक बिलिंस और 'बिलियनेयर बोनांजा 2020' रिपोर्ट के सह-लेखक ने कहा, ÷एक वैश्विक महामारी के दौरान अरबपतियों के धन में वृद्धि असमान सेक्रिफाइज को रेखांकित करती है।

फोर्ब्स के आंकड़ों के समूह के विश्लेषण के आधार पर 18 मार्च से 19 मई के बीच 600 से अधिक अमेरिकी अरबपतियों की कुल संपत्ति में 434 अरब डॉलर या 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उसी अनुमानित अवधि के दौरान, 3.80 करोड़ से अधिक कामकाजी अमेरिकियों ने अपनी नौकरी खो दी। वहीं लगभग 15 लाख अमेरिकी इस वायरस से संक्रमित हुए और लगभग 90,000 लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, ब्राजील में कोरोना वायरस मामलों की संख्या में अचानक उछाल देखने को मिला है, और देश में अबतक कोरोना वायरस के कुल 330,098 मामलों पाए गए हैं। इसके साथ ही यह संक्रमण के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर आ गया है, वहीं अमेरिका अभी भी पहले स्थान पर है। समाचार एजेंसी एफे की रिपोर्ट के अनुसार, 22 मई को ब्राजील में कोरोना वायरस पॉजिटिव 20,803 नए मामले सामने आए हैं, जबकि इस वायरस से मरने वालों की संख्या 1,001 से बढ़कर 21,048 हो गई है। वर्तमान में, जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका, दुनिया में 1,600,782 मामलों और 95,972 लोगों की मृत्यु के साथ पहले स्थान पर है। ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में कोरोना वायरस के सबसे अधिक मामले देखने को मिले। यहां कोरोना वायरस से अबतक 76,871 लोगों को पॉजिटिव पाया गया है।

सीनियर सिटिजन को फिक्स्ड डिपाजिट पर एचडीएफसी देगा ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटिज़न केयर एफडी ऑफर 0.75 प्रतिशत ज्यादा ब्याज प्रदान करेगा

मुंबई। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने अपने सीनियर सिटिज़न केयर फिक्स्ड डिपॉजिट पर 0.25 प्रतिशत ऊँची ब्याज दर के विशेष ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर नई एवं रिन्यू की गई सभी एफडी पर तत्काल लागू हो जाएगा। 0.25 प्रतिशत की यह अतिरिक्त ब्याज दर 0.50 प्रतिशत ऊँची ब्याज दर के मौजूदा प्रीमियम के ऊपर प्रस्तुत किया गया है। एचडीएफसी बैंक सीनियर सिटिज़न केयर एफडी अब आमजनता को मिलने वाले ब्याज के मुकाबले 75 बेसिस प्वाईंट (बीपीएस) ऊँची चक्रवृद्धि ब्याज दर प्रदान करेगा।

इस ऑफर के साथ वरिष्ठ नागरिक 6.5 प्रतिशत की आकर्षक ब्याज दर पर एफडी बुक कर सकेंगे। रेज़िडेंट सीनियर सिटिजंस को यह ऑफर 5 करोड़ रु. से कम मूल्य की फिक्स्ड डिपॉजिट पर एवं 5 साल 1 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए मिलेगा। 18 मई, 2020 को लॉन्च किया गया यह ऑफर रिटेल टर्म डिपॉजिट सेगमेंट में प्रस्तुत किया गया है, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा दी जा सके (60 साल या उससे अधिक उम्र)। यह ऑफर 30 सितंबर, 2020 तक लागू रहेगा।

एस. संपत कुमार, ग्रुप हेड, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ''वरिष्ठ नागरिक बाजार की मौजूदा स्थिति में अपने निवेशों की सुरक्षा कर सकते हैं। गिरते हुए ब्याज दर के परिदृश्य में उन्हें ज्यादा सुरक्षा मिलनी चाहिए। यह ऑफर उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है।

पिछले माह, ग्लोबल रेटिंग एजेंसी, एस एंड पी ने कहा, ''हमारा मानना है कि एचडीएफसी बैंक की व्यक्तिगत क्रेडिटवर्दीनेस भारतीय बैंकिंग सेक्टर के मुकाबले काफी ज्यादा मजबूत है।'' इसने एचडीएफसी की स्टेबल आउटलुक के साथ एसएसीपी, बीबीबी-/ए3 की क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की। इसका मतलब है कि हम एक मजबूत व लचीले बैंक हैं एवं हमारे साथ डिपॉजिट करना सुरक्षित है।

केंद्र और राज्य के बीच उधारी पर फंसा पेच

सुशील मोदी बोले- यह कतई तर्क संगत नहीं

नई दिल्ली ए.। कोरोना संकट के बीच राज्यों की उधारी बढ़ाने के मसले पर केंद्र सरकार के फैसले से नाखुश राज्य इस पर दोबारा विचार करने की मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार की तरफ से राज्यों की उधारी को सशर्त बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। राज्य उधारी का बड़ा हिस्सा बिना शर्त मंजूरी चाहते हैं। साथ ही रिजर्व बैंक की तरफ से कर्ज दिए जाने की मांग फिर से जोर पकड़ने लगी है। बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने हिंदुस्तान से बाचतीत में कहा है कि केन्द्र सरकार की तरफ से दी गई उधारी की सशर्त व्यवस्था राज्यों के लिए तर्क संगत कतई नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से दी गई नई व्यवस्था में शुरुआती 1 फीसदी उधारी बिना शर्त के होनी चाहिए। वहीं बाकी के हिस्से को भले ही केंद्र रिफॉर्म की शर्त के साथ जोड़ दें। उन्होंने ये भी कहा कि केंद्र सरकार ने तो अपना कर्ज 53 फीसदी बढ़ा लिया है। राज्यों को बाजार से उधारी लेने पर ऊंचा ब्याज देने पड़ेगा और इस बात की भी संभावना है कि हमारा कर्ज सब्सक्राइब न हो पाए, ऐसे में रिजर्व बैंक को दखल देने की जरूरत पड़ेगी।

सुशील मोदी ने केंद्र सरकार की तरफ से बताए गए राज्यों की उधारी के आंकड़े के बारे में कहा कि अभी उधारी लेने का लंबा समय बाकी है। उनके मुताबिक, राज्यों की उधारी के लिए 6-6 महीने की विंडो रहती है। ऐसे में मई महीने तक ही सारी उधारी नहीं लेनी होती है। इसके लिए राज्यों के पास पहली तीमाही में ही जून तक का समय है। ऐसे में जिन्हें भी उधारी चाहिए वो आगे लेंगे ही। इसके लिए सितंबर तक का समय पहली छमाही में बाकी है।

केंद्र सरकार ने राहत पैकेज के ऐलान के समय बताया था कि राज्यों के लिए वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान उधार जुटाने की पहले से स्वीकृत कुल सीमा 6.41 लाख करोड़ रुपए तय है। हालांकि राज्यों ने अब तक अधिकृत सीमा का केवल 14 फीसदी रकम ही उधार ली है। बाकी की 86 फीसदी अधिकृत कर्ज सीमा का इस्तेमाल किया ही नहीं गया है। बावजूद इसके राज्यों की तरफ से इस सीमा को बढ़ाने की मांग उठ रही थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि राज्यों की इसी मांग को देखते हुए केंद्र सरकार ने कुल उधारी की मौजूदा सीमा जो राज्यों की जीडीपी का 3 फीसदी होता है उसे बढ़ाकर 5 फीसदी किया जा रहा है। इन नए ऐलान के बात राज्यों को 4.28 लाख करोड़ रुपए अतिरिक्त उधारी की व्यवस्था हो जाएगी। राज्यों को 6.41 लाख करोड़ रुपए कर्ज की व्यवस्था पहले से ही है। हालांकि, केंद्र सरकार ने इस मंजूरी के साथ कई शर्तें भी लगा दी हैं। वित्त मंत्री ने बताया था कि उधारी में इस दो फीसदी की बढ़ोतरी में से आधा फीसदी की बढ़ोतरी बिना शर्त की गई है। यानी अपने जीएसडीपी का 3.5 प्रतिशत तक राज्य बेरोक-टोक उधारी ले सकेंगे।

कोरोना से लड़ने में एचआईवी दवाओं से अधिक कारगर कांगड़ा चाय

नई दिल्ली। कोविड-19 से लड़ने के लिए संशोधित प्रोटोकॉल में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा प्रतिरोधक क्षमता में सुधार और उपचार के लिए हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन (एचसीक्यू) के स्थान पर एचआईवी-रोधी दवा के उपयोग की संभावना व्यक्त की जा रही है। दूसरी ओर, अब कहा जा रहा है कि एचआईवी-रोधी दवाओं की तुलना में चाय रसायन भी प्रतिरक्षा बढ़ाने और कोरोना वायरस गतिविधि को अवरुद्ध करने में अधिक प्रभावी हो सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में स्थित हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ संजय कुमार ने इस तथ्य का खुलासा किया है। कांगड़ा चाय के बारे में बोलते हुए यह बात उन्होंने अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के मौके पर आईएचबीटी में आयोजित एक वेबिनार के दौरान कही है।

डॉ संजय कुमार ने कहाङ्क चाय में ऐसे रसायन होते हैं जो कोरोनावायरस की रोकथाम में एचआईवी-रोधी दवाओं की तुलना मेंअधिक प्रभावी हो सकते हैं। हमारे वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर-आधारित मॉडल का उपयोग करते हुए जैविक रूप से सक्रिय 65 रसायनों या पॉलीफेनोल्स का परीक्षण किया है, जो विशिष्ट वायरल प्रोटीन को एचआईवी-रोधी दवाओं की तुलना में अधिक कुशलता से बाँध सकते हैं। ये रसायन उन वायरल प्रोटीन्स की गतिविधि को अवरुद्ध कर सकते हैं, जो मानव कोशिकाओं में वायरस को पनपने में मदद करता है। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद से संबद्ध आईएचबीटी अपने प्रौद्योगिकी साझेदारों के साथ मिलकर चाय आधारित प्राकृतिक सुगंधित तेलों से युक्त अल्कोहल हैंड सैनिटाइजर का भी उत्पादन व आपूर्ति कर रहा है।

आज का भविष्यफल

मेष: आज आर्थिक प्रयोजन अथवा धन निवेश के लिए दिन शुभ है। अपनों के सहयोग से आज आपके निर्धारित कार्य पूरे होंगे। परिवार के किसी सदस्य की आय बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

वृषभ: आज प्रिय वस्तु की प्राप्ति का योग है। इसके अलावा निवेश संबंधी जो भी कार्य करेंगे उसमें भी धन लाभ का योग है। समाज में भी मान-सम्मान बढ़ेगा। पारिवारिक वातावरण में सुधार होगा।

मिथुन: आज मन की एकाग्रता कम होने के कारण बेचैनी हो सकती है। शारीरिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। मन बेचैन हो सकता है। आज के दिन धन निवेश सोच-विचारकर करें।

कर्क: मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप पर रहेगी। कार्यक्षेत्र में आज उच्चाधिकारियों की मदद मिलेगी। इससे आपको तरक्की भी मिल सकती है। व्यापार करते हैं तो आज आपको लाभ हो सकता है। मित्रों से भी कार्यक्षेत्र में लाभ प्राप्त होगा।

सिंह: आज मन में प्रसन्नता और शरीर में स्फूर्ति का अनुभव होगा। परिवार में बेवजह की कलह मच सकती है। प्रेम जीवन में तनाव रहेगा। मान-प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है।

कन्या: आज सभी कार्यों में आप अपने भाग्य का सहयोग प्राप्त करेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। आज आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में सक्रिय रहने से आनंद की प्राप्त होगी। माता-पिता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है।

तुला: दिन का प्रारंभ मानसिक तनाव से हो सकता है। अतः मन को शांत रखें। बेहतर होगा कि मेडीटेशन करें। इससे आपकी एकाग्रता बढ़ेगी। आज बाहर जाने से बचें।

वृश्चिक: जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा। ससुराल संबंधी रिश्तों में आज क्रोध पर नियंत्रण रखें। ऐसा करने से आपके संबंधों में सुधार आ सकता है। सम्मान मिलने के भी योग हैं।

धनु: आज प्रतिस्पर्धियों पर विजय मिलने का योग है। आज परिजनों और दोस्तों के साथ आपके संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। अचानक कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

मकर: आज मन सृजनात्मक प्रवृत्तियों की ओर आकर्षित होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। लाभ मिलने के भी योग बन रहे हैं।

कुंभ: कोई रुका हुआ कार्य भी आज बनने के योग हैं। किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़े, माता अथवा घर की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। कहीं भी आपका पैसा रुका है मिल सकता है।

मीन: मन चिंता मुक्त रहेगा। इसके अलावा आज आप शारीरिक रूप से काफी स्वस्थ महसूस करेंगे। इसके अलावा हो सकता है कि परिवार में शादी-ब्याह शुभ कार्य की भी चर्चा हो।

सू- दोकू क्र.032

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.31 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -032

बाएं से दाएं : 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिलावजह, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, अंबु 15. बैठा हुआ, विराजित 16. मृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे : 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का भाग जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 31 का हल

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

दाढ़ी में तिनका...

आईना दिखाना तो खबरनवीसों का हलाल हक है। ऐसे में कोई उस खबर से खुद को पैबस्त कर ले तो समझों चोर की दाढ़ी में तिनका है। कुछ ऐसा ही मामला एक नकचढ़े कप्तान साहब का है। एक सजातीय मंत्री की शह के साथ कई रईस कोचियों से भी रिश्ते के किस्से हर जुबां पर है। एक खबरनवीस ने अपनी खबर में एटीएम के भरोसे लॉकडाउन में अफसर लिखा। संजोग उसी दिन साहब भी एटीएम से पैसे निकालते जलवा अफरोज हुए। दरअसल बड़े बैनर के नौनिहाल खबरनवीस ने लॉकडाउन में अफसर खुद के एटीएम पर निर्भर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ के लिए लिखा था। लेकिन, कप्तान ने एटीएम मशीन का उपयोग करने वाली तस्वीर को ईमानदारी पर उंगली उठाना समझकर बस बिफर पड़े। फिर क्या था आनन-फानन में संपादक से राफ्ता कर बिचारे खबरीलाल की नौकरी खतरे में डाल दिए। वो तो लाख-लाख शुक्र है कि नौनिहाल ने पीडब्ल्यूडी बेस्ड खबर बतौर सबूत पेश कर नौकरी बचाई। धन्य हैं ऐसे ईमानदार और...।

दादी का गुस्सा...

सूबे के उद्योग और आबकारी मंत्री कवासी लकमा की छवि ही कुछ ऐसी है कि उनकी सरलता के सब कायल हैं। सीधे-साधे और भोले-भाले मंत्री को इसलिए उनके चाहने वाले सम्मान व आदर से दादी कहकर भी बुलाते हैं। दादी का व्यक्तित्व है भी कुछ ऐसा ही। लेकिन, अब दादी का गुस्सा सूबे के अफसरों को सताने लगा है। क्योंकि मंत्री मंडल में कई और भी गुस्से वाले राजा-महाराजा हैं पर जो वो नहीं कर पाए वह दादी जैसे सरल सहज मंत्री ने कर दिया है। अफसर खौफजदा हैं कि दादी के कोप का भागी बनें तो समझो सुकमा एसपी जीतेंद्र शुक्ला और तहसीलदार तक निपट गए। कमोबेश अफसरों की छुट्टी करने में दादी के समान दूसरा और कोई भी नहीं है। लब्बोलुआब यह कि नंबर दो मंत्री सिंहेदव और नंबर तीन मंत्री ताम्रध्वज साहू का विभागीय अफसरों में जो दबदबा नहीं वो दादी ने बना लिया है।

भयसिंह व सिंघम...

जहां कोयला होगा वहां खुद-ब-खुद गैंग ऑफ वासेपुर जैसी रंगदारी भी होगी। रेप, ब्लैकमेलिंग, रंगदारी वसूली जैसी शिकायतें तो आम थीं। कोरबा में खासकर दीपका गेवरा लाइन में भयसिंह के कई खास हैं। खाक गुर्गों की फेहरिस्त पूर्ववर्ती शासनकाल में भी थी लेकिन इतनी भयंकर नहीं। अब सूबे का निजाम बदलने के बाद मानों भयसिंह की गैंग के लोग सरेआम जरायम कर भयसिंह के खाससिंह बन घूम रहे हैं। खौफ से आजीज आ चुके लोग भी पुलिस कप्तानों की खामोशी से बेजार थे। धीरे-धीरे कोरबा के लोगों में अब फिर पुलिस पर भरोसा जमने लगा है। वजह है सिंघम टाईप एसपी की धुंआधार कार्रवाई का। एक वक्त था जब भयसिंह को तात्कालीन एसपी अमरेश मिश्रा ने धूल चटाई थी। हालाकि बाद में सब ठीक हो गया था। लेकिन, फिलहाल सिंघम समझौता करने वाला नहीं। चुनचुनकर ऐसे रंगदारों की फेहरिस्त बनाकर सिंघम का शिकंजा कसने लगा है कि भयसिंह का खौफ और उनके खासों की हवा टाईट है। सालों पुराने मामले में एक खाससिंह पर कार्रवाई उसी का नमूना है।

सफाई नहीं साथ...

घूम-घूमकर चुनावी ऐजेंडा बनाए, जो करना था वह सब साथ करेंगे यह भी दुहराए। लेकिन अब पद से पिछड़ने के बाद भूपेश मंत्री मंडल में सब को छोड़ एक ही ऐसा मंत्री है जो सफाई देता घूम रहा है। जबकि सरकार बनने के बाद अब सफाई नहीं साथ देना चाहिए। सूबे की हर खबर दिल्ली दरबार तक पहुंचाने से लेकर महिला अफसर तक को टारगेट करना भला कौन सा साथ निभाना हुआ! लोकतंत्र की शॉल ओढ़कर राजतंत्र की चाल चलने का ही नतीजा है कि साथ नहीं दिए तो अब सफाई देते घूम रहे हैं। दरअसल दरबार लगाने का अब मौका नहीं मिल रहा है। सूबे की हुकूमत और सूबा-ऐ-सदर बखूबी समझ गए हैं कि राजा को अंग्रेजी आए तभी वह राज चला सकता है यह जरुरी नहीं...हिंदी और छत्तीसगढ़ी में भी ज्यादा बेहतर राजपाट चलता है।

दिनभर तेज धूप के बाद शाम को लालिमा आसमान में सूर्यास्त होता सूर्य खारून नदी महादेव घाट का एक मनोरम दृश्य। (महादेव तिवारी)

लोनर हाथी प्रथम को ट्रेंकुलाइज करने वन विभाग की टीम को मिली सफलता

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। दंतैल हाथी प्रथम को ट्रेंकुलाइजेशन करने वन विभाग की टीम को आखिरकार सफलता मिल गई है। ट्रेंकुलाइजेशन के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य वन मण्डल का यह प्रथम उपलब्धि है। वन विभाग की टीम को पिछले एक हफ्ते से छका रहा है, उसे ट्रैंक्यूलाइज नहीं किया जा सका है। वहीं रविवार को सुबह वन विभाग की टीम को प्रथम हाथी को ट्रैंक्यूलाइज करने में सफलता मिली है। प्रथम को ट्रैंक्यूलाइज कर उसके गले में कॉलर आईडी लगाया गया है।

बताया जा रहा है कि पिछले हफ्ते भर से वन विभाग के प्रशिक्षु हाथी खतरनाक और जानलेवा दंतैल हाथी गणेश की तलाश कर रहे हैं। वन मंडल कोरबा की कुदमुरा रेंज के ग्राम निखार के जंगल में दंतैल का लोकेशन मिला, टीम वहां पहुंची पर दंतैल हाथी गणेश वहां नहीं मिला। विभाग की टीम ने एक अन्य उत्पाती हाथी प्रथम को ट्रेंकुलाइज किया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने प्रथम हाथी के पैर को रस्सी से बांध दिया, कॉलर आईडी लगाने की कार्रवाई चालू हुई। लगभग एक घंटे में वन विभाग की टीम ने प्रथम के गले में कॉलर आईडी को लगा दिया। वन विभाग की टीम हाथी के पैर को खोलने के बाद जंगल से लौट जाएगी।

इनके मार्गदर्शन में चला ऑपरेशन

लोनार हाथी के गले से कॉलर आईडी गिरने के बाद उसे फिर से पहनाने राज्य बन अमले ने पूरी ताकत झोंक दी थी। कार्य को अंजाम तक पहुचने में जिन अधिकारियों का मार्गदर्शन व सहयोग रहा उनमे अतुल शुक्ला पीसीसीएफ, अरुण पाण्डे एपीसीसीएफ, अनिल सोनी सीसीएफ, गुरुनाथन एन डीएफओ कोरबा, प्रियंका पाण्डे व डॉ राकेश वर्मा एससीएफवाइल्ड लाइफका योगदान रहा।

यह बहुत बड़ी उपलब्धि

राज्य वन मण्डल के मार्गदर्शन में पहली बार किसी उत्पाती हाथी को ट्रेकुलाइजेश करने मे सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ राज्य वन का यह बहुत बड़ी उपलब्धि है, अब हमें दूसरो पर निर्भर रहना नहीं पड़ेगा।

अरुण पाण्डे, एपीसीसीएफ

प्रथम हाथी होश में आने पर जंगल में विचरण कर सकेगा। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहली बार छत्तीसगढ़ की टीम ने ही प्रथम हाथी को ट्रेंकुलाइज कर कॉलर आईडी लगाया। इसके पहले दंतैल गणेश को ट्रेंक्यूलाइज करने बाहर से टीम बुलाई गई थी। खतरनाक हाथी की निगरानी के लिए वन विभाग की टीम ने वाइल्ड लाइफ से अनुमति लेकर ट्रेंकुलाइज कर कॉलर आईडी लगाया है, ताकि हाथी के लोकेशन की जानकारी मिल सके और स्थिति से आसपास के ग्रामीणों को आगाह किया जा सके, ताकि कोई जनहानि ना हो। जान-माल की सुरक्षा की जा सके। हालांकि दंतैल हाथी अभी पकड़ से दूर है। बता दें हाथी गणेश कोरबा कटघोरा और रायगढ़ जिले के धर्मजयगढ़ मंडल में 18 लोगों को मार चुका है। यह हाथी स्वभाव से बेहद आक्रोशित और खतरनाक है। इसे भी ट्रैंक्यूलाइज कर कॉलर आईडी लगाने की कोशिश जारी है।

विधायक के घर से एंबुलेंस को दिखाई हरी झंडी, वीडियो वायरल

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में सोशल मीडिया पर एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, यह खूब सूर्खियां बटोर रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. रामेश्वर शर्मा स्टॉफ के साथ 108 संजीवनी एक्सप्रेस के नए वाहन का शुभारंभ करने के लिये बैकुण्ठपुर के विधायक अंबिका सिंहदेव के निवास पर एम्बूलेंस के साथ पहुंच गये। जहां विधायक और सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर एम्बूलेंस को रवाना किया। कोरिया जिले के बैकुंठपुर को नया 108 वाहन तो मिल गया, लेकिन शुभारंभ समारोह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी क्या वजह थी कि सीएमएचओ जिला चिकित्सालय से एंबुलेंस का शुभारंभ कराने की बजाय विधायक के आवास पहुंच गए और वहां से हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। वहीं विपक्ष का कहना है कि यह दिमाग कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं का है। जो भी हो विपक्ष इस पर भी निशाना साधने लगा है। लोग सवाल कर रहे है यदि योजनाएं जनप्रतिनिधियों के घर से शुरू होने लगे तो फिर शासकीय कार्यालय का क्या मतलब। वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने कहा कि कांग्रेस के राज में गलत परंपरा की शुरूआत हो रही है जो नहीं होना चाहिए संबंधित विभाग से इस वाहन का शुभारंभ होना था ना कि घर से।

बासी खाना सुबह पोहा में मिला कर दे रहे

■ **मामला सेमरिया क्वारंटाइन सेंटर का**

जांजगीर/बम्हनीडीह। सेमरिया क्वारंटाइन सेंटर में रह रहे मजदूरों ने रात का बचा हुआ खाना को सुबह पोहा में मिलाकर देने का आरोप लगाया है। साथ ही सेंटर में रह रहे मजदूरों को बिजली पानी की समस्या से भी जुझना पड़ रहा है। क्वारंटाइन सेंटर में मजदूरों को किसी तरह कि परेशानी ना हो, इसके लिए शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। लेकिन व्यवस्था सुधारने के तरफ उनके द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

दूसरे प्रदेशों से वापस आने वाले मजदूरों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाए रखने के लिए 14 दिनों के लिए क्वारंटीन सेंटर में रखा जा रहा है, ताकि कोई भी मजदूर कोरोना वायरस के संक्रमण का शिकार ना हो।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया का हैं जहां शास.प्रा पूर्व मा शाला को क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया है। क्वारंटाइन सेंटर में रहने वाले मजदूरों ने बताया कि कल शाम से ही पानी कि किल्लत है। सेंटर में पानी की किल्लत है, पीने के लिए भी दूषित पानी दिया जा रहा है। मजदूरों को कहना है कि अभी तक उनमें कोरोना के लक्षण नहीं है लेकिन ऐसे पानी को पीकर वे जरुर बीमार पड़ जायेगें। मजदूरों ने दूषित पानी देने, साफ-सफाई नहीं होने कि बात सरपंच पति से कही तो वे भड़क उठे साथ ही मजदूरों को धमकाने लगे। रात में बचा हुआ खाना को सुबह पोहा में देने का आरोप मजदूरों ने लगाया है। एक महिला मजदूर का कहना है कि रात का बचा हुआ भोजन को उन्हें सुबह पोहा में मिलाकर दिया गया है, जो खाने लायक नहीं था। मजदूरों का आरोप है कि सरपंच पति द्वारा उनके जान से खिलवाड़ किया जा रहा है, उन्हें कुछ भी पूछने पर जेल भेजने कि धमकी दी जाती है।

अव्यवस्था की शिकायत मिली है : सीईओ

सेमरिया क्वारंटाइन सेंटर में अव्यवस्था की शिकायत मिली हैं। इस संबंध में और जानकारी लेकर कार्रवाई की जायेगी।

कुबेर सिंह कुरैत
सीईओ, जनपद पंचायत बम्हनीडीह